RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 68
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सुंदर की जगह जयंत को मिला मौका
स्पोर्ट्स-12

# चरम नहीं, अभी महामारी का उभार, सतर्कता बरतें

- दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद मुम्बई, लखनऊ, बेंगलुरू जैसे शहरों में कोरोना संक्रमण में तेज उछाल
- देश में आए 1,94,720 नए केस, 300 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर 5 प्रतिशत से अधिक
- केंद्र सरकार की चेतावनी सामान्य सर्दी-जुकाम नहीं है ओमीक्रोन वैरिएंट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जो लोग** अब तक ये कह रहे थे कि कोरोना की तीसरी लहर इन मेट्रो शहरों में चरम पर पहुंच चुकी है,वे गलत साबित हुए हैं। कुछ दिन कोरोना मामले कम आने के बाद बुधवार को फिर दिल्ली, मुम्बई, लखनऊ, बेंगलुरू जैसे शहरों में संक्रमण में तेज उछाल आया है। दिल्ली के अलावा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में स्थिति नाजुक होती जा रही है। देश में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,94,720 नए मामले सामने आए हैं। इनमें 4,868 मामले ओमीक्रोन स्वरूप के हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 27,561 केस आए हैं और एक दिन में यह 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यहां संक्रमण दर बढ़कर 26 प्रतिशत से अधिक हो गई है। इससे पहले बीते साल अप्रैल में इतने केस आए थे। खास यह कि दिल्ली में कोविड से जान गंवाने वालों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है।

बुधवार को यहां 40 लोगों की मौत हुई। इसी तरह मुम्बई का हाल भी बहुत बुरा है जहां बुधवार को कोरोना वायरस के 16,420 नए मरीजों की पुष्टि हुई जो एक दिन पहले आए मामलों से करीब 41 प्रतिशत ज्यादा हैं। वहीं सात और संक्रमितों की मौत हो गई। महानगर में मंगलवार की तुलना में बुधवार को 4773 अधिक मामले आए हैं। यहां संक्रमण दर बढ़कर 24.38 प्रतिशत हो गई है जो मंगलवार को 18.75 प्रतिशत थी। पूरे महाराष्ट्र में बीते 24 घंटों में 46,000 केस आए हैं। एक दिन पहले से 12 हजार केस अधिक हैं। कर्नाटक में बुधवार को तेजी से बढ़ते हुए 21,390 केस दर्ज किए गए। यहां अभी संक्रमण दर 10.96 प्रतिशत है। अकेले बेंगलुरू में 15,617 मामले आए हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 संक्रमित तीन और लोगों की मौत हो गई तथा 13,681 नए मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रदेश में पिछले एक हफ्ते के दौरान नए मामलों की संख्या तकरीबन सात गुना बढ़ गई है। राजधानी लखनऊ में सबसे ज्यादा 2,181 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा गौतम बुद्ध नगर में 1,992, गाजियाबाद में 1,526 और मेरठ में 1,250 नए मरीजों में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस बीच, केंद्र सरकार ने कहा कि भारत में करीब 300 ( शेष पेज 9 )

## उत्पत्ति के 20 मिनट में 90 फीसदी कम संक्रामक हो जाता है कोरोना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस उत्पत्ति के पहले पांच मिनट के बाद संक्रमित करने की अधिकांश क्षमता खो देता है, जबकि यह हवा में उड़ने के 20 मिनट के भीतर 90 फीसदी कम संक्रामक हो जाता है, यह दावा एक नए अध्ययन में किया गया है। इस नए अध्ययन में संचरण को रोकने में मास्क और सामाजिक दूरी के महत्व को रेखांकित किया गया है। गार्जियन अखबार के अनुसार, ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के इस अध्ययन में कोरोनो वायरस कैसे यात्रा करता है और आगे यह कैसे संचारित होता है, इसके बारे में बताया गया है, इससे पहले इस तरह का कोई अध्ययन नहीं हुआ था। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के एरोसोल रिसर्च सेंटर के निदेशक और अध्ययन ( शेष पेज 9 )

## सामान्य टीके के बूस्टर डोज में उपयोग पर उठ रहे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार की कोरोना बूस्टर (प्रिकॉशन) डोज पर सवालिया निशान लग गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों की एक टीम ने चेताया है कि कोरोना के बदलते वैरिएंट के चलते बूस्टर डोज प्रभावी रणनीति नहीं है। उन्होंने इस बात पर बल दिया है कि मूल कोरोना टीके पर फिर से काम करने की जरूरत है ताकि संक्रमण से बेहतर ढंग से लड़ा जा सके। एजेंसी ने साक्ष्यों के रूप में बताया कि ओमीक्रोन पिछले वैरिएंट के मुकाबले अधिक संक्रामक है और कोविड-19 टीके की प्रतिरक्षा को भी चकमा दे रहा है। तकनीकी सलाहकार ग्रुप के अनुसार कोविड -19 वैक्सीन की जो मूल संरचना है उसमें लोगों को बार-बार बूस्टर खुराक न ( शेष पेज 9 )

# यूपी में दल-बदल का दौर जारी

- कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने दिया इस्तीफा सपा में जाने के संकेत
- सपा व कांग्रेस के विधायकों ने थामा भाजपा का दामन
- मुजफ्फरनगर के मीरपुर से भाजपा विधायक रालोद में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में सियासी घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है। कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफा देने के 24 घंटे के अंदर ही योगी सरकार के एक और मंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अखिलेश यादव से मुलाकात की। उनका सपा में जाना तय माना जा रहा है। दारा सिंह चौहान योगी सरकार में वन, पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में पिछड़ों, वंचितों, दलितों, किसानों और बेरोजगार नौजवानों के साथ के प्रति उपेक्षात्मक रवैया अपनाया गया है। उन्होंने योगी सरकार पर दलितों व पिछड़ों के आरक्षण से खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अपना इस्तीफा राजभवन भेज दिया है। दारा सिंह चौहान ने अखिलेश यादव से मुलाकात की। जिसकी जानकारी अखिलेश यादव ने ट्वीट कर दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के संघर्ष के अनवरत सेनानी दारा सिंह चौहान का सपा में ससम्मान हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।

सपा व उसके सहयोगी दल एकजुट होकर समता-समानता के आंदोलन को चरम पर ले जाएंगे, भेदभाव मिटाएंगे! ये हमारा समेकित संकल्प है! उन्होंने कहा कि सबको सम्मान सबको स्थान। इसके पहले मंगलवार को स्वामी प्रसाद के साथ भाजपा के तीन और विधायकों ने इस्तीफा दिया था। जिनमें से तिंदवारी से विधायक बृजेश प्रजापति, बिल्हौर से विधायक भगवती सागर, तिलहर से रोशन लाल वर्मा हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य की तरह दारा सिंह चौहान भी बीजेपी में आने से पहले बसपा के नेता था। 2015 में वह बसपा का साथ छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए थे। तीन के बार के सांसद को तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने बीजेपी की सदस्यता ( शेष पेज 9 )

## अयोध्या से चुनाव लड़ सकते हैं योगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के आसन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या सीट से मैदान में उतारने पर विचार कर रही है। उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए भाजपा में बैठकों का दौर आरंभ हो चुका है। मंगलवार को इस सिलसिले में राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में एक बैठक हुई थी, जिसमें अन्य शीर्ष नेताओं के साथ स्वयं योगी भी मौजूद थे। उत्तर प्रदेश में इस बार सात चरणों में चुनाव होगा और इसकी शुरुआत 10 फरवरी को राज्य के पश्चिमी हिस्से के 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान के साथ होगी। आदित्यनाथ वर्तमान में विधानपरिषद के सदस्य हैं। उन्होंने हाल में कहा था कि वह विधानसभा चुनाव लड़ने को इच्छुक हैं लेकिन इसके बारे में कोई भी अंतिम फैसला पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। सूत्रों ने बताया कि पार्टी के भीतर योगी आदित्यनाथ को अयोध्या सीट से चुनाव लड़ाने को लेकर चर्चा हुई है लेकिन इसके बारे में अंतिम ( शेष पेज 9 )

# जांच की निगरानी करेंगी सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज इंदु मल्होत्रा

- अदालत ने गठित की पांच सदस्यीय समिति, कहा- सवालों को एकतरफा जांच पर नहीं छोड़ा जा सकता
- समिति इन बिंदुओं की जांच करेगी कि सुरक्षा उल्लंघन के लिए कौन-कौन जिम्मेदार

पीएम की सुरक्षा में सेंध



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक की जांच के लिए बुधवार को शीर्ष अदालत की पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि सवालों को एकतरफा जांच पर नहीं छोड़ा जा सकता और न्यायिक क्षेत्र के व्यक्ति द्वारा जांच की निगरानी करने की आवश्यकता है।

पीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिरीक्षक, चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और पंजाब के अतिरिक्त डीजीपी (सुरक्षा) को समिति का सदस्य नियुक्त किया। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि वह पंजाब सरकार द्वारा प्रधानमंत्री के पांच जनवरी के दौरे के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी जब्त दस्तावेज समिति प्रमुख को तुरंत उपलब्ध कराएं। पीठ ने कहा कि यह समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट दाखिल करेगी। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त समिति इन बिंदुओं की जांच करेगी कि सुरक्षा उल्लंघन के लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं और किस हद तक, उपचारात्मक उपाय आवश्यक हैं।

भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो, समिति यह सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक पदाधिकारियों की सुरक्षा पर सुझाव देगी। फिरोजपुर में पांच जनवरी को प्रदर्शनकारियों द्वारा मार्ग अवरुद्ध करने के कारण प्रधानमंत्री का काफिला फ्लाईओवर पर फंस ( शेष पेज 9 )

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूकः दिल्ली के वकील को धमकी भरा फोन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक वकील की शिकायत के आधार पर एक मामला दर्ज किया है, जिन्होंने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में सुनवाई को लेकर उन्हें धमकी भरी कॉल आई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय में मामले की हो रही सुनवाई की पृष्ठभूमि में यह घटनाक्रम हुआ है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारतीय दंड संहिता और गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता विष्णु शंकर जैन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि गत सप्ताह कई वकीलों को धमकी भरी कॉल आई। उन्होंने कहा, खालिस्तान समर्थक संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने मुझे कॉल किया और कहा कि वे सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि मैं न्यायाधीशों से यह कह दूँ कि वे मामले की सुनवाई न करें।

# नफरती भाषणों के आरोपियों पर क्या कार्रवाई हुईः सुप्रीम कोर्ट

- अदालत ने केंद्र दिल्ली पुलिस और उत्तराखंड पुलिस को जारी किया नोटिस, 10 दिन बाद होगी सुनवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हरिद्वार** और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हाल ही में आयोजित हुए कार्यक्रमों में कथित रूप से नफरत फैलाने वाले भाषण देने वाले लोगों के खिलाफ अब तक हुई कार्रवाई का ब्योरा तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इस संबंध में केंद्र, दिल्ली पुलिस और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

इस मामले में प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ सुनवाई करने के लिए राजी हो गई है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को भविष्य में धर्म संसद के आयोजन के खिलाफ स्थानीय प्राधिकरण को अभिवेदन देने की अनुमति दी। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई को 10 दिन बाद के लिए सूचीबद्ध किया। शीर्ष अदालत ने पत्रकार कुर्बान अली और पटना उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश की याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। याचिका में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ घृणा फैलाने वाले भाषण देने की घटनाओं की एसआईटी (विशेष जांच दल) से स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने जब कहा कि वह याचिका पर नोटिस जारी कर रही है और उसने 10 दिन बाद सुनवाई के लिए इसे सूचीबद्ध किया है, तो याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि एकमात्र समस्या यह है कि इस बीच 23 जनवरी को अलीगढ़ में एक धर्म संसद का आयोजन होने वाला है और वे नहीं चाहते कि इसका आयोजन किया जाए।

सिब्बल ने पीठ से इस मामले को 17 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि हम आपको संबंधित प्राधिकारियों को अभिवेदन देने की अनुमति देते हैं। उन्हें इस पर कार्रवाई करने दीजिए। शीर्ष अदालत ने उन्हें स्थानीय प्राधिकारियों के संज्ञान में इस प्रकार के आयोजन की बात लाने की अनुमति दी, जो याचिकाकर्ताओं के अनुसार दंड विधान के ( शेष पेज 9 )

## पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के मंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद बुधवार को सुलतानपुर की एक अदालत ने देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी के एक मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अनिल तिवारी ने बताया कि देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में मौर्य के खिलाफ 18 दिसंबर 2014 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, लेकिन इस मामले में मौर्य ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था। उन्होंने बताया कि छह माह की अवधि पूरी हो जाने पर अदालत में आज 12 जनवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य को हाजिर होने था, मगर उनके उपस्थित नहीं होने पर अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। मामले में अगली सुनवाई अब 24 जनवरी को होगी।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,150 | ↑ 533 | |
| निफ्टी | 18,212 | ↑ 156 | |
| सोना | 46,812 | ↑ 228 | /10g |
| चांदी | 59,932 | ↑ 271 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चन्नी को गिरफ्तार किया जाएः सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को आरोप लगाया कि पांच जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा में चूक के जरिए कांग्रेस आलाकमान और राज्य के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रची थी। सरमा ने मांग की है कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को इस कथित साजिश में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। गुवाहाटी में प्रेसवार्ता के दौरान सरमा ने आरोप लगाया, सभी साक्ष्य ए स्पष्ट करते है कि कांग्रेस आलाकमान और पंजाब के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रची। असम के मुख्यमंत्री पंजाब में एक टीवी चैनल के कथित स्टिंग का हवाला दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया कि वहां पुलिस के पास दो जनवरी को ही प्रधानमंत्री की हत्या के प्रयास के बारे में खुफिया रिपोर्ट थी।

2014 में हुई हिंसा का मामला

## मंत्री, भाजपा विधायक समेत 74 अन्य बरी



**भाषा।** मुरादाबाद

**उत्तर** प्रदेश में मुरादाबाद की एक विशेष अदालत ने 2014 में एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों पर हमला करने के आरोप से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी और एक स्थानीय विधायक समेत सभी 74 आरोपियों को बरी कर दिया है। कंठ थाना क्षेत्र के एक दलित मंदिर से लाउडस्पीकर उतारने पर मुरादाबाद प्रशासन के खिलाफ तत्कालीन विपक्षी दल भाजपा ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

यहां एमएलए-एमपी अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गुप्ता ने सबूतों के अभाव में जमानत पर चल रहे सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील (एडीजीसी) मनीष भटनागर ने कहा कि अदालत के आदेश का अध्ययन करने के बाद अगर जरूरी हुआ तो अभियोजन पक्ष ऊपरी अदालत का रुख करेगा। जून 2014 में पुलिस ने कंठ इलाके के मुस्लिम बहुल अकबरपुर गांव से दलित मंदिर से लाउडस्पीकर उतार दिया था। इसके खिलाफ चार जुलाई 2014 को भाजपा ने महापंचायत बुलाई थी। हालांकि राज्य सरकार ने इसपर रोक लगा दी थी।

इसी दौरान यह घटना हुई थी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और हवा में गोलियां चलाई जिसके बाद झड़पें शुरू हुईं। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से किए गए पथराव में तत्कालीन जिलाधिकारी के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। हालांकि पुलिस भीड़ को रेल की पटरियों से खदेड़ने में सफल रही ( शेष पेज 9 )

# विवाद सुलझने तक एलएसी से नहीं हटेगी सेना

- चीन सीमा पर विवाद को वार्ता से हल करने के पक्षधर पर किसी भी स्थिति से निपटने को तैयारः नरवणे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** लद्दाख में चीन सीमा (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर तैनात अपने सैनिकों की संख्या को तब तक कम नहीं करेगा जब तक गतिरोध वाले बिंदुओं पर दोनों देशों के बीच मसला सुलझ नहीं जाता। अपनी सेना को पीछे हटाने के लिए चीन खुद उत्तरदायी है। यह बात सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने बुधवार को उस समय कही, जब पूर्वी लद्दाख के चुशूल में भारत-चीन के बीच गतिरोध सुलझाने के लिए 14वें दौर की वार्ता चल रही है।

जनरल नरवणे ने वार्ता के जरिए मुद्दे को हल करने का पक्ष लेते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ता का परिणाम सकारात्मक नहीं होता। वार्ता से दोनों पक्षों को अपने विवाद को समझने का मौका देती है और इसी तरह द्विपक्षीय समझौते पर पहुंचा जाता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सीमा पर स्थिति स्थिर और नियंत्रण में है। जनरल नरवणे ने कहा कि चीन की ओर से सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती दो साल से चले आ रहे विवाद का मुख्य कारण है। लेह बेस पर 14वीं कोर के प्रमुख लेफ्टिनेंट अनिंदिया सेनगुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल चीन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर रहा है। 13वें दौर की वार्ता पिछले साल 10 अक्टूबर को हुई थी। उस दौरान दोनों ही देशों ने तनाव के लिए एक-दूसरे पर दोष मंढा था। नरवणे ने कहा कि भारत को पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 पर मुद्दे के सुलझने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के साथ दृढ़ता एवं मजबूत तरीके से निपटेगी। भारतीय सेना की एलएसी पर सर्वोच्च स्तर की ऑपरेशनल तैयारियां हैं।

जनरल नरवणे ने कहा कि क्षेत्र में भले ही सैनिक आंशिक तौर पर हैं, लेकिन खतरा किसी भी तरह से कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने सर्वोच्च स्तर की अभियान संबंधी तैयारियों को कायम रखा है, वहीं हम संवाद के जरिए भी चीन की पीएलए के साथ काम कर रहे हैं। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि चीन के नए भूमि सीमा कानून के किसी भी सैन्य प्रभाव से निपटने के लिए भारतीय सेना मजबूती से तैयार है। जनरल नरवणे ने कहा कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए जरूरी सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। उन्होंने उत्तरी सीमाओं के पास अवसंरचना के उन्नयन एवं विकास का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम समग्र और व्यापक तरीके से किया जा रहा है। जनरल नरवणे ने कहा कि यह देखने के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं कि सभी दोहरे उपयोग वाले बुनियादी ढांचे कौन-कौन से हैं और उनका क्या उपयोग किया जा सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 जनवरी 2022



# ऑनलाइन परामर्श को आईएमए ने दी 12 चिकित्सकों की सूची

## शासन स्तर से पहले ही 10 चिकित्सक दे रहे टेलीमेडिसिन सेवा

● निजी चिकित्सालयों को भी टेलीमेडिसिन से जोड़ने का होगा प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



फाइल फोटो

कोरोना के मामले बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने ऑनलाइन परामर्श (कंसलटेशन) पर जोर देना शुरू कर दिया है, ताकि कम से कम लोगों को अस्पताल जाना पड़े और घर बैठे टेलीमेडिसिन सेवा का लाभ उन्हें मिलता रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया- शासन स्तर से पहले ही जिले के 10 सरकारी चिकित्सक टेली मेडिसिन सेवा दे रहे हैं। हमारे अनुरोध पर आईएमए गाजियाबाद की ओर से भी 12 चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराई गई है, जो निशुल्क टेली मेडिसिन सेवा देंगे। उन्होंने आम जन से अनुरोध किया है कि छोटी-मोटी परेशानी के लिए अस्पताल जाने से बचें और घर बैठे टेली मेडिसिन सेवा का लाभ उठाएं।

सीएमओ ने कहा है - आईएमए के चिकित्सकों की ओर से दिए गए समय के मुताबिक ही उन्हें कॉल करें। सरकारी चिकित्सकों को रात दस बजे तक कॉल कर सकते हैं, हालांकि आपातकाल में उन्हें 24 घंटे कभी भी कॉल की जा सकती है। बेहतर खानपान और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कोरोना संक्रमण से अपना बचाव करें। अच्छे खानपान से प्रतिरोधक क्षमता बेहतर रहती है। जरूरी काम होने पर ही घर से निकलें और अच्छी तरह से मॉस्क लगाकर निकलें। भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें। यदि किसी ने कोविडरोधी टीका नहीं लगवाया है तो टीका अवश्य लगवा लें, टीका लगने से कोरोना संक्रमण के गंभीर होने का खतरा न के बराबर रहता है।

### सेवा के लिए उपलब्ध आईएमए के चिकित्सक

●**डॉ वाणी पुरी ( प्रसूति रोग )**, बुधवार से शुक्रवार दोपहर 1 से 2 बजे तक, मोबाइल - 9250526752। ●**डॉ सुमित कंसल, ( जनरल सर्जन )** सोमवार से शनिवार 1 से 3 बजे तक, मोबाइल- 8791162967। ● **डॉ आर के गर्ग ( पल्मोनोलॉजिस्ट )** सोमवार से रविवार दोपहर 2 से 3 बजे तक, मोबाइल- 9891515215। ●**डॉ नीलू खनेजा ( प्रसूति रोग )** मंगलवार से गुरूवार, शाम 4 से 5 बजे तक, मोबाइल- 9810115153। ●**डॉ राशि अग्रवाल ( ऑन्कोलॉजिस्ट )** बुधवार से शुक्रवार, 1 से 2 बजे तक, मोबाइल - 9891483550। ● **डॉ अल्पना कंसल ( प्रसूति रोग )** सोमवार से गुरुवार दोपहर 1 से 2 बजे तक, मोबाइल - 9711978905। ● **डॉ पारुल अग्रवाल ( मधुमेह विशेषज्ञ )** सोमवार से शुक्रवार 1 से 2 बजे तक, मोबाइल - 9873358338। ● **डॉ पंकज गुप्ता ( फिजीशियन )** सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार 1 से 2 बजे तक, मोबाइल - 9810963102। ● **डॉ अर्पित वार्ष्णेय, ( फिजीशियन )** सोमवार से शनिवार 3 बजे से, मोबाइल - 7838238654। ● **डॉ नवनीत कुमार ( ईएनटी )** मंगलवार दोपहर 2 से 3 बजे तक, मोबाइल - 8506009101। ●**डॉ चरण सिंह ( फिजीशियन )** मंगलवार से शुक्रवार, 3 से 4 बजे तक, मोबाइल - 9871183213। ● **डॉ संजीव जैन ( ईएनटी )** गुरुवार शाम 4 से 5 बजे तक, मोबाइल - 9811006993

# 15 से 18 आयुवर्ग के किशोरों का 40 फीसदी हुआ टीकाकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● 15 जनवरी तक वैक्सीनेशन पूरा करने का लक्ष्य : सीएमओ

15 से 18 आयुवर्ग के किशोरों का टीकाकरण जोरों पर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने बताया जनपद में लक्षित आयुवर्ग के किशोरों का कोविडरोधी टीकाकरण 40 फीसदी पूरा हो चुका है। 15 जनवरी तक टीकाकरण पूरा करने का लक्ष्य है। फिर भी यदि लक्षित वर्ग के कुछ किशोर टीकाकरण से रह जाते हैं तो अगले तीन दिन में उन्हें टीका लगाया जाएगा। उन्होंने जनपद वासियों का आह्वान किया है कि वह अपने 15 से 18 वर्ष के किशोरों को टीका अवश्य लगवाएं। कोविडरोधी टीका लगने से कोरोना संक्रमण की गंभीरता का खतरा न के बराबर रह जाता है।

सीएमओ ने बताया स्कूलों से संपर्क कर स्कूलों में टीकाकरण शिविर लगवाए जा रहे हैं। यदि कोई स्कूल इससे वंचित रह गया है तो प्रबंधन सीएमओ कार्यालय में संपर्क करके अपने परिसर में टीकाकरण शिविर आयोजित करा सकता है। लक्षित आयुवर्ग के सभी किशोरों को कोविडरोधी टीका लगाया जाना बहुत आवश्यक है। इसमें अभिभावक कतई कोताही न करें। शासन की गाइडलाइन के मुताबिक सभी किशोरों को केवल कोवक्सीन का ही टीका लगाया जा रहा है।

सीएमओ ने बताया शासन ने जनपद में 18 वर्ष से अधिक आयु वालों को कोविडरोधी टीके की पहली डोज लगाने का लक्ष्य बढाकर 28.44 लाख कर दिया है। पहले यह लक्ष्य 27.02 लाख था। जनपद में यह लक्ष्य सौ फीसदी पूरा कर लिया गया। अब नए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## अलाव जलाकर हाथ ताप रहा युवक झुलसा, हालत नाजुक

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-16 स्थित जेजे कॉलोनी में रहने वाला एक युवक अपने घर के बाहर अलाव जलाकर आग ताप रहा था, इसी बीच उसके कपड़ों में अलाव से आग लग गई। गंभीर हालत में उसे नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शाबीर नामक युवक मंगलवार सुबह अपने घर के बाहर अलाव जलाकर आग ताप रहा था। इसी बीच आग ने उसके कपड़े को पकड़ लिया और वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया वहां से उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

# बीस तक सभी व्यस्कों को लगे पहली डोज : भूषण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● कोविड वैक्सीनेशन के लिए नोडल अधिकारी ने की बैठक

उत्तर प्रदेश शासन ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण को गौतमबुद्धनगर का कोविड-19 का नोडल अफसर बनाया है। बुधवार को नोडल अफसर ने डीएम, एडीएम, सीडीओ और स्वास्थ्य महकमे के सभी अधिकारियों से ऑनलाइन बैठक की और जिले के हालात पर चर्चा की। उन्होंने जनपद में 15 से 18 साल के किशोरों, 60 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और फ्रंटलाइन वर्करों को बूस्टर डोज लगाने के निर्देश दिए।

नरेंद्र भूषण ने 20 जनवरी तक 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को टीके की प्रथम डोज लगाने के निर्देश दिए। साथ ही जिनको पहली डोज लग चुकी है उनको इसी अवधि में दूसरी डोज लगा दिए जाएं। जिले में 15 से 18 वर्ष तक के किशोरों को अतिशीघ्र दूसरी डोज लगा दी जाए। जिलाधिकारी और सीडीओ की मौजूदगी में हुई वर्चुअल मीटिंग में नोडल अफसर ने कहा कि सेक्टर और देहात की सभी निगरानी समितियों को फिर से एक्टिव कर दिया जाए। निगरानी समितियों से टीकाकरण पर भी रिपोर्ट लेकर उस पर अमल करें। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को 24 घंटे सक्रिय रखें। किसी भी मरीज को होम आइसोलेशन से अस्पताल में शिफ्ट करने में देरी न करें।

नरेंद्र भूषण ने कोविड के इलाज में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, कोविड संक्रमित मरीजों को मेडिसिन किट ऑक्सीजन प्लांट को क्रियाशील करने आईसीयू बेड और एंबुलेंस की उपलब्धता की भी समीक्षा की।




सपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते जिलाध्यक्ष राशिद मलिक।

# कांग्रेस के दो व भाजपा के एक पार्षद ने थामा सपा का दामन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

समाजवादी पार्टी ने बुधवार को कॉंग्रेस व भाजपा को एक साथ झटका दिया। कांग्रेस के दो पार्षद व भाजपा के एक पार्षद समेत कई दर्जन नेताओं ने सपा में शामिल होने की घोषणा की।

पार्टी कार्यालय पर इन सभी ने सपा जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी के समक्ष पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इनमें वार्ड 66 के कांग्रेसी पार्षद तस्मीन चौधरी तथा वार्ड 63 की पार्षद शहरोज परवीन तथा वार्ड 45 कड़कड़ मॉडल के भाजपा पार्षद जयवीर ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा भाजपा संजय नगर मंडल की पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुष्का सिंह अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गईं। राशिद मालिक व राहुल चौधरी समेत सपा के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने इन सभी का माला डालकर स्वागत किया।

इनमें गरिमा गार्डन के पूर्व पार्षद प्रत्याशी इस्तेखार चौधरी, बसपा से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुके विपिन यादव, नेकपुर गांव के पूर्व प्रधान मौसम अली के अलावा संजय रावत, विकास गुप्ता, अतुल राणा आदि ने सपा की सदस्यता ली।

## अवतार सिंह भड़ाना रालोद में हुए शामिल

**नोएडा।** पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में शामिल हो गए। रालोद से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फरीदाबाद से चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके भड़ाना को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले की जेवर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया जाएगा। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने ट्वीट करके 64 वर्षीय भड़ाना के पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

उन्होंने भड़ाना के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की। सूत्रों का कहना है कि चौधरी और भड़ाना की मुलाकात दिल्ली में हुई। भड़ाना ने जयंत चौधरी के इस ट्वीट को रिट्वीट किया।



बीएसएफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकालते पुलिस के अधिकारी।

# विस चुनाव की तैयारी : पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विधानसभा चुनाव आते ही गौतमबुद्धनगर पुलिस अलर्ट हो गई है। जनपद में रोजाना अलग-अलग स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं। फ्लैग मार्च का नेतृत्व जिले के पुलिस अधिकारी कर रहे हैं। बीएसएफ के जवान नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फ्लैग मार्च निकाल रहे हैं। जिले में आगामी 10 फरवरी को विधानसभा चुनाव है।

बुधवार को आगामी विस चुनाव को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना प्रभारी ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 अल्फा फर्स्ट मार्केट जगत फॉर्म मार्केट परी चौक और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर फ्लैग मार्च निकाला। इसी तरीके से नोएडा के काफी इलाकों में एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और निर्वाचन आयोग के आदेशों का पालन करने की अपील की। जिले की तीनों विधानसभा सीट नोएडा, दादरी और जेवर में आगामी 10 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव होंगे। अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और जिले के हर व्यक्ति पर पुलिस की पैनी नजर है।

गौतमबुद्धनगर पुलिस लोगों पर सोशल मीडिया के माध्यम से भी नजर रख रही है। पुलिस की अपील है कि जिले में लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। इसके अलावा जो भी व्यक्ति शांति व्यवस्था का उल्लंघन करेगा या फिर निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा महानगर कांग्रेस कार्यालय में प्रियंका वाड्रा का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया प्रियंका का जन्मदिन

**नोएडा।** नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में सेक्टर 58 बिशनपुरा स्थित नोएडा महानगर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका वाड्रा का जन्मदिन केक काटकर व लड्डू खिलाकर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि हम सब भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारी नेता प्रियंका को भगवान लंबी आयु प्रदान करे, वो हमेशा स्वस्थ और खुश रहें। इस अवसर पर नोएडा महानगर महासचिव रूबी चौहान ने कहा की प्रियंका वाड्रा के राजनीति में आने से महिलाओं को बहुत लाभ मिला है।



जयंती समारोह में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया।

### स्वामी विवेकानंद एवं गुरु गोविन्द सिंह की जयंती मनाई

**गाजियाबाद।** विद्यार्थी महापुरुषों की जयंतियों को पढ़ने की आदत डालें। उन्हें पढ़ने के बाद पता चलेगा कि कैसे महापुरुषों ने अपने व्यक्तित्व को पूर्ण बनाया। पूर्ण व्यक्तित्व ही जीवन को पूर्णता की ओर ले जाता है। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने विवेकानंद सभागार में कोरानाकाल में पूरी एहतियात के साथ आयोजित गुरु गोविन्द सिंह एवं स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में ये विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के मद्रास में 'मेरी क्रांतिकारी योजना' विषय पर दिये गये भाषण को एक बार जरूर पढ़ें। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा व ज्ञान की कमी का ही परिणाम है कि भारत के युवा फिल्मी सितारों को अपना आदर्श बनाये बैठे हैं। जबकि महापुरुषों के चरित्र को अपनाकर ही भारत में विकास की संभावनाओं को जन्म दिया जा सकता है।

### गौर सिटी मॉल में लगी आग, लोगों में मची खलबली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल में आग लगने की घटना सामने आई है। आग लगने के बाद लोगों में खलबली मच गई। घटना के बारे में बिसरख थाना पुलिस को कोई जानकारी ही नहीं थी। पुलिस से जब इस मामले में बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि गौर सिटी मॉल में आग लगने की बात उनके संज्ञान में नहीं है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि मॉल के तीसरे फ्लोर पर बाटा शूज का शोरूम है जहां आग लगी। दमकल विभाग की 3-4 गाड़ियां सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई।


## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रंजीत कुमार/ ऋचा (27300000398 & QZDWA00005021221) | डब्ल्यूजेड-203, पहली मंजिल (सामने की ओर) खसरा नं. 65/1/2 और 2/1, गली नं.-3 साध नगर, ग्राम पालम, दिल्ली-110045/ 07 जनवरी, 2022 | सितंबर 07, 2019 ₹. 15,58,528/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 13, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स सॉफ्टविल इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड/ तरुण वशिष्ठ/ रोहिन भाटिया ऋण खाता संख्या: 083005001256 | संपत्ति के छत के अधिकार के बिना संपूर्ण भूतल नंबर 109, ब्लॉक- डी, कॉलोनी में स्थित एलआईसी कॉलोनी जीवन निकेतन पश्चिम विहार, दिल्ली, 110087/ 07-जनवरी-2022 | 29-सितंबर-2021 ₹.80,49,671/- | दिल्ली |
| 2. | मेसर्स सुनील कुमार त्रिपाठी/ रमा एस त्रिपाठी ऋण खाता संख्या: 244805000856 | एस-4 द्वितीय तल, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016/ 07-जनवरी-2022 | 05-अक्टूबर-2021 ₹.1,94,08,212/- | दिल्ली |
| 3. | मेसर्स गोयल ट्रेडिंग कंपनी/ दीपक गोयल/सीमा गोयल ऋण खाता संख्या:- 113805000571/ 113855000030 | 70, प्रथम तल, गडोदिया मार्केट, खारी बावली, दिल्ली-110006/ 07-जनवरी-2022 | 13-सितंबर-2021 ₹.61,61,096.98/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 13, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



Office Of Executive Engineer, Maintenance Division
**Uttarakhand Jal Sansthan**
Lane No-1, Tarun Vihar, Mothrowala Road, Dehradun-248001
Phone No/Fax. 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

Letter No. 4066/E-Tender Notice/2021-22 Date: 10.01.2022

**NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**
**CORRIGENDUM**

इस कार्यालय पत्रांक सं. 3996/E-Tender Notice/2021-22 Date 06.01.2022, एवं 4013/E-Tender Notice/2021-22 Date 07.01.2022 से जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

**The tender time schedule (Key Dates) is as follows:-**

| S. No. | Description | Time Schedule (Key Dates) |
|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 14.03.2022 at 11:00 Hrs |
| 2 | Document download : Start Date | 15.03.2022 at 11:00 Hrs |
| 3 | Pre-Bid Meeting : Date | 19.03.2022 at 11:00 Hrs |
| 4 | Bid Submission : Start date | 22.03.2022 at 11:00 Hrs |
| 5 | Bid Submission : End date | 28.03.2022 upto 17:00 Hrs |
| 6 | Offline Submission of Documents (Cost of bidding Document, Bid Security, Original affidavits and all supporting Document in support of qualification). | 28.03.2022 upto17:00 Hrs |
| 7 | Date of Bid Opening | 29.03.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | Date of Financial Bid Opening | To be intimated later |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेंगे।

''जल संचय-जीवन संचय''

**Executive Engineer**



कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट
सैक्टर-19 नोएडा गौतमबुद्ध नगर।

पत्र संख्या 3257/एस0टी0-सी0एम0/2022
दिनांक 10 जनवरी, 2022





**सार्वजनिक सूचना**

श्री ध्रुव अरोडा पुत्र श्री मुकेश अरोड़ा निवासी सी-2618 सुशान्त लोक, फेज-1, सेक्टर-43, गुरूग्राम-122001 हरियाणा एवं सुश्री मेधावी अरोड़ा पुत्री श्री राकेश अरोड़ा निवासी ए-730, सेक्टर-19, नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0) ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया है।

इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 05.02.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

हं./-
प्र0 नगर मजिस्ट्रेट विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।


## रसोई की जाली तोड़कर घर से लाखों ले गए चोर

**नोएडा।** एक व्यापारी के घर सोमवार को दिनदहाड़े चोरों ने लाखों की चोरी कर ली। व्यापारी थाना रबपुरा क्षेत्र के कस्बा रबूपुरा में अपने परिवार के साथ रहता है। चोरों ने लाखों रुपए की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सुशील जायसवाल मोटर स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। सोमवार सुबह वह दुकान पर चले गए थे। दोपहर को उनकी पत्नी और बच्चे दूसरे मकान में चले गए। इसी दौरान चोरों ने रसोई की जाली तोड़कर घर में प्रवेश किया तथा आलमारी का ताला तोड़कर चोर उसमें रखी 60 हजार की नगदी और करीब 4 लाख के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिया।

## मंगेतर पर बलात्कार और ठगी का दर्ज कराया केस

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-39 थाना क्षेत्र निवासी लड़की ने अपनी तहरीर में कहा है कि 2020 में उसकी सगाई दिल्ली में रहने वाले फरहान खान के साथ हुई। युवती ने आरोप लगाया है कि सगाई के बाद खान ने उसे नोएडा सेक्टर-71 के एक होटल में मिलने बुलाया और उसके पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ बलात्कार किया। युवती ने तहरीर में आरोप लगाया है कि खान ने अपने भाई की पढ़ाई के नाम पर उससे एक लाख भी लिए हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# तीन दिन स्थिरता के बाद फिर कोरोना विस्फोट

## एक दिन में आए 27 हजार से अधिक केस, संक्रमण दर 26 प्रतिशत पहुंची





शहनाई हॉल में बने अस्थायी कोविड सेंटर में इलाज करते मरीज। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में तीन दिन की स्थिरता के बाद एक बार फिर कोरोना विस्फोट हुए है। पिछले चौबीस घंटों में 27,561 नए कोरोना मामले सामने आए हैं। साथ ही एक दिन में 40 मरीजों की मौतों की भी हुई है। यानी जनवरी के शुरुआती 12 दिन में कोरोना से 133 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। इसके साथ संक्रमण दर 26.22 फीसदी पहुंची गई है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के बुधवार के आंकड़ों के अनुसार चौबीस घंटे में 1,05,102 सैंपल की जांच में 26.22 फीसदी सैंपल कोरोना संक्रमित मिले हैं। कोरोना के नए मामलों की संख्या 27561 दर्ज की गई है। इसी तरह पिछले एक दिन में 14,957 मरीजों को छुट्टी दी गई है। इसी के साथ कुल संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 16,17,716 हुई है जिनमें 15,05,031 मरीज ठीक हुए हैं लेकिन 25,240 मरीजों की मौत हुई है। दिल्ली में अब कोरोना के सक्रिय मामले 87,445 हुई हैं। जबकि 20878 इलाके कंटेनमेंट जोन में तब्दील किए जा चुके हैं।

इस बीच स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कोविड-19 की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अस्पतालों में कुल 85 फीसदी बेड अभी भी उपलब्ध हैं और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में दिल्ली सरकार ने एक आदेश जारी कर सभी निजी संस्थाओं को वर्क फ्रॉम होम करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ सभी खाने-पीने के रेस्टोरेंट को बंद किया गया है और सिर्फ होम डेलीवेरी चालू है।

जैन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से 20 हजार के करीब मामले रोजाना आ रहे हैं और संक्रमण दर लगातार 25 फीसदी के आस-पास बनी हुई है। इसके अलावा अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों कि संख्या दर भी अभी बढ़ती हुई नजर नहीं आ रही है, जो की एक अच्छा संकेत है।

कोरोना के लिए मौजूदा कुल 14621 रिजर्व बेड में से अभी केवल 2209 बेड पर ही मरीज हैं और 12412 बेड अभी भी खाली हैं।

यानि 85 फीसदी बेड अभी भी उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर सरकार इन्हें बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।अस्पतालों में आईसीयू बेड पर भर्ती मरीजों में बहुत कम ऐसे मरीज हैं जो सिर्फ कोरोना के कारण आईसीयू में भर्ती हुए हों।

एलएनजेपी अस्पताल के कोविड-आईसीयू वार्ड में 36 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से केवल 6 कोरोना के कारण भर्ती हैं। बाकी 30 मरीज ऐसे हैं जो कैंसर या लिवर- किडनी से संबन्धित अन्य किसी बीमारी से पीड़ित हैं। जांच कराने पर वो कोरोना पॉजिटिव पाये गए हैं।

## दूसरी बीमारी न हो तो जांच की आवश्यकता नहीं : जैन

*कोरोना की जांच से संबन्धित सवालों के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन कहा कि आईसीएमआर की नई गाइडलाइन के अनुसार यदि व्यक्ति को कोरोना के एक भी लक्षण नहीं हैं। मरीज की उम्र 60 साल से कम है और दूसरी कोई बीमारी नहीं है तो उसको टेस्ट करवाने की आवश्यकता नहीं है।*





बूस्टर डोज लगवाते दिल्ली पुलिस के स्पेशल आयुक्त दीपेंद्र पाठक।

# पिछले बारह दिन में 1700 पुलिस कर्मी हुए संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के 1700 से अधिक कर्मी एक जनवरी के बाद से कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को बूस्टर खुराक देने के लिए पुलिस मुख्यालय में विशेष शिविर लगाई गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक जनवरी से 12 जनवरी के बीच 1700 से अधिक पुलिसकर्मी संक्रमित पाए गए हैं। सभी की हालत ठीक है और वे पृथक-वास में हैं। ठीक होने के बाद वे ड्यूटी पर आएंगे। दिल्ली पुलिस में 80 हजार से अधिक कर्मी हैं। उन्होंने बताया कि जय सिंह मार्ग पर स्थित पुलिस मुख्यालय में काम करने वाले कर्मियों के लिए एहतियात के तौर पर एक विशेष शिविर लगाया गया है जहां पात्र कर्मियों को बूस्टर खुराक दिए जाएंगे।

विशेष पुलिस आयुक्त (कल्याण) शालिनी सिंह ने कहा कि पीएचक्यू के भूतल पर ऑफिसर्स लाउंज में साढ़े 11 बजे से कोविड टीका के एहतियाती खुराक देने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। यह पहल इसलिए की गई है ताकि हमारे मुख्यालय में तैनात सुरक्षाकर्मियों को कार्य अवधि के दौरान बूस्टर खुराक लेने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। केवल उन्हीं पात्र पुलिसकर्मियों को बूस्टर खुराक दी जाएगी।

# ई-पास सप्ताहांत व रात्रि कर्फ्यू की पूरी अवधि के लिए मान्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने बुधवार को स्पष्ट किया कि आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं या छूट प्राप्त श्रेणी से जुड़े लोगों की आवाजाही के लिए जारी किए गए ई-पास सप्ताहांत और रात्रि कर्फ्यू की पूरी अवधि के दौरान मान्य रहेंगे। डीडीएमए ने आदेश जारी कर कहा कि पहले के आदेशों के तहत आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं या छूट प्राप्त श्रेणी से जड़े लोगों को रात्रि कर्फ्यू और सप्ताहांत कर्फ्यू के दौरान ई-पास दिखाने पर आवाजाही की अनुमति है। इस संदर्भ में स्पष्ट किया जाता है कि आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं या छूट प्राप्त श्रेणी से जुड़े लोगों ने अवाजाही के लिए चार जनवरी या उसके बाद (डीडीएमए आदेश जारी करने की तारीख से) ई-पास लिया है तो वह रात्रि कर्फ्यू और सप्ताहांत कर्फ्यू के लागू रहने की पूरी अवधि के दौरान मान्य रहेगा।

## स्कूली बच्चों को टीका लगाने पर जोर

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को अधिकारियों को 15 से 17 आयुवर्ग के किशोरों के कोविड-19 रोधी टीकाकरण में तेजी लाने के लिए विभिन्न कदम उठाने का निर्देश दिया।

निदेशालय ने कहा, सभी डीडीई (जिले) और डीडीई (जोन) अपने अधिकार क्षेत्र के तहत टीकाकरण केंद्रों का दौरा करेंगे और दैनिक आधार पर टीकाकरण प्रक्रियाओं की जांच करेंगे। इसके अलावा, वे स्कूलों का दौरा करेंगे और प्राचार्यों के द्वारा रखे जा रहे उस रिकॉर्ड की जांच करेंगे, जिसके तहत छात्रों को टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में सूचित किया जाता है।

शिक्षा निदेशालय के मुताबिक अधिकारी छात्रों और अभिभावकों को यह पता लगाने के लिए बुलाएंगे कि क्या उन्हें टीकाकरण के बारे में सूचित किया गया था और उन्हें टीका लगाया गया है या नहीं।

## फर्जी ऋण गिरोह पकड़ा, 25 महिलाओं समेत 28 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत फर्जी ऋण योजना के जरिए कथित रूप से धोखाधड़ी करने के लिए 25 महिलाओं समेत 28 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरोह का पर्दाफाश तब हुआ जब रोहिणी सेक्टर पांच की निवासी एक महिला ने पुलिस को धन की धोखाधड़ी के बारे में शिकायत दी। पुलिस ने कहा कि महिला की शिकायत के अनुसार उसके पास सतीश नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को एक बैंक कर्मचारी बताया और प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत छह लाख रुपए के ऋण की पेशकश की। योजना के अनुसार, महिला को केवल 5 लाख रुपए का कर्ज चुकाने के लिए कहा गया, और। लाख रुपए सब्सिडी के रूप में माफ किए जाने की बात कही गई।

# स्कूलों में कमजोर बच्चों के लिए बनेंगे 'रिसोर्स केंद्र'

- भीमनगरी, महावीर एनक्लेव, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी एवं प्रताप नगर में पहले स्थापित होंगे केंद्र : सूर्यान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए अपने विद्यालयों में 'रिसोर्स केंद्र' स्थापित करने की योजना बना रहा है।

महापौर मुकेश सुर्यान ने इस 'रिसोर्स केंद्र' कार्यक्रम के बारे में बताया कि रिसोर्स केंद्र कक्षा का वह एक कक्ष होता है जहां पर कमजोर बच्चों की आवश्यकता के आधार पर शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। यह कार्यक्रम उन बच्चों के लिए चलाया जाएगा जो नियमित कक्षा में पढ़ रहे हैं किन्तु उन्हें अपनी विशेष आवश्यकता के अनुसार प्रतिदिन सीमित समय के लिए छोटे समूहों में विशेष दिशा निर्देशों की आवश्यकता पड़ती है।

सुर्यान ने कहा कि रिसोर्स केंद्र की स्थापना विद्यालय के परिसर में ही एक बड़े कमरे में की जाएगी जहां पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की अधिगम सामग्री उपलब्ध होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सप्ताह में 2-3 घंटे छोटे समूहों में नैदानिक, कंपोजिटरी एवं विकास संबंधी निर्देश निष्पादित किए जा सकेंगे।

महापौर सुर्यान ने कहा कि इन रिसोर्स केंद्र में विशेष अध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी एवं विद्यालय प्रशासन, परामर्शदाता, मनोचिकित्सक एवं बच्चों के अभिभावकों की भी सहायता ली जाएगी।

दिल्ली दक्षिणी नगर निगम रिसोर्स केंद्र के संचालन के लिए एनजीओ की भी सहायता लेगा।

### निगम उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रतिबद्धः मेयर

सुर्यान ने कहा कि फिलहाल दक्षिणी निगम की योजना दक्षिणी क्षेत्र के भीमनगरी, नजफगढ़ क्षेत्र के महावीर एनक्लेव, मध्य क्षेत्र के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी एवं पश्चिमी क्षेत्र के प्रताप नगर में रिसोर्स केंद्र स्थापित करने की है। सुर्यान ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



# मंत्री की नसीहत...9 बजे तक सीट पर मिलें अधिकारी और कर्मचारी

## नगर निगम गुरुग्राम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री कमल गुप्ता ने कहा

## रास्ते में लेट होते हैं तो घर से पहले चलें

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम नगर निगम में बुधवार को कर्मचारियों से बात करते अर्बन लोकल बॉडी मंत्री डा. कमल गुप्ता।

**स्थानीय** निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने बुधवार को सेक्टर-34 स्थित नगर निगम कार्यालय में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लेट-लतीफ अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्यशैली में सुधार लाने के आदेश दिए। साथ ही कहा कि अगर रास्ते में लेट होते हैं तो घर से पहले चलें। उनके साथ विधायक सुधीर सिंगला व मेयर मधु आजाद भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कार्यालय में 9 बजे से पहले हाजिरी लगाकर 9 बजे सीट पर बैठे मिलें।

मंत्री कमल गुप्ता प्रदेश भर में दौरे पर हैं और वे रोजाना अलग-अलग जिलों में पहुंचकर कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए, जो देरी से कार्यालय आए, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अर्बन लोकल बॉडी को दुरुस्त करने के लिए वे पंचकूला भी गए और आज गुरुग्राम में भी पहुंचे हैं। उन्होंने अधिकारियों से साफ लहजे में कहा कि गलत काम किसी का करना नहीं है और ठीक किसी का रोकना नहीं है। डा. गुप्ता ने नगर निगम गुरुग्राम की लेखा शाखा, तकनीकी शाखा, ऑडिट शाखा, योजना शाखा तथा संयुक्त आयुक्त एवं निगमायुक्त कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की।

### घोटालों के सवालों पर मंत्री ने कही जांच की बात

**मीडिया** से बातचीत में अर्बन लोकल बॉडी मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि कार्यालयों में सीनियर, जूनियर के बीच एक परिवार के सदस्य की तरह तालमेल रहना चाहिए। व्यक्तिगत परेशानियों में भी सहयोग होना चाहिए। हम सबको अच्छी सोसायटी, संस्कृति का निर्माण करना है। इस दौरान मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का वे कुछ खास जवाब नहीं दे पाए। उनसे पूछा गया कि गुरुग्राम नगर निगम में सीएंडडी वेस्ट और विज्ञापन घोटाला हुआ है। उस पर क्या हो रहा है। मानेसर नगर निगम को लेकर विवाद जारी है। इस तरह से कई सवाल उनसे किए गए। किसी का भी सटीक जवाब देने की बजाय उन्होंने कहा कि वे अभी मंत्री बने हैं। अभी कार्यभार संभाल 12-13 दिन हुए हैं। जो भी मुद्दे हैं, इन सबकी निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। इस मौके पर निकाय मंत्री के साथ गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, मेयर मधु आजाद, बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, भाजपा नेता अनिल यादव, मनीष गाड़ौली, एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई, संयुक्त आयुक्त सतीश यादव, संजीव सिंगला एवं हरीओम अत्री उपस्थित थे।

# एस्मा की भी परवाह नहीं, सरकारी डॉक्टर हर हाल में करेंगे हड़ताल!

## स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन देकर भी डॉक्टर्स की मांगों को नहीं माना

**गुरुग्राम।** अपनी प्रस्तावित हड़ताल के चलते मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल के बाद अब डॉक्टर्स द्वारा गुरुवार व शुक्रवार को भी हड़ताल की जाएगी। भले ही सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों पर एस्मा लगाने की बात कही हो, लेकिन डॉक्टर्स हर हाल में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करने के निर्णय पर अडिग हैं।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि एसोसिएशन अपने निर्णय पर कायम है। एसोसिएशन के महासचिव डा. एमपी सिंह ने कहा कि हरियाणा में डॉक्टर्स की भारी कमी है। डॉक्टर्स पर पूरा वर्कलोड रहता है। हरियाणा में सरकारी क्षेत्र में डॉक्टरों की भारी कमी है।

डा. एमपी सिंह ने कहा है कि प्रधान मंत्री द्वारा भी डॉक्टर्स को कोरोना योद्धाओं के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। काम की सराहना की है। इसके विपरीत हरियाणा के सरकारी डॉक्टर सरकार के असंवेदनशील रवैये के कारण हड़ताल पर जाने को मजबूर हो रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

### गुरुवार को ओपीडी, शुक्रवार को सभी सेवाएं बंद

**डा. एमपी** सिंह के मुताबिक 13 जनवरी गुरुवार को जहां ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी, वहीं 14 जनवरी को इमरजेंसी सेवाओं, पोस्टमार्टम समेत अन्य सेवाओं को पूर्णतया बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में किसी भी डॉक्टर पर सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई करने की कोशिश की गई तो सभी योद्धा जय शुरू करेंगे।

### प्रदेश में दस हजार चिकित्सक के मानक के विपरीत मात्र ढाई हजार तैनात

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के मानदंडों के अनुसार सरकारी क्षेत्र में जनसंख्या के अनुसार कम से कम 10,000 डॉक्टर काम करने चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से लगभग 2500 डॉक्टर वास्तव में काम कर रहे हैं। ये डॉक्टर जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं। यह डॉक्टरों और जनता के साथ भी अन्याय है।

# कार्यक्षमता बढ़ाने को समय के पाबंद बनें अधिकारी: डा. कमल गुप्ता



गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी हॉल में अधिकारियों की बैठक लेते स्वशासन स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता।

## नवनियुक्त स्वः शासन स्थानीय निकाय मंत्री पदभार संभालने उपरांत पहली बार पहुंचे गुरुग्राम

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** के नवनियुक्त स्थानीय स्व:शासन निकाय तथा हाउसिंग फॉर ऑल विभागों के कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता ने मंत्रीपद संभालने उपरांत पहली बार बुधवार को गुरुग्राम का दौरा कर जिला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्षमता बढाने के लिए समय का पाबंद होने, ईमानदारी से काम करने, समर्पण भाव, स्वीकार्यता तथा प्रवासिक स्वभाव अपनाने की नसीहत दी।

डा. कमल गुप्ता निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार ठीक प्रात:11.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी हॉल में जिला अधिकारियों की बैठक लेने पहुंच गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे इस बैठक में एक परिवार के सदस्य की तरह आए हैं और हम सभी एक परिवार हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव सांझा करते हुए अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यालय को परिवार की तरह चलायें। उन्होंने कहा कि कार्यालय का मुखिया होने के नाते कार्यालय कार्यों के अलावा अपने स्टाफ सदस्यों से उनके घरेलू दुख-सुख के बारे में भी पूछें। ऐसा करने से वह व्यक्ति अच्छा महसूस करेगा और उसकी कार्यक्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारियों को समय का पाबंद होने की नसीहत दी और कहा कि क्या हम आज यह संकल्प ले सकते है कि हम पंक्चुअल रहेंगे। यानी समय पर कार्यालय आयेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि वर्तमान सरकार की पिछली पारी में उन्होंने जिला कष्ट निवारण समिति की 33 बैठक ली। सभी बैठकें सही प्रात: 11 बजे शुरू की, एक मिनट भी लेट नहीं हुए। डॉक्टर कमल गुप्ता ने सभी अधिकारियों को अपना काम ईमानदारी से करने की भी सलाह दी और कहा कि यदि हम खुद ईमानदार बनेंगे तो निश्चित तौर पर हमारा स्टाफ भी ईमानदार बनेगा। जो जिम्मेदारी हमें मिली है, उसे हमें ईमानदारी से निभाते हुए स्वीकार करना चाहिए और समर्पण की भावना से काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि हम अपने जीवन में इन पांच सूत्रीय मूलमंत्र- समय का पाबंद, ईमानदारी से काम, समर्पण, स्वीकार्यता तथा प्रवासिक स्वभाव को अपनाएंगे तो हमारी कार्यक्षमता बढ़ेगी और कार्यकुशलता बेहत्तर होगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति हमारे पास किसी काम से आया है और वह काम हो सकता है तो जरूर करें। यदि ऐसा काम है जो नहीं हो सकता तो उसे बैठाकर आराम से समझाएं।

# गुरुग्राम में भी सीएमओ व पीएमओ देखें मरीज...

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## डॉक्टर्स एसोसिएशन ने सभी स्पेशियलिस्ट डॉक्टर्स से ओपीडी सेवा लेने की मांग रखी

**नागरिक** अस्पताल सेक्टर-10 के एक कमरे में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव मौजूद थे। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन (एचसीएमए) के बैनर तले डॉक्टर्स एकत्रित होकर उनके कमरे में पहुंचे और अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करने लगे।

उन्होंने सिविल सर्जन के कमरे में ही कहा कि हरियाणा में 60 ऐसे डॉक्टर हैं, जो स्पेशियलिस्ट हैं। वे कभी मरीज नहीं देखते। इनमें सीएमओ, पीएमओ, निदेशक आदि शामिल हैं। सरकार को चाहिए कि इन सभी को ओपीडी व अन्य सेवाएं देने के आदेश दें। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भी इन पदों पर बैठे डॉक्टर ओपीडी सेवाएं देते हैं। कुछ देर बार जब सीएमओ कमरे से बाहर निकलकर जाने लगे तो हड़ताली डॉक्टर्स ने उनसे बातचीत शुरू की।

**सेवानिवृति के बाद एक्सटेंशन पर हैं डा. नरूला :** मरीजों का उपचार ना करके वरिष्ठ अधिकारियों के आशीर्वाद से आराम की नौकरी करने के आरोपों से घिरे नागरिक अस्पताल से सेवानिवृति के बाद एक्सटेंशन पर लगाए गए डा. नरूला के खिलाफ आखिरकार डॉक्टर्स का गुस्सा फूट ही गया। अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन के समक्ष डॉक्टर्स ने खुलकर अपनी बात रखी। साथ ही मांग कर डाली कि सभी डॉक्टर्स की डेपुटेशन कैंसिल करके उन्हें अपनी जगह पर भेजा जाए। डॉक्टर्स ने एक स्वर में कहा सिविल सर्जन से कहा कि डा. नरूला को किस हिसाब से अप्वायंट किया गया है। उनका केवल मरीज देखने का काम था। सीएमओ ने जवाब दिया कि कोविड के लिए। गुस्साए डॉक्टर्स ने कहा कि वैसे डा. नरूला ने जिंदगी में कभी मरीज नहीं देखे। आपने जबदरस्ती उन्हें अप्वायंट किया है। इसी बीच सीएमओ ने कहा कि सभी को काम के लिए नियुक्त किया गया है। आपने माहौल खराब करना है तो अलग बात है।



सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन से बात करते डॉक्टर।

वहां मौजूद डॉक्टर्स के तेवर चढ़ गए। उप-सिविल सर्जन डा. एमपी सिंह ने कहा कि उनकी अभी डेपुटेशन कैंसिल कर दो। जो बढ़िया लगता है उसे बुला लो सर। उन्हें लगता था आप डॉक्टर्स के साथ खड़े हो पर आप भी नहीं खड़े सर। साथ ही बाकी डॉक्टर्स ने कहा कि जो रिटायरमेंट के बाद लगाए गए हैं, वो ओपीडी में मरीज देखेंगे।

## लोहड़ी को लेकर बच्चों में दिखा विशेष उत्साह

**सोहना।** लोहड़ी का त्योहार आते ही बच्चों में लोहड़ी आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। देखने में आ रहा है कि बच्चों पर आधारित टोलियां 'सुंदरी-मुंदरी वाला होय-तेरा क्या बिचारा होय' को तेज आवाज में गाते हुए घरों और दुकानों से लोहड़ी के लिए सामान व पैसा आदि एकत्रित कर रहे हैं।

युवाओं ने लोहड़ी धूमधाम से मनाने के लिए अलाव जलाते हेतु ईंधन इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। लायंस क्लब से जुड़े लायन नरेश खुराना, नगरपार्षद नगेश मुखी, शिवकुमार मोंगिया, उमेश जुनेजा कोकी, समाजसेवी नरेन्द्र पाहूजा, पंजाबी समाज के युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, मोहित खटटर, श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा प्रमुख रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस: कोरोना संक्रमण बचाव को हुई जागरुकता रैली

## कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया

**कैलाश मंगला। होडल**

**भारत** स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल द्वारा विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के जिला संरक्षक चरण सिंह तेवतिया जिला अध्यक्ष बीजेपी पलवल रहे तथा अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने की। संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त हरीश चंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।



कोरोना संक्रमण बचाव जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया।

देश-प्रदेश में बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा आयोजित कोरोना संक्रमण बचाव जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए चरण सिंह तेवतिया ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी 15 से 18 वर्ष के युवाओं को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने तथा समाज को कोरोना संक्रमण बचाव का संदेश देने का प्रण लेना चाहिए। राष्ट्र को सबल बनाने में देश के युवाओं का अहम योगदान है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला स्तरीय योग स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



गुरुग्राम में जिला स्तरीय योग स्पर्धा में पहुंचे अतिथि।

**गुरुग्राम।** जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से हरियाणा योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में श्रीमति बिशन देवी अग्रवाल धर्मशाला में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्रो के उच्चारण के साथ प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया गया। अतिथि के रूप में अनिल जैन, पार्षद शीतल बागड़ी, पार्षद योगेंद्र सारवान, पूर्व पार्षद प्रेम सिंह, मानव रचना मंच की उपाध्यक्ष पूनम वत्स, युवा संगठन से जिला उपाध्यक्ष टिंकू, जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू, डा. पुष्पा यादव आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने योगासना को खेल के रूप में शामिल कराने पर योग गुरू स्वामी रामदेव एवं हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य के प्रयासों की सराहना की। प्रतियोगिता की शुरुआत में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू ने योग और आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

## फार्म हाउस मालिक समेत हेलीकॉप्टर पायलट पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में बने फार्म मालिक व पायलट के खिलाफ बिना अनुमति हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से पार्क करने का मामला दर्ज किया है। फार्म हाउस मालिक की सहमति से हेलीकॉप्टर 12 दिन तक पार्क करके रखा। भोंडसी थाना पुलिस को उच्चाधिकारियों के आदेश पर रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में बना फार्म हाउस जी-5-बी में बिना प्रशासनिक आदेश के हेलीकॉप्टर खड़ा किया गया था। हेलीकॉप्टर को पार्क करके फार्म हाउस मालिक कर्नल रामपाल व मोडएयर एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पायलट ने सरकारी नियमों की अवहेलना की। मामले की जांच कर रहे अहमद अजीम ने बताया कि फार्म हाउस मालिक के खिलाफ जिला उपयुक्त कार्यालय में दी गई शिकायत के आधार पर जांच की गई। जांच के दौरान फार्म हाउस मालिक कर्नल रामपाल ने हेलीकॉप्टर पार्किंग करने के लिए किसी प्रकार की मंजूरी प्रशासन से न लेने की जरूरत बताया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुमार ने बताया कि फार्म हाउस मालिक व पायलट के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उच्चाधिकारियों से मिलने वाले आदेश पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## मकर संक्रांति पर गोशाला में कल होगा हवन: मुकेश गर्ग

**सोहना।** गांव आटा स्थित श्रीगोवर्धन गोशाला प्रांगण में मकरसंक्रांति के उपलक्ष में 14 जनवरी को प्रात: समय विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन होगा। तत्पश्चात गोशाला में पल रही गायों को फूलमालाएं पहनाकर श्रृंगार व गोपूजन किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए मुकेश गर्ग ने यहां पर बताया कि मकरसंक्रांति का यह पर्व गो पूजा विशेष महत्व रखता है। गोसंवर्धन द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को अंधाधुंध रसायनिक खाद, मशीनीकरण और वायुमंडल में व्याप्त विष को दूर करने में अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गोवंश का प्रत्येक उत्पाद हमारे सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक महत्ता लिए हुए है।

## सीआरपीएफ से रिटायर अधिकारी का 95 साल की उम्र में निधन

**गुरुग्राम।** सीआरपीएफके सेवानिवृत्त अधिकारी सोबरन सिंह का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गांव भोंडसी में उनका सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। श्री सोबरन सिंह ने सीआरपीएफमें भर्ती होकर देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बाद में वे डीएसपी के पद से रिटायर हुए। उनकी अंत्येष्टि में कमांडेंट रजनीश अहलावत ने सीआरपीएफ के डीजीपी व डिप्टी कमांडेंट विनेश त्यागी ने सीआरपीएफ कादरपुर के डीआईजी की तरफसे पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त जिला सैनिक बोर्ड गुरुग्राम की तरफ से भूतपूर्व सूबेदार बिजेंद्र सिंह ठाकरान व स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की तरफसे समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत्येष्टि में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव ग्राम भोंडसी, एक्स सरपंच संजय राघव, जतन वीर सिंह राघव, सूबेदार ओंकार सिंह राघव, राजन सिंह राघव, मेंबर व अन्य गणमान्य मौजूद लोग थे।

## नाबालिग बहनों से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार नहीं


**सोहना।** पुलिस नाबालिग दो बहनों के साथ दुष्कर्म की नीयत से छेड़छाड़ करने के आरोपी को छह दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़िता नाबालिग किशोरियों के अभिभावक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधिकारियों के यहां पर चक्कर लगा रहे हैं। पीड़िता किशोरियों के अभिभावकों पर आरोपी गुट के लोग मामले को रफादफा करने के लिए दवाब बना रहे है। करीब छह दिन पहले नगर परिषद के वार्ड-3 के गांव लोहटकी में 22 वर्षीय युवक ने घर से शौच करने के लिए खेत में जा रही दो बहनों के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ की थी। दोनों नाबालिग बहनों की उम्र 10 व 11 वर्ष बताई जा रही है। गांव लोहटकी निवासी टिंकल 10 वर्षीय किशोरी को दुष्कर्म की नीयत से सरसों के खेत में लेकर गया था। दूसरी किशोरी के चिल्लाने पर अभिभावक आवाजें सुनकर मौके पर आ गए थे। जिन्हे देख आरोपी टिंकल मौके से फरार हो गया था।

# स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लें युवा, देशहित में लगाए ऊर्जा: नवीन गोयल

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**





स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देते नवीन गोयल व अन्य लोग। जयंती पर ऑनलाइन वक्तव्य देते गुरुग्राम विवि के कुलपति।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरण स्रोत बताया। साथ ही कहा कि युवा उनसे प्रेरणा लें।

इस अवसर पर कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, समाजसेवी दीपक कटारिया, ललित क्रांतिकारी, विजयपाल यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। नवीन गोयल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेकर हर युवा देश हित में अपनी ऊर्जा लगाएं। हमारा भारत देश युवाओं का देश है। भारत ने दुनिया को इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक व अन्य उच्च पदों के अधिकारी दिए हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अपने देश में शिक्षा लेकर देश के विकास में खुद का समय लगाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर क्षेत्र के युवा को अच्छा मार्गदर्शन देते हैं। युवाओं से मुलाकात करते हैं। उनकी कार्यक्षमता, कार्यकुशलता को प्रधानमंत्री ने सदैव सराहा है। हम सबकी स्वामी विवेकानंद जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगा कि हम अपने काम को पूरी निष्पक्षता, ईमानदारी से करें। स्वामी विवेकानंद जी ने जो संदेश दिया, उस संदेश के मार्ग पर चलते रहें। स्वामी विवेकानंद जी हर तरह की आजादी के पक्षधर थे। इसलिए वे देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के भी प्रेरणा स्रोत बनें। उन्होंने देश के हर व्यक्ति को जागृत करने पर जोर दिया। स्वामीजी ने राष्ट्रनिर्माण के लिए लोगों को तैयार करने का काम किया। भारत के युगपुरुषों में गिने जाने वाले स्वामी विवेकानंद युवा पीढ़ी के लिए आदर्श माने जाते हैं। हर विषय पर उन्हें गूढ़ ज्ञान था।

### स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लें युवा: प्रो. दिनेश अग्रवाल

## गुरुग्राम विवि के छात्र कल्याण विभाग में हुई कई प्रतियोगिताएं

**गुरुग्राम।** महान आध्यात्मिक विचारक, संन्यासी, और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरुग्राम विश्व विद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणादायी विचारों पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में करीब 40 छात्रों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा देते हैं। आज देश को स्वामी विवेकानंद जैसे युवाओं की जरूरत है। युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने की जरूरत है। वह अपनी प्रतिभा पहचान लें तो उन्हें लक्ष्य तक पहुंचने से कोई बाधा नहीं रोक सकती। मनुष्य की सोच ही उसके चरित्र का निर्माण करती है।

मुख्य वक्ता के रूप में डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट जीजेयू एसएंडटी हिसार प्रताप मलिक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को देश का सबसे महान विचारक माना जाता है। उनका असली नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था, लेकिन सन्यासी जीवन में आने के बाद उनका नाम स्वामी विवेकानंद हो गया।

निकोला टेस्ला, लाल बहादुर शास्त्री, जमशेद जी टाटा, सिस्टर निवेदिता, पैट्रिक गेडेस, एमा कल्वे, जॉन डी रॉकफेलर समेत कई ऐसे बड़े लीजेंड्स है, जिनकी इंस्प्रेशन स्वामी विवेकानंद है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति को देश-विदेश में फैलाने का काम किया। उनका जीवन देश प्रेम की भावना को जागृत करता है। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. अन्नपूर्णा और जनार्दन शर्मा शामिल रहे। भाषण प्रतियोगिता पहला स्थान सुरुचि जायसवाल, दूसरा स्थान प्रीति यादव, तीसरा स्थान कुलदीप वर्मा ने प्राप्त किया।

# कामेडियन संदीप शर्मा टाइम्स नाऊ नवभारत के नए शो 'भैया जी सुपरहिट' को करेंगे होस्ट

**पायनियर समाचार सेवा। मुंबई**

## 'भैया जी सुपरहिट' हर शनिवार को प्रसारित होगा

### 8 जनवरी से रात 10 बजे, टाइम्स नाऊ नवभारत के एसडी और एचडी चौनल पर

**टाइम्स** नाऊ नवभारत ने एसडी (स्टैंडर्ड डेफिनेशन) में अपने सफल लॉन्च और अपने इनोवेटिव कंटेंट फॉर्मेट से हिन्दी समाचारों के क्षेत्र में बड़ा प्रभाव लाने के बाद, आज अपने नये शो 'भैया जी सुपरहिट' की घोषणा की। शीर्ष समाचारों, समसामयिक मामलों और पिछले सप्ताह की राजनीतिक घटनाओं पर एक राजनीतिक व्यंग्य, 'भैया जी सुपरहिट' को भारत के पुरस्कृत स्टैंड-अप कॉमेडियन, संदीप शर्मा होस्ट करेंगे। यह शो 8 जनवरी, 2022 से रात 10 बजे हर शनिवार टाइम्स नाऊ नवभारत के एसडी और एचडी चौनल पर प्रसारित होगा।

खबरों की गंभीरता को तोड़ते हुए, 'भैयाजी सुपरहिट' एक इंटरैक्टिव इंफोटेनमेंट शो है, जो स्मार्ट व्यंग्य के साथ बुनी गई खबरों पर एक व्यंग्यात्मक पेशकश है। शो में पड़ोस के भैयाजी के उस खास अंदाज को शामिल करते हुए, संदीप शर्मा अपने देसी ब्रांड ऑफ ह्यूमर के साथ चुनाव, बॉलीवुड गॉसिप, क्रिकेट चर्चा, कोविड के समय में यात्रा, नागरिक विफलताओं आदि जैसे ट्रेंडिंग न्यूज विषयों पर एक व्यंग्यात्मक और मजाकिया दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

पैरोडी, मिमिक्री, स्किट और स्टैंड-अप कॉमेडी से भरपूर, 'भैया जी सुपरहिट' 30 मिनट का वीकेंड शो है, जिसे 3 प्रमुख हिस्सों, हफ्ता सप्ताह, नूरा कुश्ती और अच्छी बात है के माध्यम से प्रस्तुत किया जायेगा। हफ्ता सप्ताह मेजबान द्वारा प्रस्तुत एक स्टैंड-अप कॉमेडी सेगमेंट है जो दर्शकों को सप्ताह के कुछ लोकप्रिय और दिलचस्प समाचारों पर उनके ताजा और मजेदार दृष्टिकोण दिखायेगा। एक मजेदार और चुलबुला-सा सेगमेंट, नूरा कुश्ती में मिमिक्री कलाकार लोकप्रिय सेलिब्रिटी ध् राजनीतिक शख्सियतों के रूप में तैयार होंगे, जो एक स्पूफ डिस्कशन में शामिल होंगे। मजेदार कमेंट्स और पंच लाइन्स से लैस मेहमानों के बीच इस मजेदार झगड़े को संदीप शर्मा सुलझायेंगे।

नविका कुमार, ग्रुप एडिटर टाइम्स नेटवर्क एवं एडिटर-इन-चीफ टाइम्स नाऊ नवभारत ने कहा, टाइम्स नाऊ नवभारत ने बहुत कम समय में खुद को एक पसंदीदा हिन्दी न्यूज चौनल के रूप में सफलतापूर्वक स्थापित किया है। इस चौनल को देश के टॉप इंफ्लूएंसर और दर्शकों से बेहतरीन सपोर्ट मिल रहा है। हमारे अलग तरह के शोज जैसे 'न्यूज की पाठशाला', 'सवाल पब्लिक का', 'ओपिनियन इंडिया का' तुरंत ही दर्शकों के दिलों में बस गया। 'भैया जी सुपरहिट' एक नया शो है, जोकि गंभीर खबरों के हल्के-फुल्के रूप को पेश कर रहा है। हमें बहुत खुशी है कि संदीप इस शो को होस्ट करेंगे।

# पदोन्नति मिली, अब दोगुना काम करेंगे बीके के डॉक्टर

## दो चिकित्सा अधिकारी से डिप्टी सीएमओ, तो दो डॉक्टर बने एसएमओ

### अधिकारी बन बोले, पदोन्नति मिलने के बाद भी करेंगे हम काम


डॉ. अहलावत।


डॉ. रचना।


डॉ. मोहित अग्रवाल।


डॉ. शैर्मेन्द्र सिंह दहिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग में तैनात चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति की तरफ सरकार ने कई सालों बाद ध्यान दिया है। बीके सिविल अस्पताल के चार चिकित्सकों की पदोन्नति दी है। जिसमें दो चिकित्सकों को डिप्टी सिविल सर्जन और दो चिकित्सकों को एसएमओं यानी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पद पर पदोन्नत किया है।

पायनियर संवाददाता कविता से विशेष बातचीत में पदोन्नत हुए चिकित्सकों ने बताया कि वे पिछले दो साल से कोरोना काल में ड्यूटी दे रहे हैं। इसलिए वह अपने पुराने काम को तब तक संभालेंगे, जब तक उनके स्थान पर कोई दूसरा नहीं आ जाता।

**दो घंटे अल्ट्रासाउंड:** डिप्टी सीएमओ के पद पर पदोन्नत हुए डॉ. सुशील कुमार अहलावत ने बताया कि वह सिविल अस्पताल में अल्ट्रॉलोजिस्ट के पद पर तैनात हैं। यहां कोई ओर अल्ट्रॉलोजिस्ट नहीं है। जिस कारण वह सुबह नौ से 11 बजे तक अल्ट्रासाउंड केन्द्र संभालेंगे। ताकि यहां आने वाले मरीजो को परेशानी न हो। इसके बाद वह अधिकारिक कार्य करेंगे।

**दो जगह काम :** एसएमओ की पोस्ट पर पदोन्नत हुए डॉ. शैर्मेन्द्र सिंह दहिया बीके अस्पताल में एमडी माईक्रोबॉयलॉजी अब बीके के साथ पलवल में नई बन रही आरटीपीसीआर जांच लैब का पदभार भी संभाल रहे हैं। वे तीन दिन बीके में और तीन दिन पलवल में आरटीपीसीआर जांच लैब का काम संभालेंगे। उन्होंने बताया कि पलवल में फिलहाल सौ सैम्पल जांच हो रहे है। मैनपावर आ जाने से यहां काम बढ़ाया जाएगा।

**देखेंगे मरीज:** एमडी चेस्ट एंड टीवी रोग चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहित अग्रवाल ने कहा कि पदोन्नति मिली है, जिसके लिए सरकार का धन्यवाद। लेकिन बीके अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वह ओपीडी में मरीजों को सेवाएं देंगे।

**68 में से चार बीके के:** प्रदेश में 68 चिकित्सकों को पदोन्नत किया है। जिसमें चार बीके अस्पताल के चिकित्सक शामिल हैं। जिसमें एमडी माईक्रोबॉयलॉजी डॉ. शैर्मेन्द्र सिंह दहिया, डॉ. मोहित अग्रवाल, एमडी चेस्ट एंड टीवी विभाग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी से एसएमओ की पोस्ट पर पदोन्नत किया गया है। वहीं अल्ट्रालॉजिस्ट डॉ. सुशील कुमार अहलावत और ईएमओसी ट्रेंड डॉ. रचना को डिप्टी सिविल सर्जन के पद पर तैनात किया गया है।

# कोरोना विस्फोट: दो मरीजों की मौत, 1037 नए पॉजिटिव मरीज

### जिले में कोरोना संक्रमित दो मौत पर स्वास्थ्य विभाग ने साधी चुप्पी

कविता। फरीदाबाद


कोविड-19 गाइडलाईन के अनुसार मृतक का अंतिम संस्कार करती निगम की टीम

**जिले** में रोजाना एक हजार से अधिक मरीज कोविड-19 से पॉजिटिव पाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कोरोना से अब जिले में मौत भी होने लगी है। बुधवार को नगर निगम की टीमों ने दो मृतकों का अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाईन के अनुसार किया। इन दोनों ही मृतकों का अंतिम संस्कार तो कर दिया गया, लेकिन इन्हें आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया। वहीं बुधवार कोविड-19 के 1037 नए मरीज सामने आए हैं। जिसमें 45 मरीज ठीक हो गए हैं।

**दो का अंतिम संस्कार:** झाड़सेतली निवासी 59 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। बीमारी के दौरान उसकी कोविड-19 एंटीजन रेपिड जांच की गई थी। जिसमें वह पॉजिटिव पाई गई थी। मौत के बाद उनका अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार किया गया। इसी तरह से 70 वर्षीय एसी नगर निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत होने पर उसका अंतिम संस्कार नगर निगम की टीम ने अजरौंदा स्थित श्मशान घाट में किया है। दोनो ही मृतकों की रिपोर्ट पॉजिटिव बताई जा रही है।

**1037 पॉजिटिव:** जिले में 1037 नए संक्रमित पाए गए है। पिछले तीन दिनों से एक हजार से अधिक नए कोविड-19 संक्रमित मरीज आ रहे हैं। बुधवार को सामने आए संक्रमितों में आईपी कालोनी से 8, धीरज नगर से तीन, शिव दुर्गा बिहार से दो, दयालबाग से आठ, चार्मवुड विलेज और सेक्टर-70 से दो-दो मरीज हैं। सेक्टर-9 से 21, सेक्टर-22 से आठ, सेक्टर-52 से 2, सेक्टर-23 से नौ, स्प्रींग फिल्ड कालोनी से 2, जवाहर कालोनी से 5, पर्वतीया कालोनी से 3, सेक्टर-87 से 9, भारत कालोनी से 3, एसजीएम नगर से 12, सेक्टर-48 से 7, अमर नगर से 6, खेडी से 2, सैनिक कालोनी से 4, सेक्टर-16 से 46, सेक्टर-11 से 7, सेक्टर-29 से 10, सेक्टर-15 से 32, सेक्टर-88 से 29, सेक्टर-85 से 7 मरीज है। वही सेक्टर-21 से सर्वाधिक 102 मरीज सामने आए है। सेक्टर-86 से 19, सेक्टर-17 से 11, सेक्टर-89 से 9, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 28, सेक्टर-37 से 14, एनएच-दो से 3, सेक्टर-42 से 14, सेक्टर-77 से 3, सेक्टर-14 से 19, सेक्टर-19 से 20, सेक्टर-87 से 7, ग्रीन वैली से 5 मरीज है। अन्य एरियों से 535 मरीज सामने आए है।

**बीके में लगातार मरीज:** बीके अस्पताल में भी चिकित्सक, कर्मचारियों के पॉजिटिव आने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में अब तक 17 स्टाफ पॉजिटिव हो चुके हैं। वहीं बुधवार को यहां जच्चा-बच्चा वार्ड में भर्ती दो महिलाओं की रिपोर्ट भी पॉजिटिव पाई गई। वहीं यहां मौजूद कोविड-19 अस्पताल में 13 कैदी भर्ती है।

# योजना बनाकर दोस्त के घर डाली डकैती, छह गिरफ्तार

### आरोपी आदित्य दो दिन पहले ही अपने दोस्त के घर आ गया था

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


डकैती के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ क्राइम ब्राच ऊंचा गांव की पुलिस टीम।

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र निर्देश पर क्राइम ब्रांच उंचागांव इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जगमिंदर की टीम ने बडी कार्रवाई करते हुए थाना तिगांव के क्षेत्र में हुए डकैती के मामले में मुख्य आरोपी आदित्य सहित छह को अलग- अलग स्थानों से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी विकास उर्फ मट्टू, आशीष उर्फ आशु, नितिन, मोहित, आदित्य उर्फ अशोक कुमार और मोहित, उत्तर प्रदेश हाथरस के गांव अगराणा के रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया मुख्य आरोपी आदित्य अपने मित्र के घर दो दिन पहले ही आ गया था। पांच जनवरी की सुबह तीन बजे शिकायतकर्ता देव ज्योति के घर आदित्य ने अपने पांच साथियों को दरवाजा खोल कर घर में घुसा लिया था। शिकायतकर्ता को बंधक बना लिया और उसके सिर में चोट मारी। सभी आरोपियों ने मिलकर लैपटाप, मोबाईल फोन, कुछ कीमती सोना, चांदी व हीरे के जेवरात व कुछ नगदी को लूट, घटना को अंजाम दिया था। पांचों आरोपी दिल्ली से इको गाड़ी को किराए पर लेकर आए थे और फरीदाबाद में ओयो रुम लेकर इको ड्राइवर के साथ रुके थे। रात के समय इको गाड़ी और ड्राइवर को छोड़कर योजना के तहत देव ज्योति के घर चले गए थे। आरोपी ड्राइवर को झूठ बोलकर दिल्ली से फरीदाबाद लाए थे। पुलिस ने आरोपी मोहित(काला) और नितिन को सिकंदराऊ, हाथरस से 7 को गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने पर इस घटना में अन्य चार आरोपियों के शामिल होने की बात पता चली। आरोपी विकास और आशीष को टिकावली फरीदाबाद से तथा आदित्य और मोहित दुबे को कालिंदी कुंज दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

# चार शातिर झपटमार गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान द्वारा स्नैचिंग और अवैध हथियार के मामलों पर कार्रवाई के करने के दिए गए निंदेश पर क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश की टीम ने थाना मुजेसर के क्षेत्र में हो रही स्नैचिंग के मामलो में आरोपी देव कुमार को एक बाल किशोर के साथ सारन चौक से अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी देव कुमार उर्फ मलिंगा नंगला एन्क्लेव और तारीफ गांव कुरैशीपुर धौज फरीदाबाद का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी देव कुमार उर्फ मलिंगा को पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर सारन चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध हथियार के साथ स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने कि फिराक में था। आरोपी बालकिशोर के साथ मिलकर 4 स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देते था। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धाराओं में थाना सारन में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी ने थाना मुजेसर के क्षेत्र में 21 दिसम्बर को 2 तथा 6,7,8 जनवरी को लगातार स्नैचिंग की वारदातों को अजाम दिया है।

# गुडईयर ने फोर्टिज अस्पताल को भेंट किये उपकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**गुडइयर** इंडिया ने अपनी वार्षिक सीएसआर पहल के तहत फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल, फरीदाबाद के साथ साझेदारी की। इस साझेदारी का उद्देश्य बाल चिकित्सा वार्ड को बेहतर बना इसे बाल गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) बनाने के लिए अतिरिक्त उपकरणों से लैस करना है। यह पहल बच्चों के लिए बेहतर, अधिक उन्नत उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने को लेकर प्रयत्नशील है।

इस साझेदारी के तहत गुडइयर इंडिया बच्चों के इलाज के लिए महत्वपूर्ण उपकरण दान कर अस्पताल की मदद कर रही है। इनमें रोगियों के लिए बिस्तर, स्ट्रेचर हाइड्रोलिक, सिरिंज पंप, वीडियो लैरींगोस्कोप किट, वेंटिलेटर, रोगी बिस्तरों की निगरानी के लिए केंद्रीय स्टेशन (पीआईसीक्स सीएनएस 16 बिस्तर), पोर्टेबल कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड सिस्टम, ईसीजी मशीन इत्यादि शामिल हैं। गुडईयर इंडिया ने बाल इकाई के बाल रोगियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उपकरण खरीदकर प्रदान किए है।

कोविड-19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद के उपायुक्त जितेंद्र यादव ने अस्पताल परिसर में उन्नत पीआईसीयू का उद्घाटन किया। उद्घाटन अनिल विनायक, ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, फोर्टिस हेल्थकेयर, सुधीर वैजनापुरकर, मैन्युफैक्चरिंग डायरेक्टर, गुडइयर इंडिया लिमिटेड, योगेश गुप्ता, प्लांट हेड एचआर, गुडइयर इंडिया लिमिटेड और अन्य प्रमुख हितधारकों की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर गुडईयर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संदीप महाजन ने कहा, 'हमें फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल की चाइल्डकेअर इकाई को सपोर्ट कर खुशी हो रही है।

# ब्राह्मण सभा ने स्वामी विवेकानन्द को याद किया

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर श्रद्धेय स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती मनाई।

उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा स्वामी विवेकानन्द ने भारत को विश्व गुरु होने का अहसास कराया और भारत का विश्व में फहराया। उन्होंने ये दिखाया भारत स्वाभिमान से ओतप्रोत राष्ट्र है और प्रत्येक भारतीय सच्चा राष्ट्रभक्त है। इस अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, चन्द्रशेखर शर्मा कवि श्रीचंद आदि मौजूद रहे ।

# दिल्ली हाट में 36वां दस्तकारी हाट क्राफ्ट बाजार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारतीय कला,** शिल्प एवं परिधान की भव्यता का उत्सव मनाने के लिए दस्तकारी हाट समिति एक बार फिर अपने वार्षिक बहुप्रतीक्षित वार्षिक आयोजन क्राफ्ट बाजार के साथ प्रस्तुत है। आईएनए स्थित दिल्ली हाट में 15 जनवरी तक चलने वाले इस क्राफ्ट बाजार में देशभर से कलाकार और शिल्पकार अपनी कला एवं शिल्प को प्रदर्शित करेंगे।

दस्तकारी हाट समिति की प्रेसिडेंट जया जेटली ने इस बार क्राफ्ट बाजार की थीम 'कृषि और कला' निर्धारित की है। वर्तमान परिस्थितियों के चलते सरकार द्वारा निर्धारित कोविड दिशा-निर्देशों के साथ 50 फीसदी क्षमता के साथ क्राफ्ट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। दस्तकारी हाट समिति पिछले 36 वर्ष से भारतीय शिल्प की विरासत को सहेज रही है और शिल्पकारों के लिए आजीविका सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयासरत है। विगत वर्षों में इसने 150 से ज्यादा बाजार आयोजित किए हैं। दिल्ली हाट जैसी अवधारणा भी दस्तकारी हाट समिति ने दी है। दस्तकारी हाट समिति ने क्राफ्ट में कैलिग्राफी को पुनर्जीवित किया है और गूगल आर्ट्स एंड कल्चर प्लेटफॉर्म के लिए 52 क्राफ्ट का ऑनलाइन डॉक्युमेंटेशन किया है। दिल्ली हाट के वार्षिक बाजार में अन्य देशों से आए शिल्पकारों के बीच क्राफ्ट एक्सचेंज वर्कशॉप भी बहुत खास है। इस साल की थीम किसानों की आजीविका और शिल्प के बीच के संबंध को दर्शाया जाएगा।

इस आयोजन में जैव विविधता के संवर्धन एवं संरक्षण में प्रयासरत संस्था नवधान्य भी सहयोगी के तौर पर जुड़ी है। नवधान्य संस्था जया जेटली एवं वंदना शिवा के नेतृत्व में संचालित होती है।

# डॉक्टरी सलाह के लिए ई-संजीवनी ऐप का लाभ उठाएं: डीसी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपको कोई गंभीर बीमारी नहीं है व आपको अपने स्वास्थ्य से जुड़े सामान्य रोगों की जांच के लिए डॉक्टरी परामर्श लेना है तो आप घर बैठें ही ई-संजीवनी ऐप का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस ऐप से कोई भी नगारिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हुए घर बैठे गुणवत्ता पूर्ण डॉक्टरी सेवाएं निशुल्क प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जिला में कोरोना के बढ़ते संक्रमण प्रसार को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिलावासियों को कोरोना से संबंधित एडवाइजरी फॉलो करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में यदि कोई नागरिक गंभीर रोग से पीड़ित नही है व उसे अपने से जुड़े सामान्य रोग के लिए डॉक्टरी परामर्श लेना है तो वे राष्ट्रीय टेली कंसलटेशन सेवा के तहत ई-संजीवनी ओपीडी एप्लीकेशन का प्रयोग कर राज्य में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सको से किसी भी प्रकार की बीमारी के लिए इलाज व परामर्श एंव प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त कर सकते हैं।

ऐप का लाभ कैसे उठाएं स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सबसे पहले गूगल ऐप से ई-संजीवनी ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर ओटीपी के माध्यम से सत्यापित कर पंजीकरण कर सकेंगे। पंजीकरण के लिए नाम, पता, जेंडर, आयु आदि सूचनाएं ऐप में दर्ज करनी होंगी। आप चाहें तो अपनी पिछली कोई पर्ची भी अपलोड कर सकते हैं। ऐप पर दी गई जानकारी के अनुसार पेशेंट आईडी और टोकन नंबर डालकर सिस्टम में लॉग इन करें। मरीज अपनी बारी का इंतजार करें और टोकन नंबर आने पर ऑनलाइन चिकित्सक से परामर्श प्राप्त करें। परामर्श के दौरान आप संबंधित चिकित्सक को परेशानी, बीमारी, लक्षण आदि के बारे में बताएं ताकि चिकित्सक आपको दवाएं सावधानी व परहेज आदि बता सकें। टेली कंसलटेशन पूर्ण होने पर ई-प्रिस्किप्शन प्राप्त करें जिसके माध्यम से आप अपने किसी भी नजदीकी मेडिकल स्टोर से दवा प्राप्त कर सकेंगें। जरूरत होने पर आप फॉलोअप परामर्श भी ले सकते हैं।

# लापरवाह वास्तुकारों पर होगी कार्रवाई

### निगमायुक्त यशपाल यादव ने वास्तुकारों की बैठक में दिए चेतावनी भरे आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कैंप कार्यालय में आर्किटेक्टस की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यश पाल यादव।

**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने इंडियन इन्सटीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ 11 जनवरी, 2022 को कैम्प कार्यालय में बैठक की।

बैठक में निगमायुक्त द्वारा उपस्थित वास्तुकारों को अवगत कराया कि उनके द्वारा होबपास पोर्टल के माध्यम से जो स्व-प्रमाणन नीति के तहत भवन प्लान का अनुमोदन किया जा रहा है। उनमें अनेक प्रकार कि त्रुटियां पाई जा रही हैं। वास्तुकार अपने निहित स्वार्थों के चलते भवन प्लानों का अनुमोदन स्वीकृत नियमों के अनुसार नहीं कर रहे हैं तथा साथ ही उनके द्वारा देय शुल्कों का भवन प्लान के अनुमोदन के समय भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे निगम को वित्तीय हानि हो रही है। उन्होंने वास्तुकारों को चेताया कि नगर निगम सभी प्रकार के अवैध निर्माणों पर कार्यवाही करने जा रहा है तथा उसे उल्लंघनकर्त्ता वास्तुकारों के विरुद्ध भी कोई कार्यवाही करने में झिझक नही होगी। आयुक्त महोदय ने वास्तुकारों से अनुरोध किया कि भवन प्लान का अनुमोदन करते समय वह जोनिंग प्लानों के प्रावधानों का, स्थापित भवन नियमों का, स्टैण्डर्ड डिजाइन के प्रावधानों का पालन तथा देय शुल्कों का भुगतान करना सुनिश्चित करें।

वास्तुकारों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि भवन प्लान जमा करते समय क्या-2 डोक्यूमेन्ट तथा फीस सबमिट करनी हैं होबपास पोर्टल पर स्पष्ट नहीं हैं यदि नगर निगम स्टैण्डर्ड डिजाइन की प्रतिलिपियां होबपास पोर्टल पर अपलोड कर देता है तो वह भवन प्लान का अनुमोदन करते समय उनको भी संज्ञान में ले लेंगे।

# चोरी के लोडिंग ऑटो सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 ने आईएमटी बल्लभगढ़ से चोरी किए लोडिंग ऑटो को बेचने कि फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम योगेश और मुकेश बल्लभगढ़ में सेक्टर-56 का रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सेक्टर-58 थानाक्षेत्र से 8 जनवरी की रात एक लोडिंग ऑटो चोरी सेक्टर-56 के रहने वाले एक व्यक्ति के घर के सामने से रात के समय चोरी किया था। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-58 में दर्ज है। 11 जनवरी को क्राइम ब्रांच टीम को गुप्त सूत्रों से पता चला कि आईएमटी, बल्लभगढ़ में दोनों आरोपी चोरी की ऑटो बेचने के लिए वहाँ मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों आरोपियों को चोरी की ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## कोविड को लेकर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**फरीदाबाद।** जिले में कोविड के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए व कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए मंडलायुक्त संजय जून द्वारा फरीदाबाद जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि जिले के छ- उच्च अधिकारियों सहित अन्य सात अधिकारियों को कोविड-19 महामारी की लहर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुचारू चलन के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि कोरोना लैब द्वारा समय पर सही डाटा अपडेट करना, कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग के लिए पीएचसीएस को डाटा फॉरवर्ड करना, रोजाना बुलेटिन, जिले के सभी पोर्टल्स जैसे आईसीएमआर, कोविड-19, डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर सही डाटा को अपडेट करवाना, होम आइसोलेशन पर रह रहे कोविड-19 मरीजों की रोजाना जानकारी के लिए डॉ. गरिमा मित्तल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी फरीदाबाद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्य में मोनिका गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एफसीईसीएल) व डॉ. दीपक चोपड़ा, स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद से उनका सहयोग करेंगे। जितेंद्र दहिया, एडमिनिस्ट्रेटर एचएसवीपी के पर्यवेक्षण में सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में बेड व वेंटिलेटर का प्रबंध देखा जाएगा। साथ ही निजी अस्पताल में बेड प्रबंधन की ज़िम्मेदारी भी उनकी ही रहेगी। इस कार्य में अमित कुमार, एस्टेट ऑफिसर द्वारा जितेन्द्र दहिया को सहायता प्रदान की जाएगी। मंडलायुक्त संजय जून ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त यशपाल यादव व रामजीलाल, मुख्य अभियंता (नगर निगम, फरीदाबाद) द्वारा डीसीएच व डीसीसीसी का प्रबंधन व पेड आइसोलेशन फैसिलिटी की मॉनिटरिंग की जाएगी। अतिरिक्त निगमायुक्त अभिषेक मीणा सूचना, शिक्षा व संचार की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इस कार्य में जिला राजस्व अधिकारी विजेंद्र राणा व जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम उनकी सहायता करेंगे। जिले के अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान को एंबुलेंस बेड़े के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। पीएसए और ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रबंधन के लिए जिले के उपायुक्त जितेंद्र यादव की देखरेख में कार्य होगा। इस महत्वपूर्ण कार्य में राकेश दहिया, एसडीसीओ फरीदाबाद सहायक के रूप में उनके साथ जुड़े रहेंगे।

## 32 वार्डों में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाया अभियान



**फरीदाबाद।** निगमायुक्त के निर्देशानुसार बुधवार को निगम के सभी 40 वार्डों में से 32 वार्डों में एक साथ अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिन अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही की गई उन्हें पहले ही वार्ड जेई द्वारा चिन्हित किया गया था और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले की सभी औपचारिकताएं वार्ड जेई द्वारा पूरी कर ली गई थी। आज लगभग 71 अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की गई जो इस प्रकार से है वार्ड नंबर-1 में कृष्णा कालोनी में 3 अवैध निर्माणों पर, वार्ड नंबर-2 में प्लाट नंबर-57/6 इण्डस्ट्रियल एरिया व्हर्लपूल चौक, वार्ड नंबर-3 नियर यूनिक हीट ट्रीटमेन्ट फैक्ट्री गली नंबर-29 संजय कालोनी, वार्ड नंबर-4 में नियर वैष्णों देवी माता मंदिर सेक्टर-22, वार्ड नंबर-6 में तीन अवैध निर्माणों मकान नंबर-906 गली नंबर-2 चाचा चौक से सोहना रोड, नियर शिव चौक, हनुमान मार्ग अपोजिट आदर्श जनरल स्टोर, वार्ड-7 में मकान नंबर-3808 गली नंबर-8 60 फुट रोड जवाहर कालोनी, वार्ड-8 में मकान नंबर-बी-11 नियर एयरफोर्स रोड कपड़ा कालोनी, वार्ड नंबर-9 में राम सिंह रोड बाजरी इंडस्ट्रियल एरिया डबुआ पाली रोड, वार्ड-10 में दो अवैध निर्माण नियर एफसीआई गोदाम वेस्टर्न इंडस्ट्रियल एरिया, वार्ड-11 में दो अवैध निर्माण 3 डी/168 और 2 जे-84, वार्ड-12 में 1ए/252, वार्ड नंबर-14 में दो अवैघ निर्माण मकान नंबर-5एच/90, 5के-26ए, वार्ड-15 में 3ए/90, वार्ड-16 में 3 अवैध निर्माणों बिलेज रिवेन्यू स्टेट ऑफ भाखरी नियर बापू आसाराम आश्रम, एक हाल और एक बाउंड्री बॉल। वार्ड-17 में गली नंबर-4 एसजीएम नगर, वार्ड-18 में विलेज बडखल एक्सटेंशन कालोनी। वार्ड-19 में दो अवैध निर्माण मकान नंबर-जी 1-292 इंन्दिरा इंक्लेव कालोनी सेक्टर-21 डी, नियर बड़खल फलाई ओवर 2 नंबर साईट। वार्ड-21 में 1 फ्लैट और 2 दुकानों दयालबाग कालोनी मकान नंबर-ए-83। वार्ड नंबर-22 में पल्ला से सेहतपुर रोड नियर पल्ला डिस्पोजल टी पाइंट, वार्ड-23 में नियर पेट्रोल पंप मैन रोड सेहतपुर, वार्ड-24 में दो कॉमर्शियल शॉप सूर्या नगर पार्ट-3, वार्ड-25 में पुस्ता रोड अजय नगर, वार्ड-26 में 44 फुट रोड पर बन रही अवैध बेस्टमेन्ट, वार्ड-28 में 2 अवैध निर्माण शमशान घाट रोड नियर टी पाइंट मास्टर रोड न्यू इंदिरा काम्पलैक्स, कच्चा खेड़ी रोड भारत कालोनी, वार्ड-29 शॉप नंबर-26 आदि के साथ ही वार्ड नंबर-40 में तीन अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की गई।

## सीवर लाइन डाल रहे ठेकेदार को विधायक ने लगाई फटकार



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने तिगांव में चल रहे सीवर लाइन के काम का मुआयना किया। उन्होंने यहां धीमी गति से चल रहे काम पर ठेकेदार के सामने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार ने 15 दिन में अपने काम करने की स्थिति को नहीं संभाला तो वह उसे ब्लैकलिस्ट करवा देंगे। नागर ने कहा कि काम की धीमी गति के कारण लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण लोगों ने उनसे संपर्क किया था। जिसके बाद वह इसको मौके पर देखने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि इस सीवर लाइन के डलने के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या खत्म हो जाएगी। इससे लोगों को बड़ा लाभ होगा। लेकिन आज इस विकास कार्य के कारण लोगों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। इसके पीछे काम की धीमी गति है। विधायक ने ठेकेदार को मौके पर ही बुलाया और उसे 15 दिन में काम की गति को सुधारने का अल्टीमेटम दे दिया। श्री नागर ने कहा कि 15 दिन में यदि ठेकेदार ने काम की स्पीड नहीं बढ़ाई तो उसका काम बंद करवा दिया जाएगा और उसे ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। हालांकि ठेकेदार ने उन्हें बताया कि बारिश होने के कारण काम रुका है लेकिन अब वह काम की स्पीड को बढ़ाएगा। इसलिए उसे आज आखिरी मौका दिया गया है। इस अवसर पर हरीचंद सरपंच, विक्रम सरपंच, रघुबीर जैलदार, अमन नागर, राजेंद्र सरपंच, हितेश पालटा, कुलदीप, ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।

## निगमायुक्त ने दिए स्टाफ रेशनलाईजेशन के आदेश

**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने निगम की कार्यप्रणाली सुधारने के लिए स्टाफ रेशनलाईजेशन के आदेश जारी किए। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक शाखा में कार्य के अनुरूप ही स्टाफ लगाया जाए तथा सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके। निगम आयुक्त निगम के विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ प्रतिमाह रिव्यू मीटिंग करते हैं जिसमें उनके संज्ञान में आया कि निगम के कई विभाग में अतिरिक्त स्टाफ लगाया हुआ है तथा कई विभागो में बहुत कम स्टाफ लगा हुआ है। स्टाफ की एकरूपता बनाने के लिए निगमायुक्त द्वारा सर्वप्रथम ब्तपजमतपं निर्धारित किया गया उस ब्तपजमतपं पर सम्बधित विभाग से टिप्पणी ली गई। उसके बाद निगम कर्मचारियो में कार्य का प्रारूप तैयार किया तथा इसी कडी में 171 कर्मचारियो का स्थानान्तरण किया गया। नगर निगम आयुक्त पे निगम की कार्यप्रणाली सुधारने के लिए स्टाफ रेशनलाईसारून के आदेश जारी किए। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक शाखा में कार्य के अनुस्प ही स्टाफ लगाया जाए तथा सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके।

## महिला उत्पीड़न

### जटिल मामला

**दिल्ली** उच्च न्यायालय वर्तमान समय में 2018 में दायर कई याचिकाओं पर विचार कर रहा है जिनमें विवाह में बिना सहमति के सेक्स को 'वैवाहिक बलात्कार' बता कर अपराध घोषित करने की प्रार्थना की गई है। भारतीय दंड संहिता की धारा 375 का संबंध बलात्कार से है। औपनिवेशिक युग के इस प्राविधान में अपवाद 2 है जिसके अनुसार एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संभोग बलात्कार नहीं होगा बशर्ते कि पत्नी की आयु 15 साल से कम न हो। लंबे समय से सभी प्रकार के वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने की मांग हो रही है, पर केन्द्र सरकार का कहना है कि अपवाद 2 समाप्त करने से विवाह संस्था नष्ट हो सकती है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कुछ शुरुआती टिप्पणियां की थीं। ये टिप्पणियां विचारोत्तेजक हैं। इनके अनुसार, अपवाद 2 के अंतर्गत पति को मिलने वाला संरक्षण वैवाहिक व गैर-वैवाहिक संबंधों में 'गुणात्मक अंतर' परिभाषित करता है। व्याख्या के अनुसार एक विवाह लिव-इन संबंध से अलग है जहां युगल को 'उम्मीद' होती है, पर यह एक सीमा तक साझीदार के साथ यौन संबंधों का 'विधिक अधिकार' देता है। यदि सेक्स से इनकार किया जाता है तो इसके सिविल परिणाम हो सकते हैं और इनका नतीजा तलाक भी हो सकता है। यदि, युगल अविवाहित है और पुरुष यौन संबंध बनाने पर जोर देता है तो यह शक्ति प्रयोग का मामला बनता है क्योंकि उसके पास कोई विधिक अधिकार नहीं है। लेकिन विवाह में पुरुष उस अधिकार की मांग करता है जो उसके विश्वास से दांपत्य अधिकार है। यदि यह मान लिया जाए कि महिला के यौन व शरीर पर अधिकार से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और पति को दबाव डालने का कोई अधिकार नहीं है तो भी 'अदालत इस बात की अनदेखी नहीं कर सकती है कि अपवाद 2 समाप्त करने के बाद क्या होगा।'



पूरा विवाद इस अनुमान पर आधारित है कि विवाह पति को दांपत्य अधिकार दे देता है। हालांकि, किसी पुरुष या महिला के बीच यौन संबंध संबंधों का निर्णायक आयाम नहीं है, चाहे वह विवाह के भीतर हो या अनौपचारिक संबंध के भीतर। गरिमा तथा अपने शरीर की स्वायत्तता पर महिला का अधिकार तथा उसकी पसंद का अधिकार अत्यधिक श्रेष्ठ और स्पष्ट है। यह पति के किसी संभावित अधिकार से ऊपर है जो महिला से संबंध के बाद उसे मिलता है। यदि साझीदारों के बीच परस्पर प्रेम और विश्वास कमजोर हो जाए तो संबंध कमजोर होने लगते हैं। परस्पर संबंध दोनों साझीदारों व निश्चित रूप से महिला की सहमति पर आधारित होते हैं। पत्नी की आयु का इससे कोई संबंध बिल्कुल नहीं है क्योंकि आयु के बजाय महिला की गरिमा व उसकी पंसद महत्वपूर्ण है। यौन संबंध के बारे में सहमति पर महिला की पंसद के अधिकार को कमजोर या अनदेखा करने वाला कोई सामाजिक प्रतिबंध न केवल महिला अधिकारों, बल्कि सभी प्रकार के संबंधों के लिए खतरनाक है, भले ही वे औपचारिक हों या अन्य प्रकार के। हमें लगातार याद रखना होगा कि व्यापक परिदृश्य देखने में सहायता के लिए यह समझना जरूरी है कि दहेज के लिए विवाह में महिलाओं का अक्सर अमानवीकरण कर दिया जाता है। इसी प्रकार उन पर लड़का न पैदा करने, ससुराली जनों का सम्मान न करने तथा अनेक ऐसे 'पापों' का आरोप लगा दिया जाता है। क्या महिलाओं का अपने 'विधिक' साझीदारों के साथ सर्वाधिक निकटतम संबंधों में उत्पीड़न होना चाहिए? महिलाओं को अनिवार्य रूप से न केवल यौन, बल्कि विवाह संस्था में हर प्रकार के उत्पीड़न के विरोध का अधिकार अनिवार्य रूप से होना चाहिए।

# पुस्तकालयों की प्रासंगिकता पर सवाल

कवि व निबंधकार टी.एस. इलियट ने कहा था कि पुस्तकालयों का अस्तित्व ही मनुष्य के भविष्य के प्रति उम्मीद का सर्वोत्तम प्रमाण है।



**बीजू धर्मपालन**
(लेखक विज्ञान संप्रेषक व स्तम्भकार हैं)



पुस्तकालय ज्ञान के मंदिर हैं जहां खोजी मस्तिष्कों की रचना होती है। दुनिया में अनेक सुधार आंदोलनों की जड़ें पुस्तकालयों में हैं। सोलहवीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही देश भर में अनेक अच्छे पुस्तकालय रहे हैं। तंजाऊर के नायक राजाओं ने सरस्वती महल पुस्तकालय की शुरुआत 16वीं शताब्दी में शाही पुस्तकालय के रूप में की थी और इसे न केवल भारत, बल्कि पूरे एशिया में एक सबसे पुराना पुस्तकालय माना जाता है। इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका में इस पुस्तकालय को 'भारत का सर्वाधिक उल्लेखनीय पुस्तकालय' कहा गया है। भारत में सार्वजनिक पुस्तकालय व्यवस्था की शुरुआत 1910 में हुई थी। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने भारत में सार्वजनिक पुस्तकालय व्यवस्था के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई थी। लगभग एक शताब्दी पहले ही महाराजा ने एक फोटोस्टेट कैमरा तथा एक कैमरा प्रोजेक्टर खरीदा था। उन्होंने तालुका स्तर पर पुस्तकालय असोसियेशनों को शुरू कर कस्बों व ग्रामीण पुस्तकालयों में 'मित्र मंडल' बनाए थे तथा नियमित पुस्तकालय सम्मेलनों का आयोजन किया था। मोबाइल लाइब्रेरी सेवा का संगठन सुदूर गांवों में पुस्तकों की आवश्यकता पूरी करने के लिए हुआ था। 1972 में संस्कृति मंत्रालय द्वारा राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन-आरआरआरएलएफ की स्थापना से पुस्तकालय आंदोलन की शुरुआत हुई। 'पुस्तकें सबके लिए' नारे की घोषणा के साथ वर्ष 1972 को अंतरराष्ट्रीय पुस्तक वर्ष घोषित किया गया। पुस्तकालय आंदोलन के चलते देश के सभी क्षेत्रों में पुस्तकालयों की स्थापना हुई जिनमें राज्य सरकारों, संघशासित क्षेत्रीय प्रशासनों तथा अनेक एनजीओ ने योगदान किया। इसके बाद से हमने अपने विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों में भी अनेक पुस्तकालयों की स्थापना की है। पुस्तकालय ज्ञान के भंडार हैं जहां एक कमरे में किसी को भी सभी चीजों के बारे में सूचना मिल सकती है। एक समय था जब हमारे शोधकर्ता विभिन्न सम्मानित पुस्तकालयों में घूमते रहते थे तथा साहित्यिक सर्वेक्षणों में महीनों लगते थे। गरीब छात्रों के लिए इस आंदोलन ने कुछ सबसे महंगी पाठ्यपुस्तकें व जर्नल उपलब्ध कराए। इंटरनेट के आने से पहले शोधकर्ता कैब एब्स्ट्रैक्ट जैसी पुस्तकालय सेवाओं जैसी अनेक सेवाओं पर निर्भर रहते थे। इनसे वे अपने शोध के क्षेत्र में नवीनतम विकास गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करते थे। यह बहुत थकाने वाली प्रक्रिया थी। पुस्तकालय जाना अकादमिक संस्कृति का एक हिस्सा है जिससे छात्रों को अपने साथियों के साथ सार्थक संवाद करने में सहायता मिलती है। अनेक पुस्तकालय अकादमिक व साहित्यिक व्यक्तित्वों के साथ विशेष सत्र आयोजित करते हैं जिनसे छात्रों के विकास में सहायता मिलती है। इस प्रकार पुस्तकालय न केवल अकादमिक विकास, बल्कि मनुष्यों के सामाजिक विकास में भी भूमिका निभाते हैं।

पुरानी पीढ़ी के अनेक पुस्तकालय बहुमंजिला इमारतों में होते थे क्योंकि उनको पुस्तकों व पत्रिकाओं का बड़ा संग्रह रखना होता था। देश के विभिन्न भागों में ब्रिटिश कौंसिल पुस्तकालयों की स्थापना से लोगों को स्वागत करने वाले कर्मचारियों के बीच नए पाठन का अनुभव हुआ। ब्रिटिश कौंसिल पुस्तकालय न्यूनतम स्थान में व्यापक डिजिटल व एलेक्ट्रानिक संसाधन तथा पुस्तकों के नवीनतम संस्करण उपलब्ध कराते थे। उनमें अपने स्टाक से पुराने संस्करण हटाने की संस्कृति थी ताकि अप्रासांगिक प्रकाशनों को अनावश्यक रूप से एकत्र करने से बचा जा सके। निश्चित रूप से उनकी सदस्यता कुछ विशिष्ट लोगों के लिए ही संभव थी। सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकांश पुस्तकालयों में एक समस्या लाइब्रेरी कर्मचारियों का स्वागत न करने वाला दृष्टिकोण है। अनेक कर्मचारी अपने काम के प्रति संवेदनहीन नजरिया अपनाते हैं। एक अच्छा लाइब्रेरियन इन्साइक्लोपीडिया के समान है क्योंकि वह संसाधनों के चयन में अनेक पृष्ठभूमियों के लोगों को निर्देशित करता है, लेकिन दुर्भाग्य से अनेक लोगों में इस गुण का अभाव है। हमारे राष्ट्रीय शोध केन्द्रों के कुछ पुस्तकालयों में छात्रों की पहुंच भी संदर्भ पुस्तकों तक नहीं होती है। इसकी पहुंच केवल आतिथेय संस्थान के सदस्यों को होती है, हालांकि इस प्रकार संसाधनों का उपयोग संकुचित होता है। हमारे राष्ट्रीय संस्थान पुस्तकें और पत्रिकायें खरीदने पर लाखों रुपये खर्च करते हैं। क्या सार्वजनिक धन से प्राप्त संसाधनों तक हमारे नौजवानों की पहुंच सीमित करना उचित है? इस युग में केवल वास्तविक दिलचस्पी रखने वाले लोग ही पुस्तकालय में प्रवेश करते हैं। ऐसे में सरकार को मुफ्त प्रवेश व संसाधनों के प्रयोग की नीति बनानी चाहिए ताकि सभी पुस्तकालय सार्वजनिक धन का प्रयोग कर सकें। हालांकि, निश्चित रूप से किताबें देने का काम सदस्यता कार्डों के आधार पर केवल सदस्यों तक सीमित रखा जा सकता है। जिस युग में हम विद्वतापूर्ण जर्नलों में पेवेल प्रक्रियाओं पर सवाल उठाते हैं, उस समय आवश्यक है कि हमारे पुस्तकालयों को मुफ्त ज्ञान प्रसार का स्थान बनाया जाना चाहिए।

कोविड-पश्चात युग में लोगों का पुस्तकालयों में जाना घट गया है। नई पीढ़ी का रुझान डिजिटल पाठन की ओर अधिक है। ऐसे में ज्ञान प्रदान करने वाले संस्थानों के रूप में पुस्तकालयों का प्रयोग घट रहा है। क्या पुस्तकालय नई विश्व व्यवस्था में बेकार हो गए हैं? क्या हमें अपने सभी वर्तमान पुस्तकालयों को समाप्त कर देना चाहिए? अक्सर ऐसे सवाल समाज के बीच उठते हैं। विरल संग्रह रखने वाले सभी पुस्तकालय ज्ञान का भंडार हैं। उदाहरण के लिए, सीएसआईआर द्वारा 1963 से चलाई जा रही नेशनल साइंस लाइब्रेरी-एनएसएल विशेष रूप से विज्ञान में इच्छुक लोगों की आवश्यकतायें पूरी करती है। इस पुस्तकालय में विज्ञान एवं तकनीक पर दस्तावेजों के 2,51,000 मुद्रित संग्रह हैं जिनमें मोनोग्राफ, जर्नलों के बाउंड वाल्यूम, रिपोर्टें, थीसिस-डिजर्टेशन, मानव व पेंटेट, आदि शामिल हैं। एनएसएल की संग्रह नीति उच्च महत्व के आरएंडडी संदर्भ संसाधनों, भारतीय एसएंडटी प्रकाशनों, विदेशी भाषाओं के शब्दकोषों, पुस्तकालय व सूचना विज्ञान, सूचना एवं संचार तकनीक, कंप्यूटर विज्ञान, सम्मेलनों की कार्यवाहियों, तकनीकी रिपोर्टों तथा देश में विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित अन्य संसाधन उपलब्ध कराना है। अनेक ऐसे पुस्तकालय देश भर में फैले हैं और हमें भविष्य के लिए अपने विशाल ज्ञान संसाधनों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। इन पुस्तकालयों में उपलब्ध कुछ सामग्री विरल रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। पुस्तकालय अपने संसाधनों, पुस्तकों या अखबारों या पत्रिकाओं से समाज में व्याप्त संस्कृति की बात करते हैं। दीर्घकालीन रूप से इनका संग्रहणीय महत्व हो जाएगा। यदि किसी की दिलचस्पी प्रिंटिंग टेक्नोलोजी में हो तो उसे पाने का सबसे अच्छा तरीका किसी अच्छे पुस्तकालय में जाना है। ऐसे में हमें अपनी विरासत को समाप्त करना अनुचित होगा जो केवल किसी खास समय के प्रकाशनों से स्पष्ट होगी।

निश्चित रूप से बदलते समय के साथ हमें वर्तमान समुदाय की आवश्यकता पूर्ति के लिए डिजिटल संसाधन बनाने होंगे। भारत के राष्ट्रपति ने 3 फरवरी, 2014 को नेशनल मिशन आन लाइब्रेरीज़-एनएमएल जारी किया था। इसके एक अंग के रूप में संस्कृति मंत्रालय ने नेशनल वर्चुअल लाइब्रेरी आफ इंडिया-एनवीएलआई बनाने का निर्णय किया है। इसमें सारी भारतीय संस्कृति विरासत को डिजिटल वेब वर्ड में सूचना के रूप में रखा जाएगा। इसी प्रकार कोविड-19 लाकडाउन के दौरान छात्रों की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए आईआईटी खड़गपुर ने एक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया-एनडीएलआई स्थापित की है जिसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्पांसर किया गया है। लेकिन डिजिटल फार्मेट के कुछ नुकसान भी हैं। परंपरागत पुस्तकालयों को समाप्त करने के बजाय उनको एक हाइब्रिड तरीके से काम करने की अनुमति दी जानी चाहिए जिनमें प्रिंट आधारित संग्रह के साथ डिजिटल वर्चुअल सुविधायें भी हों। हमारे पुस्तकालयों का शांत माहौल पुस्तकों में डूबे व्यक्तियों के लिए सर्वोत्तम है। इससे मनुष्यों में रचनात्मकता भी बढ़ती है। ऐसे में भारत में पुस्तकालयों से जुड़े सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वे नौजवानों में पढ़ने की आदत विकसित करने का प्रयास करें। वैज्ञानिक शोध ने दिखाया है कि छपी पुस्तकें पढ़ने से बच्चों में संज्ञानात्मक कौशल का विकास होता है। हमें ऐसे बच्चों की जरूरत है जो भविष्य में देश का नेतृत्व करें। इसका एक तरीका पढ़ने के माध्यम से उनमें जागरूकता व ज्ञान पैदा करना है।

# विधानसभा चुनावों में भाग्य किसके साथ

"चुनाव ब्रांड मोदी और पूरे विपक्ष के बीच एक प्रतिस्पर्धा है, जो प्रधानमंत्री की दूसरी पारी के मध्यावधि के दौरान हो रही है।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, गोवा, पंजाब, मणिपुर और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा दिया है। पंजाब को छोड़कर पांच में से चार राज्यों में बीजेपी की सरकार है. गोवा और मणिपुर में, हालांकि, 2017 में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन बीजेपी अन्य दलों को विभाजित करके सरकार बनाने में सफल रही। लगभग 18.34 करोड़ मतदाता, जिनमें से 8.55 करोड़ महिला मतदाता हैं, और 24.9 लाख पहली बार के मतदाता उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में भाग लेंगे। चुनाव परिणामों में महिला और युवा मतदाताओं की अहम भूमिका होगी। गौरतलब है कि तीसरी कोविड-19 लहर के बीच मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। क्यों अहम हैं ये चुनाव? लगभग सभी चुनावी राज्यों में बहुकोणीय मुकाबले के साथ, चुनाव भविष्य की दिशा का संकेत देंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव में हैट्रिक की उम्मीद कर रहे हैं. बीजेपी उत्तर प्रदेश को बनाए रखने की कोशिश कर रही है, जिसमें 403 विधानसभा सीटें हैं। इसमें 80 लोकसभा सीटें भी हैं। जो भी यूपी जीतता है उसे 2024 में सत्ता के लिए बोली लगाने में महत्वपूर्ण फायदा होता है।

दूसरे, यह ब्रांड मोदी और पूरे विपक्ष के बीच का मुकाबला है। यह मोदी की दूसरी पारी के लिए मध्यावधि के दौरान भी आयोजित किया जाता है। जैसा कि देश निरंतर कोविड -19 से मुकाबला करता है, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रधान मंत्री के लिए एक परीक्षा होगी कि उनकी लोकप्रियता बरकरार है। विभाजित विपक्ष पर उसे फायदा हो सकता है।

तीसरा, बीजेपी पूरी तरह से मोदी पर निर्भर है क्योंकि पार्टी ने यूपी को छोड़कर किसी भी मजबूत राज्य के नेता को विकसित नहीं किया है। प्रधानमंत्री इसके सबसे बड़े चुनावी शुभंकर हैं। चौथा, यह यूपी के मौजूदा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए भी एक परीक्षा होगी। वह राज्य को फिर से जीतने के लिए सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं, जबकि 2017 के चुनावों में, वह केवल एक सांसद थे और पार्टी ने उन्हें चुनाव के बाद चुना था। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में अपनी उपलब्धियों के प्रचार के लिए विज्ञापनों पर भारी पैसा खर्च किया है। लेकिन ऐतिहासिक रूप से, राज्य में 1985 के बाद से कोई भी दूसरा कार्यकाल नहीं जीता है। पांचवां, यह अखिलेश यादव, मायावती, प्रियंका गांधी, जयंत चौधरी जैसे सभी क्षेत्रीय खिलाड़ियों के लिए अस्तित्व की लड़ाई होगी। यूपी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इस लड़ाई को सपा और भाजपा के बीच एक वास्तविक मुकाबले के रूप में देखते हैं। हालांकि, बहुकोणीय मुकाबले के कारण विपक्ष नुकसान में है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का 2014 से खराब प्रदर्शन रहा है। बसपा प्रमुख मायावती अपनी वापसी के लिए चुपचाप काम कर रही हैं। प्रियंका गांधी कांग्रेस का चेहरा हैं, लेकिन उन्हें अभी अपनी वोट पकड़ने की क्षमता साबित करनी है। रालोद नेता अजीत सिंह के निधन के बाद उनके बेटे जयंत ने अभी तक खुद को स्थापित नहीं किया है।

चार राज्यों- पंजाब, मणिपुर, गोवा और उत्तराखंड में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला होगा। कांग्रेस की कोई भी जीत भाजपा की गाड़ी को खराब कर देगी। पार्टी को कम से कम पंजाब को बरकरार रखना चाहिए और उत्तराखंड पर कब्जा करना चाहिए। इसके अलावा दो अन्य क्षेत्रीय दल आप और तृणमूल भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छठा, राजनीतिक दल इन चुनावों में जाति, धर्म, विकास और कोविड से निपटने को मुद्दों के रूप में शोषण करते हैं। जाति हमेशा उत्तरी बेल्ट में एक कारक रही है, क्योंकि लोग अपनी जाति के लिए वोट डालते हैं। बीजेपी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर विचार कर रही है. 5 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से राम मंदिर के लिए 40 किलो चांदी की ईंट से नींव रखी। धर्म को मानने वाले मतदाताओं के लिए यह एक बड़ा मुद्दा है. काशी विश्वनाथ मंदिर का भी एक नया रूप था। बीजेपी ने इसे पार्टी के इतिहास का एक सुनहरा अध्याय बताया।

सातवें, परिणाम संकेत देंगे कि क्या क्षेत्रीय दल उभरती भाजपा के लिए असली चुनौती हैं। ज्यादातर राज्यों में, खासकर यूपी में, क्षेत्रीय दल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। आठवें, परिणाम जून-जुलाई में आगामी राष्ट्रपति चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं, क्योंकि विधायक निर्वाचक मंडल बनाते हैं। ये नतीजे इन पांच राज्यों और 19 राज्यसभा सीटों की 680 विधानसभा सीटों के भाग्य का भी फैसला करेंगे।

अंतिम लेकिन कम से कम, कोविड से निपटने और तीसरी लहर के आगमन का केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। वर्ष की पहली छमाही में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में विशाल चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले नेता को सुपर-स्प्रेडर्स माना जाता था। इस बार चुनाव आयोग ने महामारी के प्रसार की जांच के लिए शारीरिक रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कुल मिलाकर, चुनाव सभी हितधारकों के लिए एक दिलचस्प घटना होगी। 10 मार्च से पता चलेगा कि डेम लक किसका साथ देगी।

## आप की बात

### कोरोना का दंश

**पिछले** दो साल में देश का विशाल तबका आर्थिक तंगी झेलने को अभिशप्त रहा। यकीनन, सरकार ने अपनी कल्याणकारी भूमिका में गरीबों तक अनाज पहुंचाने के उपक्रम किए हैं, मगर जिंदगी की जरूरतें सिर्फ पेट भरने तक महदूद नहीं हैं। इसके आगे की मांगों के लिए धन चाहिए और जब आर्थिक गतिविधियां ठप होती हैं, तब सबसे ज्यादा मार दिहाड़ी मजदूरों या सबसे कम पगार वाले मुलाजिमों की जिंदगी पर पड़ती है। भारत में महज 10 फीसदी आबादी को ओपीडी में और एक प्रतिशत आबादी को अस्पताल में संभालने की क्षमता है। अगर इससे ज्यादा मरीज आने लगेंगे, तो अस्पताल हांफने लगेंगे। दुनिया के किसी भी देश में ऐसी स्वास्थ्य सेवा नहीं है, जो अपने तमाम लोगों का एक साथ इलाज कर सके। उधर शीर्ष सरकारी एक्सपर्ट का कहना है कि ओमिक्रान वैरिएंट को रोकना लगभग असंभव है और आखिरकार यह पूरी दुनिया को संक्रमित कर के ही रहेगा। सरकारें फिर से ऐसी पाबंदियां लगा रही हैं जिनसे आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़े बिना रह नहीं सकता। इस खतरे को ज्यादातर महसूस करने वाले आम आदमी ही हैं। इनमें मजदूरों, श्रमिकों से लेकर वे सभी लोग शामिल हैं जो रोजाना कमा कर घर चलाते हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व

**स्वामी** विवेकानंद का विराट व्यक्तित्व संपूर्ण अर्थों में भारतीय चेतना का प्रतीक है उनका नाम बड़े सम्मान और आस्था के साथ लिया जाता है क्योंकि उन्होंने स्वयं को राष्ट्र एवं मानवता के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया उन्होंने न केवल भारतीय धर्म एवं संस्कृति में नव चेतना का संचार किया बल्कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र और प्रगतिशील समाज की परिकल्पना को आकार देने की कोशिश की। युवाओं के प्रेरणा स्रोत आजीवन युवाओं को जागृत करने का अथक परिश्रम किया, वह चाहते थे कि युवा आगे आकर भारत को विश्व के अग्रणी देशों की पंक्ति में लाने के लिए हर संभव प्रयत्न करें, वे हमेशा यही सीख देते कि भविष्य अपने हाथों में होता है। अतः हमें याद रखना चाहिए कि हमारा प्रत्येक विचार और कर्म हमेशा हमारे सहायक होते हैं उनका यह भी मानना था कि शिक्षा का अर्थ यह नहीं कि तुम्हारे दिमाग में ऐसी बहुत सी बातें भर दी जाएं जो आपस में ही संघर्ष करने लगे और उसे दिमाग पचा ना पाए तो इसका क्या ही फायदा ? शिक्षा ऐसी हो जो हमें इंसान बना सके हमारा चरित्र निर्माण कर सके जो भी आप करना चाहे पूरे उत्साह और विश्वास से उस में जुट जाएं।

– **हर्षवर्धन सिंह**, रायबरेली

### अहम सवाल

**क्या** अब तानाशाह रूस हमारे मीडिया को नियंत्रित करेगा ? जिस तरह से उसने अपने देश में तमाम विरोधी आवाजों को शांत कर दिया है। जिस तरह से राष्ट्रपति पुतिन ने अपने कुर्सी को आजीवन के लिए आरक्षित कर लिया है। क्या वो यही भारत से भी चाहता है? क्योंकि जिस तरह से रुसी विदेश मंत्रालय एवं रुसी दूतावास ने प्रेस नोट जारी करके, कज़ाख़स्तान में रुसी हस्तक्षेप पर हुए रिपोर्टिं पर खेद जताया है। वो भारतीय स्वतंत्रता पर हमला है। बकौल रुसी दूतावास ऐसा कलेक्टिव सिक्यॉरिटी ट्रीटी ऑर्गेनाइज़ेशन के समझौते के अनुसार किया है। अगर ऐसा है तो फिर इस समय रूस ने उक्रैन को चारों तरफ से क्यों घेर रखा है ? क्यों उक्रैन का क्रीमिया प्रायद्वीप को 2014 से अपने कब्जे में रखा हुआ है ? क्यों वो बेलारूस में तानाशाह के साथ मिलकर वहां के लोकतांत्रिक आवाज़ को कुचल रहा है? क्यों वो आर्मेनिया एवं अज़रबैजान के बीच के संघर्ष को हवा देता है? ऐसा रूस अपने विस्तारवादी निति के तहत कर रहा है। इन सब पर सवाल अगर भारतीय मीडिया उठता है तो क्या है?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**12** तारीख को मैं वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा 25वें राष्ट्रीय युवा उत्सव मैं भाग लूंगा। मैं अपने नौजवान मित्रों से शामिल होने को कह रहा हूं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**भाजपा** मोदी सरकार की अतिवादी वैचारिकता के अंतर्गत हिंदुत्व संगठनों द्वारा सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता है।

– **इमरान खान**
पाक वज़ीरे आज़म





**हमारी** तैयारी में कोई कमी न रह जाए क्योंकि हम उस फैलती महामारी से लड़ाई लड़ रहे हैं।

– **मनसुख मांडवीय**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री"

# फ्री राशन वितरण से मिला गरीबों को लाभ, कोरोना काल में मिली बड़ी राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चुनावी** समर में जहां विपक्षी पार्टियां प्रदेशवासियों को लुभाने के लिए बड़े बड़े दावे कर रहीं हैं वहीं प्रदेश सरकार पांच साल के काम के बहीखाते के साथ राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास पर जोर दे रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे बड़े राशन वितरण अभियान की घोषणा की। इसके तहत मार्च 2022 तक प्रदेशवासियों को फ्री राशन मिलेगा। यूपी के राशन कार्ड धारकों को अनाज के साथ बहुत कुछ फ्री मिल रहा है। इनमें राशन की दुकानों पर अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को मिलने वाले अनाज और अन्य वस्तुओं में अब खाद्य तेलए नमकएदाल और चना भी जोड़ दिया गया है।

पिछले दो सालों से कोरोना जैसी बड़ी महामारी के कारण तमाम लोग परेशान थे। इसको देखते हुए कोविड काल से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से मुफ्त राशन बांटा जा रहा है। इस अभियान से अंत्योदय और पात्र घरेलू राशन कार्ड धारकों को फायदा मिल रहा है। इस फ्री राशन अभियान से गरीबों को सरकार की ओर से बड़ी राहत मिल रही है। प्रदेश में 12 दिसंबर 2021 से सरकारी राशन वितरण का महाभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का फायदा 15 करोड़ से ज्यादा लोगों को होगा।

बलिया की शबीना खातून ने बताया कि प्रदेश सरकार ने कोरोना काल में गरीबों के हित में कई बड़े कदम उठाए जिनका लाभ पारदर्शी तरीके से हम सबको मिला। फ्री राशन वितरण से कोरोना की तीसरी लहर में भी राहत मिलेगी। बलिया की रहने वाली सोनी देवी ने कहा कि सरकार की उज्ज्वला योजना, फ्री राशन की सुविधा से लाभ मिला है। चुनाव से पहले वो विपक्षी पार्टियां गर इब कल्याण योजनाओं की केवल घोषणा कर रहे है जिनके कार्यकाल में योजनाओं का लाभ तो क्या नाम भी नहीं पता चलता था। सीएम योगी के कार्यकाल में गरीबों से जुड़ी योजनाओं का लाभ हम सब तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचा है। इस अभियान के तहत मार्च तक प्रति अंत्योदय राशनकार्ड पर 35 किलो खाद्यान्न बांटा जाएगा। जिसमें 20 किलो गेहूं, 15 किलो चावल, 1 किलो नमक, 1 किलो दाल साबुत चना, 1 लीटर तेल ऑयल फ्री में दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को 3 किलो गेहूं, 2 किलो चावल और बाकी नमक, चना दाल और खाद्य तेल वितरित किया जाएगा।

# निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण चुनाव के लिए समय से कर लें सभी तैयारियां

● मुख्य सचिव ने की विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ बैठक कर विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए समय से सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सघन चेकिंग की जाये। पोलिंग पार्टियों एवं सुरक्षा बलों के मूवमेन्ट के लिए पर्याप्त संख्या में बसों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी जरूरी प्रबन्ध समय से पूरे कर लिये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों में तैनात सभी कार्मिक एवं सुरक्षा बल पूर्ण वैक्सीनेटेड हों तथा जिन्हें बूस्टर डोज दिया जाना है, उनकी सूची तैयार कराकर तथा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर सभी का टीकाकरण प्राथमिकता पर करा दिया जाये। उन्होंने वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने तथा कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों की अद्यतन स्थिति, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने सीमाओं पर चौकसी के लिए स्थापित चैकियों व सुरक्षा प्रबन्धों, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने वैक्सीनेशन की अद्यतन स्थिति तथा प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह ने मतदान कार्मिकों को सकुशल मतदान स्थल पर पहुंचने व वापस गंतव्य तक लाने के लिए वाहनों की व्यवस्था आदि की जानकारी प्रस्तुत की।

## कानपुर के पूर्व पुलिस आयुक्त असीम अरुण 15 को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खाकी** को अलविदा कहकर खादी धारण करने का फैसला करने वाले कानपुर कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर रहे आईपीएस अधिकारी असीम अरुण का इस्तीफा राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है। असीम अरुण 15 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। असीम अरुण ने बुधवार को अपने फेसबुक पेज के जरिए इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मेरे वीआरएस आवेदन को स्वीकार कर लिया है और मैं 15 जनवरी को रिटायर होऊंगा। उन्होंने कहा कि 8 जनवरी को भाजपा की सदस्यता लेने का फैसला करने और 15 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बीच का समय योजना बनाने और तैयारी करने का है। यह समय है जिसमें वह पुलिस अधिकारी और सार्वजनिक जीवन के परिवर्तन को लाने का प्रयास कर रहे हैं। अरुण ने कहा कि 15 जनवरी से मैं नई यात्रा आरंभ करूंगा और देश की महानतम पार्टी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करूंगा। अपनी मातृभूमि खैरनगर (कन्नौज) जाकर अपने परिवार के बड़ों से आशीर्वाद लेकर नया सफर शुरू करूंगा। असीम अरुण के भाजपा के टिकट से कन्नौज सदर सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा है। हालांकि उनके टिकट की अभी अधिकारिक रूप से ऐलान नहीं हुआ है,लेकिन यह तय माना जा रहा है कि वह कन्नौज सीट से ही दावेदारी करेंगे।

# अखिलेश ने की सहयोगी दलों के साथ बैठक, टिकट बंटवारे पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को अपने सहयोगी दलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक कर टिकट बंटवारे के साथ ही चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श किया। बैठक में रालोद मुखिया जयंत चौधरी तो नजर नहीं लेकिन उनकी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद मौजूद रहे। इसके साथ ही बैठक में शिवपाल सिंह यादव तथा आदित्य यादव (प्रसपा), ओमप्रकाश राजभर (सुभासपा), संजय चौहान (जनवादी पार्टी सोशलिस्ट), केशव देव मौर्य (महान दल), कृष्णा पटेल (अपना दल कमेरावादी) एवं केके शर्मा (एनसीपी) शामिल थे। बैठक में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सहयोगी दलों से चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। बैठक व बैठक के उपरांत सहयोगी दलों के साथ की एक तस्वीर अखिलेश यादव ने ट्विटर पर साझा की है। अखिलेश यादव ने ट्विटर पर फोटो शेयर करते हुए लिखा कि समाजवादी पार्टी के सभी सहयोगी दलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के विकास व भविष्य की बात हुई।

बैठक के बाद केशव देव मौर्या ने कहा है कि बैठक के दौरान प्रत्याशियों के संबंध में चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि काफी हद तक प्रत्याशियों के चयन पर आम राय बन चुकी है जल्दी प्रत्याशियों की सूची जारी हो जाएगी। बता दें कि बैठक से पहले प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव अपने बेटे आदित्य के साथ अखिलेश यादव से मिलने लखनऊ पहुंचे थे।

सपा सूत्रों के मुताबिक प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव स्वयं व अपने बेटे आदित्य यादव के लिए टिकट मांगने के साथ ही करीब एक दर्जन सीटों पर अपने प्रत्याशियों का प्रस्ताव रखा।

## यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक, समाजवादी और सामाजिक सद्भाव की पक्षधर ताकतों को एक साथ जोड़ रहे हैं। राज्य की जनता भाजपा से ऊब चुकी है। गठबंधन विकास, सद्भाव और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा की बांटने और अपमान करने वाली राजनीति के खिलाफ सबको सम्मान देने वाली राजनीति का इकलाब होगा। श्री यादव ने कहा कि सन 2022 में राजनीति की बड़ी लड़ाई लड़ी जानी है। यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। सामाजिक न्याय की पक्षधरता के साथ आरक्षण विरोधी ताकतों का प्रतिरोध करना है। उन्होंने कहा भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। 700 से ज्यादा किसानों की मौत हो चुकी है। तीन काले कृषि कानूनों को जनमत के दबाव में वापस लेने के बावजूद भाजपा की नीयत में अभी भी खोट है। नौजवानों को भाजपा ने बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में लिखे एक भी वादा को पूरा नहीं किया है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा का एजेण्डा कुछ ऐसा है कि जनता के हित में कोई काम नहीं होने पाए। भाजपा ने प्रदेश में विकास, कानून व्यवस्था और इलाज, पढ़ाई की तबाही की हैं। जनता उसके खिलाफ अब सन् 2022 के चुनाव में अपना फैसला सुनाएगी और समाजवादियों एवं अम्बेडकरवादियों को ही चुनेगी।

## समाजवादी पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों में पदाधिकारी नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा किरन यादव लखनऊ को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा अमित केदार अग्रवाल हापुड़, पुष्पेन्द्र निम नई दिल्ली, आदित्य कुमार शुक्ला गोरखपुर, आकिब जौहर फतेहपुर, सतीश यादव हाथरस, डॉ अजय कुमार वर्मा अम्बेडकरनगर, कुंवर इमरान मकसूद हापुड़, दिनेश कुमार रावत मऊ को राष्ट्रीय सचिव तथा फारूख खान प्रतापगढ़ एवं सुजेल गांधी बलिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।

## आगरा विश्वविद्यालय के कुलपति ने दिया इस्तीफा राज्यपाल ने किया मंजूर

**लखनऊ।** डा भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अशोक मित्तल का इस्तीफा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वीकार कर लिया है। प्रो. अशोक मित्तल के खिलाफ जांच चल रही थी। जिसके चलते छह माह पूर्व राज्यपाल ने उन्हें कार्य से विरत रखते हुए विवि का अतिरिक्त कार्यप्रभार लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को सौंप दिया था। बता दें कि प्रो मित्तल की 2020 फरवरी में बतौर कुलपति नियुक्ति हुई थी। नियुक्ति के बाद राजभवन को प्रो मित्तल के खिलाफ भ्रष्टाचार, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं सहित अन्य गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिसके बाद राज्यपाल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया था। कमेटी ने राजभवन को रिपोर्ट सौंप दी थी। बताया जा रहा है कि 10 जनवरी को प्रो मित्तल को राजभवन बुलाया गया था। जहां उन्होंने स्वेच्छा से त्याग पत्र दिया।

## कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुये स्थगित हो चुनाव: हिन्दू महासभा

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने देश में तेजी के साथ बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुये चुनाव आयोग से देश के विभिन्न राज्यों में होने जा रहे चुनावों को स्थगित किये जाने की मांग की है। हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने चुनाव आयोग को पत्र भेजकर बीते पश्चिम बंगाल विधानसभा और उत्तर प्रदेश में हुये पंचायत चुनाव के दौरान सामने आये कोरोना के मरीजों और उससे हुयी मौतों को जिक्र करते हुये कहा कि वर्तमान में जिस तेजी के साथ एक बार फिर कोरोना के मामले सामने आ रहे है। उससे स्पष्ट है कि आगामी विधानसभा चुनाव निष्पक्ष हो पाना सम्भव नहीं होगा। क्योंकि कोरोना के भय के कारण अधिकतर मतदाता मतदान के लिये नहीं जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश में बीते पंचायत चुनाव को उदाहरण पेश करते हुये कहा उन्होंने कहा कि इस चुनाव में दो हजार से अधिक सरकारी कर्मचारियों की मृत्यु कोरोना महामारी के कारण हुयी और उन्हें मुआवजा भी दिया गया। जिसे देखते हुये आगामी विधानसभा चुनाव में लगने वाली ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों में न सिर्फ भय व्याप्त है बल्कि उनकी जान का खतरा भी बना हुआ है। ऐसे कर्मचारी काफी गहरे मानसिक दबाव से गुजर रहे है। जिसको गम्भीरता से लेते हुये चुनाव आयोग को स्थगन के बारे में विचार करना चाहिए।

## चुनाव आचार संहिता का पालन नहीं कर रही भाजपा: पीएल पुनिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस के इलेक्शन कैंपेन कमिटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो गई हैं। इसके बावजूद भाजपा चुनाव आचार संहिता का पालन नहीं कर रही है।

पुनिया ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में गरीबों के बीच मोदी और योगी के पोस्टर लगे पैकेटों में सरकारी राशन बांटा जा रहा है। वहीं कई जगहों पर भाजपा सरकार के विज्ञापनों वाले और मोदी सरकार के चेहरों वाले पोस्टर, बैनर पेट्रोल पंप पर लगे हुए हैं, जिनमें बीजेपी की योजनाओं का खुलेआम प्रचार किया जा रहा है। राज्य के कई हिस्सों में राशन की दुकानों से बैनरों को नहीं हटाया गया है। नमक, चना, तेल के पैकेट पर तस्वीर लगे खाद्यान्न के वितरण पर रोक लगने के बावजूद उनका वितरण किया जा रहा है। यह खुलेआम चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। पुनिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने गरीबी हटाने के बजाय गरीबों की संख्या बढ़ाने का काम किया है। 23 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों का खाद्यान्न से लाभान्वित होना बताता है कि प्रदेश में किस कदर गरीबी छाई हुई है। मुख्यमंत्री ने बीते पांच साल तक सिर्फ चेहरा चमकाने का काम किया है। प्रदेश में शिक्षा, सुरक्षा कर सेहत के मुद्दे पर भाजपा सरकार ने सिर्फ मजाक किया है। उन्होंने कहा कि धर्म और नफरत की राजनीति का इस्तेमाल करने वाली भाजपा विकास के मुद्दों पर सिर्फ प्रचार बांटती है। सरकारी योजनाओं में बंदरबांट और गरीबों के शोषण की घटनाएं जब तब सामने आती रही हैं, लेकिन सरकार ने कार्रवाई के बजाय जिम्मेदारों को बचाया है। इस सरकार के काम सिर्फ विज्ञापनों में नजर आ रहे हैं, प्रदेश में जमीनी स्तर पर भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया है। सरकार झूठे दावों के भरोसे सिर्फ जनता को बरगलाने का काम कर रही है।

## चुनाव से पहले ही वेस्ट यूपी में कांग्रेस हुई धराशायी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अकेले** दम पर विधान सभा की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाली कांग्रेस विधानसभा चुनाव से पहले ही वेस्ट यूपी में धराशायी हो गई है। वेस्ट यूपी में कांग्रेस का मजबूत चेहरा माने जाने वाले इमरान मसूद के बाद पार्टी के दो मात्र विधायकों के भी हाथ से निकल जाने के बाद उसकी स्थिति काफी कमजोर मानी जा रही है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में मोदी की सुनामी के बावजूद सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 7 सीटों पर अपनी विजय हासिल की थी। इनमें 2 सीटें उसे वेस्ट यूपी से हासिल हुई थी। वेस्ट यूपी में कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करने में जिन इमरान मसूद का बड़ा योगदान माना जाता है वह अब पार्टी का दामन छोड़कर साइकिल की सवारी कर चुके हैं। इमरान मसूद के साथ ही उनके खास माने जाने वाले सहारनपुर देहात से कांग्रेस के विधायक मसूद अख्तर भी सपा का रुख कर चुके हैं।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्मदिन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिलकर केक काटा और उनकी दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल दिखा और सभी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी सत्य नारायण पटेल और पूर्व मंत्री और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष और पूर्व विधायक सतीश अजमानी, लखनऊ के कांग्रेस जिला अध्यक्ष वेद त्रिपाठी, प्रिंट मीडिया विभाग के संयोजक अशोक सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा उमा शंकर पांडे, विकास श्रीवास्तव, अंशु अवस्थी, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट: नसीमुद्दीन सिद्दीकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि पीएम के सुरक्षा मामले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच कराने के लिए स्वतंत्र समिति गठित करने का निर्देश देने के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री की सुरक्षा की आड़ में राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अन्य राज्यों में जाकर प्रेस वार्ता कर रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट है, अपराधी बेलगाम हैं और महिलाओं पर अत्याचार कई गुना बढ़ गए हैं, उसके बावजूद योगी सरकार यह मानने को तैयार नहीं है कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। नसीमुद्दीन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में जिस तरह से प्रेस वार्ता की, उससे उनकी हताशा नजर आ रही है और उन्होंने नैतिक हार कुबूल कर ली है। उत्तर प्रदेश की जनता के मुद्दों पर बात करने के बजाय उन्होंने जिस तरह से प्रेस वार्ता कर हताशा जाहिर की उससे साफ़ है कि भाजपा की नैया डूब रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करने से भाग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लखीमपुर मामले में सीधे तौर पर मंत्री अजय कुमार टेनी के बेटे की भूमिका सामने आने के बाद भी अभी तक मंत्री को हटाया नहीं गया है। अपराधियों का संरक्षण करने वाली योगी सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता के इनके झूठ को समझ चुकी है। अब जनता इनको जवाब देने को तैयार है। योगी सरकार की विदाई तय है।

# स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को हमेशा शान से जीने की प्रेरणा दी



● जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** नागरिक परिषद के तत्वावधान में आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा अदम्य साहसी और विलक्षण पराक्रमी स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को हमेशा शान से जीने की प्रेरणा दी। इसी कारण उनका जन्मदिन युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को हर हाल में शान से जीने की प्रेरणा दी। धर्म के नाम पर छल और आडंबर से मुक्त होकर मानवता के धर्म के लिए, अपना सर्वस्व न्योछावर करने का भाव उन्होंने जगाया।

स्वामी जी कहते थे चरित्रवान युवाओं को उस बड़े संगठन की आवश्यकता है जिस के कंधों पर बैठकर सभी जातियों और धर्म एक साथ ऊपर उठने का साहस बटोर सकें। उन्होंने कहा कि हमारा देश यदि सचमुच जगद्गुरु कहलाने के योग्य है तो वह केवल स्वामी विवेकानंद के कारण।यहां से वहां तक प्रसिद्धि हासिल करने के पश्चात अपने ही देश में स्वामी जी को ईर्ष्यालुओं और कूप मंडूकों की भारी भर्त्सना झेलनी पड़ी। यह युद्ध भी उन्होंने उसी तरह लड़ा जिस तरह किसी भी क्षेत्र में अपराजेय योद्धा को लड़ना पड़ता है। स्वामी जी ने अपनी समरनीति से सभी समझौता नहीं किया। वे आध्यात्मिक जगत के चक्रवर्ती सम्राट थे। भारतीय नागरिक परिषद के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री और महामंत्री रीना त्रिपाठी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत के युवाओं की मेधा और प्रतिभा का उभार दिख रहा है। अमेरिका तक अपने देश के युवाओं से आवाहन कर रहा है कि वह पढ़ने लिखने को ज्यादा तवज्जो दें वरना भारतीय युवा छा जाएंगे। संगोष्ठी को प्रभात सिंह,पी सिंह, एचएन पांडेय, वाईएन उपाध्याय, प्रेमा जोशी, निशा सिंह, देवेन्द्र द्विवेदी, रेनु त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव, डीके मिश्र, दीपक चक्रवर्ती, पल्लव मुखर्जी, वीके सिंह कलहंस ने विचार रखें।

## सचिवालय कर्मियों ने मनाई विवेकानंद की जयंती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सचिवालय** की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था स्कल्पर के तत्वाधान में शास्त्री भवन के सभागार में परम तेजस्वी विवेकानंद की 159 वीं जयंती सचिवालय कर्मियों ने धूमधाम से मनाई। वेदांत दर्शन के प्रखर वक्ता अजय कुमार पांडे संयुक्त सचिव सचिवालय प्रशासन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, स्कल्पर के संस्थापक एवं संपादक सचिवालय दर्पण अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक का लोकार्पण विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण इंदुबाला कटियार, संयुक्त सचिव राजस्व नीरजा कुरील, सचिवालय संघ के अध्यक्ष यादवेन्द्र मिश्र व सचिव ओंकार नाथ तिवारी द्वारा किया गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी से आज के युवाओं को स्वामी जी के आदर्शों एवं उनके विचारों का अनुकरण करना चाहिए तब स्वामी जी के आदर्शों और उनके विचारों का अनुकरण करना चाहिए। काव्य पाठ की शुरुआत सचिवालय के मानस मुकुल त्रिपाठी ने वाणी वंदना से की। वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर ने स्वामी विवेकानंद पर छंद पढ़कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। संयुक्त सचिव राजस्व पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव, अनु सचिव वित्त सत्येंद्र प्रताप सिंह, अनु सचिव हथकरघा दिलीप कुमार शुक्ला, अनु सचिव गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, डा चांदनी बाला समीक्षा अधिकारी, संजय यादव, मुकेश प्रधान, स्मिता सिंह, संतोष कुमार, संतोष चतुर्वेदी, चित्रगुप्त मयंक मणि मिश्र सोमनाथ पाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## डीजीपी मुख्यालय के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को लगाई गई प्रिकाशन डोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुख्यालय के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बुधवार को वैक्सीन का प्रिकाशन डोज लगाया गया। डीजीपी मुकुल गोयल ने पुलिस मुख्यालय में लगे वैक्सीनेशन कैम्प का निरीक्षण किया गया साथ ही वैक्सीन की प्रिकाशन डोज भी लगवायी। इस अवसर पर प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था सहित मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वैक्सीन की डोज लगवायी गयी। पुलिस महानिदेशक द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन ड्यूटी के दृष्टिगत फ्रंटलाइन वारियर पुलिस कर्मियों को निर्धारित समय पर वैक्सीन का प्रिकॉशन डोज लगवाने के निर्देश दिये गये। समस्त कमिश्नरेट व जनपदों के पुलिस कार्मिकों को वैक्सीन डोज लगाया जा रहा है।

# आप के पंजाब मॉडल के साथ सामने आए केजरीवाल बेअदबी के मामलों में न्याय का दिलाया भरोसा

**भाषा**। चंडीगढ़

**विधानसभा चुनाव** से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के "पंजाब मॉडल" का बुधवार को अनावरण करते हुए, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बेअदबी के मामलों में न्याय, युवाओं को नौकरी, भ्रष्टाचार मुक्त शासन का भरोसा दिलाया और कहा कि लोग बादल परिवार और कांग्रेस के बीच दोस्ताना साझेदारी को तोड़ने के लिए उनकी पार्टी को सत्ता में लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब मॉडल में 10 सूत्री एजेंडा होगा जिसमें लोगों को प्रति बिल 300 यूनिट मुफ्त बिजली देना और मादक पदार्थ के खतरे को नियंत्रित करना शामिल होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों की घोषणा के साथ ही, लोग खुश हैं कि एक बदलाव लाने का उन्हें अवसर मिला है।

केजरीवाल ने मोहाली में संवाददाता सम्मेलन में कहा, 1966 में, पंजाब एक अलग राज्य बना। तब से आज तक, 25 वर्षों के लिए कांग्रेस ने राज्य पर शासन किया जबकि बादल परिवार ने 19 वर्षों तक। दोनों ने एक प्रकार से साझेदारी में राज्य पर शासन किया। चाहे बादल की पार्टी सत्ता में आई या फिर कांग्रेस, उन्होंने साझेदारी में अपनी सरकारें चलाईं। जब उनकी सरकार सत्ता में आती थी तो वे कभी एक-दूसरे के खिलाफ कार्वाई नहीं करते थे। कांग्रेस और बादल परिवार पर राज्य को लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, इस बार लोगों ने इस साझेदारी को तोड़ने और आम लोगों, आम पंजाबियों की सरकार लाने का मन बना लिया है। और यह भी कहा कि लोगों ने आप को मौका देने का मन बना लिया है।

सत्ता में आने पर पार्टी के एजेंडा में कौन-कौन सी चीजें रहेंगी, इस बारे में उन्होंने कहा कि वह, आप की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भगवंत मान और अन्य नेता पिछले कई हफ्तों से पंजाब का दौरा कर रहे हैं और लोगों से मिल रहे हैं और विभिन्न वर्गों के लोगों से मिल रही जानकारी के आधार पर पार्टी ने पंजाब मॉडल तैयार किया है। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने इससे पहले अपने पंजाब मॉडल की रूपरेखा साझा की थी।

10 सूत्रीय एजेंडे पर केजरीवाल ने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और कनाडा जैसे देशों के लिए रवाना हुए युवा अपने राज्य में नौकरी मिलने के बाद वापस आने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के खतरे को नियंत्रित करना आप की प्राथमिकता होगी जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह पहले की तरह जारी है क्योंकि मादक पदार्थ माफियाओं को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। केजरीवाल ने कहा कि प्रदेश में शांति, सौहार्द और भाईचारा कायम करना और बेअदबी के मामलों में न्याय देना और दोषियों को कड़ी सजा दिलाना भी पार्टी के एजेंडे में है। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब देने का भी वादा किया। केजरीवाल ने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार का वादा किया जहां सरकारी स्कूलों, अस्पतालों की स्थिति में सुधार के साथ ही 16,000 मोहल्ला क्लिनिक भी खोले जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे।

## वर्धा पुलिस ने गांधी के खिलाफ बयान के मामले में कालीचरण महाराज को गिरफ्तार किया

**वर्धा**। महात्मा गांधी के खिलाफ कथित अपमानजनक बयान देने के लेकर यहां दर्ज एक मामले के सिलसिले में वर्धा पुलिस ने बुधवार को कालीचरण महाराज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के उप-संभागीय अधिकारी पीयूष जगताप ने बताया कि कालीचरण को छत्तीसगढ़ के रायपुर से सुबह करीब 5 बजे यहां लाया गया। इसी तरह के एक मामले में उसे रायपुर की जेल में रखा गया था। कालीचरण महाराज को वर्धा के स्थानीय मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जिन्होंने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वर्धा शहर थाने में 29 दिसंबर, 2021 को मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले कालीचरण महाराज को रायपुर पुलिस ने पिछले साल 26 दिसंबर को वहां एक समारोह में महात्मा गांधी के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में गिरफ्तार किया था। महाराष्ट्र में अकोला पुलिस ने भी उसके खिलाफ ऐसा ही मामला दर्ज किया है।



दक्षिण 24 परगना में कपिल मुनि मन्दिर में कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के लिए की गई घेराबंदी।

# कांग्रेस पदयात्रा से और बढ़ा रही है कोविड संकटः ज्ञानेन्द्र

**बेंगलुरु**। कर्नाटक के गृह मंत्री अर्ग ज्ञानेंद्र ने कांग्रेस पर अपनी जल के लिए यात्रा के जरिए कोविड संकट को और बढ़ाने का बुधवार को आरोप लगाया। यह पद यात्रा रामनगर जिले में मेकेदातु पर कावेरी नदी के पार एक संतुलित जलाशय की मांग के साथ निकाली जा रही है। ज्ञानेंद्र ने एक बयान में कहा, पदयात्रा कार्यक्रम को स्थगित करने के आह्वान पर ध्यान न देते हुए, जाहिर तौर पर राजनीतिक लाभ लेने के लिए, कांग्रेस नेता राज्य में कोविड संकट को बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने अपना मार्च जारी रखने के लिए कांग्रेस नेताओं के अड़ियल रवैए की आलोचना की और कहा कि पदयात्रा के बारे में सरकार की शुरुआती आशंका दुर्भाग्य से सच हो रही है। मंत्री ने कहा, इस खास वजह से हमने कांग्रेस नेताओं से इस आयोजन को टालने की अपील की थी लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेताओं को सिर्फ राजनीतिक फायदा उठाने की चिंता है, जन स्वास्थ्य की नहीं।

ज्ञानेंद्र के मुताबिक, 10 दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा ले चुके कांग्रेस के कई नेता पहले ही कोविड-19 की चपेट में आ चुके हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। कार्यक्रम समाप्त करने के लिए कांग्रेस नेताओं से अपनी अपील दोहराते हुए, ज्ञानेंद्र ने कहा, "मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस के नेता जो अतीत में सत्ता में थे, वे समझदारी और जिम्मेदारी से काम करेंगे और अपने कार्यक्रम को बंद कर देंगें।

कांग्रेस ने बेंगलुरु और आसपास के जिलों की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्नाटक के हिस्से वाले कावेरी जल के पूर्ण उपयोग के लिए संतुलित जलाशय की मांग करते हुए नौ जनवरी से मेकेदातू से अपना मार्च शुरू किया। तमिलनाडु सरकार ने यह कहते हुए इस परियोजना का विरोध किया है कि इससे उनके हित प्रभावित होंगे।

## पीएम ने तमिलनाडु में 11 नए मेडिकल कॉलेजो, सीआईसीटी के नए परिसर का उद्घाटन किया

**चेन्नई**। प्रधानमंत्री ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से तमिलनाडु में 11 नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों और चेन्नई में केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान (सीआईसीटी) के नए परिसर का उद्घाटन किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, राज्यपाल आर एन रवि और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इन नए मेडिकल कॉलेजों से राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें 1450 तक बढ़ जाएंगी। लगभग 4,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से स्थापित किए गए हैं, जिसमें से लगभग 2,145 करोड़ रुपए केंद्र सरकार और बाकी तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। जिन जिलों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं, उनमें विरुधुनगर, नमक्कल, नीलगिरी, तिरुपुर, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, डिंडीगुल, कल्लाकुरिची, अरियालुर, रामनाथपुरम और कृष्णागिरी जिले शामिल हैं।

# पाकिस्तानी नागरिकों के लिए जाली दस्तावेज तैयार करने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**भाषा**। जोधपुर (राजस्थान)

**पाकिस्तानी नागरिकों** को भारतीय वीज़ा दिलाने के लिए जाली दस्तावेज तैयार करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इनमें से दो आरोपी रिश्तेदार हैं, जबकि दो अन्य में से एक छात्र और एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) का कर्मचारी है। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के एक निरीक्षक के निर्देश पर मामला दर्ज किया गया था। निरीक्षक ने पिछले महीने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इन आरोपियों के खिलाफ की गई एक शिकायत की जांच की थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान नरेंद्र उर्फ नेमाराम टाक, सोहेल रोहानी, चिरंजीव उर्फ अशोक मेघवाल और शीतल भील फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में संलिप्त पाए गए। हमने मंगलवार शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि भारत आने को इच्छुक पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा के लिए प्रायोजक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज दिलवाने में आरोपियों ने मदद की थी। सत्यापन के लिए उन्होंने एक शिक्षक गौतम पुरी के नकली हस्ताक्षर किए थे।

जांच से जुड़े अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान हमें पता चला कि पुरी को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि नकली दस्तावेजों बनाने के लिए उसके फर्जी हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक तृतीय श्रेणी का शिक्षक राजपत्रित अधिकारी की श्रेणी में नहीं आता है, इस प्रकार इस तरह के सत्यापन के लिए पात्र नहीं था।

अधिकारी ने बताया कि सोहेल और चिरंजीव यहां उच्च न्यायालय परिसर में टाइपिस्ट के तौर पर काम करते थे और अभी तक 11 पाकिस्तानी नागरिकों के लिए जाली दस्तावेज तैयार कर चुके थे। सोहले और चिरंजीव रिश्तेदार हैं। पाकिस्तानी नागरिकों को वीज़ा दिलवाने के लिए एजेंट के रूप में काम करते थे। प्रक्रिया के अनुसार, एक पाकिस्तानी नागरिक को भारत का वीज़ा हासिल करने के लिए पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग में अपने दस्तावेज जमा करने होते हैं। इसके लिए भारत से एक प्रायोजक (स्पॉन्सर) या गारंटर की आवश्यकता होती है। इस प्रायोजक प्रमाण पत्र को एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाना होतो है। इसके बाद इस प्रमाणपत्र को वीज़ा दस्तावेज़ों के साथ संलग्न किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### सिक्किम में एसकेएम के नेता के वाहन में लगाई गई आग, एसकेएम ने एसडीएफ को ठहराया जिम्मेदार

**गंगटोक**। सिक्किम मे जारी राजनीतिक हिसा के बीच सत्तारूढ़ दल सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के एक नेता की एसयूवी को जोरथांग में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि एसकेएम के पार्टी कैलेंडर, पत्रिकाओं और डायरी से भरा वाहन जोरेथांग स्कूल के पास खड़ा था और मंगलवार तड़के उसमें आग लगा दी गई। उन्होंने बताया कि वाहन सालघरी-जूम निर्वाचन क्षेत्र के एसकेएम युवा संयोजक जॉन सुब्बा का था। इस घटना के पीछे विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) का हाथ होने का आरोप लगाते हुए एसकेएम ने बुधवार को कहा कि यह सिक्किम के लोगों पर हमला है। मामले की जांच की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और एसडीएफ प्रमुख पी के चामलिंग के तीन महीने बाद 30 दिसंबर को दिल्ली से सिक्किम लौटने के बाद राज्य की राजनीतिक स्थिति अस्थिर हो गई है। रविवार को जब चामलिंग सदाम में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे तब एसकेएम के समर्थकों ने उनके वाहनों को मेल्ली मे रोक दिया और उन्हे कथित तौर पर अपशब्द कहे। उस दिन बाद में जब चामलिंग का काफिला तारे भीर में पहुंचा तब एसडीएफ और एसकेएम समर्थकों के बीच झड़प हुई। एसडीएफ और एसकेएम समर्थकों ने एक दूसरे पर पथराव किया, जिसमे कम से कम चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग घायल हो गए। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर उस इलाके मे हिंसा भड़काने का आरोप लगाया जहां कई पर्यटक ठहरे हुए थे। एसडीएफ ने पुलिस पर उसकी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज नही करने का आरोप लगाया। पार्टी ने मंगलवार को पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की और पूर्व मुख्यमंत्री के लिए सुरक्षा की मांग की। सत्तारूढ़ एसकेएम ने भी घटना को लेकर मेल्ली पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

### पंजाब को चुनौतियों से निपटने वाले सीएम की जरूरत

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सीमावर्ती प्रदेश को ऐसे नेता की जरूरत है जो चुनौतियों से निपट सके और कड़े फैसले कर सके। तिवारी ने ट्वीट किया, पंजाब को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जो चुनौतियों से निपट सके और कड़े फैसले करने की क्षमता रखता हो। पंजाब को गंभीर लोगो की जरूरत है जिनकी राजनीति सोशल इंजीनियरिंग, मनोरंजन, मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली नही हो। पंजाब के आनंदपुर साहिब से लोकसभा सदस्य तिवारी ने एक खबर भी साझा की जिसमे कहा गया है कि चन्नी ने संकेत दिया है कि वह बहुत लोकप्रिय है। तिवारी कांग्रेस के उस जी 23 समूह में शामिल है जिसने साल 2020 मे सोनिया गांधी को पत्र लिखकर संगठन मे आमूल-चूल परिवर्तन और सक्रिय अध्यक्ष की मांग की थी। पार्टी के कई नेताओ ने इसे शीर्ष नेतृत्व को चुनौती दिए जाने के तौर पर लिया था। पंजाब में मुख्यमंत्री पद के आकांक्षी माने जा रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा था कि कांग्रेस आलाकमान नही, बल्कि जनता मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करेगी।

### उत्तर प्रदेश की राजनीति में बदलाव आने वाला हैः संजय राउत

**मुंबई**। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने बुधवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश में राजनीतिक बदलाव होने वाला है और राज्य के एक मंत्री तथा कुछ अन्य भाजपा विधायकों के हाल में पार्टी छोड़ने से इसकी शुरुआत हो गई है। राउत ने यहां संवाददाताओ से कहा कि वह गोवा के लोगों से कहना चाहते है कि धन के लालच मे नही आएं और तटीय राज्य मे भाजपा के इस तरह के किसी भी कदम का शिवसेना विरोध करेगी। गोवा मे 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए 14 फरवरी को चुनाव होने वाला है। उत्तर प्रदेश में भाजपा को झटका देते हुए ओबीसी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को राज्य कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और तीन अन्य विधायकों ने भी पार्टी छोड़ने की घोषणा की। राउत ने बुधवार को कहा, यह सिर्फ शुरुआत है और उत्तर प्रदेश मे राजनीति बदलने वाली है। गोवा में चुनावी परिदृश्य का जिक्र करते हुए शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने कहा, हमारी लड़ाई भाजपा के नोट (धन बल) से है। शिवसेना आम जनता की पार्टी है। हम लोगो से कहना चाहते है कि धन के लालच मे नही पड़े। देवेंद्र फडणवीस के एक बयान पर राउत ने कहा कि प्रवीण जांते एवं माइकल लोबो जैसे नेताओं ने गोवा में फडणवीस की देखरेख में भगवा दल छोड़ दिया। फडणवीस ने कथित तौर पर टिप्पणी की थी कि भाजपा गोवा मे जनादेश को नही बिकने देगी जैसा महाराष्ट्र में हुआ था।

### सबरीमाला में सख्त अधिकारी की जरूरत

**कोच्चि (केरल)**। सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर के भंडारम से महज एक महीने के अंतराल में चोरी की दो घटनाओं को लेकर केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि इस तरह के अपराध को रोकने के लिए वहां एक सख्त अधिकारी होना चाहिए। इससे पहले 16 दिसंबर, 2021 को सबरीमला सन्निधानम के भंडारम मे मुद्रा गिनने के लिए नियुक्त त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) का एक कर्मचारी वहां से धन चुराते पकड़ा गया था। इस कर्मचारी के कमरो की तलाशी करने पर वहां से 42,470 रुपए बरामद हुए थे। इसके बाद आठ जनवरी, 2022 को मुद्रा गिनने के लिए नियुक्त एक अन्य कर्मचारी भी भंडारम से 3500 रुपए की चोरी करते रंगे हाथो पकड़ा गया था।



जम्मू में कोविड-19 वैक्सीन की बूस्टर खुराक लेने के बाद गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारी करती हुईं वूमेन पुलिस।

# विपक्षी दलों को मोदी के नेतृत्व का विकल्प ढूंढना होगाः सुष्मिता देव

**पणजी**। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद सुष्मिता देव ने कहा कि देश की विपक्षी पार्टियों को जनता से वोट मांगने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के खिलाफ एक विकल्प पर विचार करने की जरूरत है। देव ने मंगलवार को गोवा में पीटीआई-भाषा से बातचीत में, दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी मोदी के खिलाफ एक अजेय शक्ति के रूप में उभर रही हैं।

देव ने यह भी कहा कि गोवा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वोट काटने के लिए तृणमूल मैदान में नहीं उतरी है। बनर्जी नीत पार्टी को संगठन का विस्तार करने के लिए अन्य राज्यों में जाना ही होगा। गोवा में विधानसभा की सभी 40 सीटों के लिए 14 फरवरी को मतदान होना है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए, देव ने कहा कि सोनिया गांधी नीत पार्टी के साथ कुछ दिक्कतें हैं। यह सबसे पुरानी पार्टी है, इसका जनाधार सबसे मजबूत है, लेकिन फिर भी यह मोदी के खिलाफ विफल क्यों हो जाती है? राज्यसभा सदस्य ने कहा, देश में एक बड़ा सवाल यही है कि मोदी बनाम कौन? हमें इसी सवाल का जवाब देना है। जब तक हम इस सवाल का जवाब नहीं दे देते, तब तक हम लोगों के बीच नहीं जा सकते।

देव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस वक्त एक विकल्प तलाशने की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि क्या तृणमूल अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में ममता बनर्जी को खड़ा करना चाहती है, देव ने कहा कि विपक्ष की तरफ से इस पद का उम्मीदवार तय करना एक सामूहिक निर्णय होना चाहिए। उन्होंने कहा, जब लोगों ने सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद की थी, तो उन्होंने यह पद डॉ. मनमोहन सिंह के लिए कुर्बान कर दिया था। इसलिए, श्रीमति गांधी बड़े बलिदान देने की क्षमता रखती हैं और यह उनकी खासियत है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक व्यक्ति की जान ली

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने 50 वर्षीय एक ग्रामीण को कथित तौर पर पीट-पीट कर मार डाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिले में एक सप्ताह के भीतर नक्सलियों द्वारा जान लेने का यह पांचवा मामला है। बस्तर रेंज के महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि घटना कुटरू थाना क्षेत्र के केतुलनार गांव में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को हुई। छोटी सी किराना दुकान चलाने वाले जगत सोदी (50) को अज्ञात नक्सलियों ने पीट-पीट कर मार डाला। उन्होंने हत्या के कारण के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। अधिकारी ने बताया कि घटना स्थल पर जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया। बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले बीजापुर में पिछले एक सप्ताह में नक्सलियों ने अपने दो सदस्यों समेत पांच लोगों की जान ली है।

# जम्मू-कश्मीर में एनडीपीएस और यूएपीए कानून के तहत दर्ज मामलों की जांच विशेष टीम करेगीः डीजीपी

**भाषा**। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने केंद्रशासित प्रदेश के सभी जिलों में विशेष जांच टीम गठित करने का आदेश दिया है जो विशेष प्रकार के मामलों की जांच करेगी जैसे कि एनडीपीएस और यूए (पी)ए कानून के तहत दर्ज किए गए मामले। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समाज विरोधी और राष्ट्र विरोधी तत्वों पर करीब से नजर रखी जाए और शांति विरोधी तत्वों के प्रयासों को नाकाम किया जाए। जम्मू क्षेत्र के लिए वर्ष 2022 की योजना और रणनीति तैयार करने और साल 2021 के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के लिए आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में डीजीपी ने यह जानकारी दी।

बैठक में सिंह ने मंगलवार को कहा, विशेष टीम सीधे वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) की निगरानी में काम करेगी। यह टीम विशेष प्रकार के उन मामलों की जांच करेगी जो मादक पदार्थ रोधी कानून (एनडीपीएस) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपए) समेत अन्य कानून के तहत दर्ज किए जाते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को यूए (पी) ए मामलों की जांच करते समय एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जम्मू को सभी जिला एसएसपी को एसओपी की प्रतियां प्रसारित करने के लिए कहा। डीजीपी ने लंबित यूए (पी) ए और एनडीपीएस मामलों के तत्काल निपटान के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने दोषियों की सजा सुनिश्चित करने के लिए जांच की गुणवत्ता और तकनीक में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अशिष्ट मजाक के लिए सिद्धार्थ ने साइना से मांगी माफी, कहा- अपने शब्दों को सही नहीं ठहरा सकता

**मुंबई**। अभिनेता सिद्धार्थ ने बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल के खिलाफ अपने अनुचित ट्वीट के लिए उनसे माफी मांगी है और कहा है कि उनका इरादा कभी भी अपने मजाक से, एक महिला के तौर पर उन पर हमला करने का नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में कथित चूक पर ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल के ट्वीट के जवाब पर सोमवार को अभिनेता की ट्विटर पर व्यापक आलोचना हुई। ट्विटर पर मंगलवार देर शाम प्रकाशित एक खुले पत्र में रंग दे बसंती के अभिनेता ने कहा कि भले ही वह नेहवाल के विचारों से असहमत हों, लेकिन ट्वीट के उनके लहजे को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने लिखा, प्रिय साइना, मैं अपने अशिष्ट मजाक के लिए आपसे माफी मांगना चाहता हूं, जो मैंने कुछ दिनों पहले आपके एक ट्वीट के जवाब के रूप में लिखा था। मैं आपसे कई चीजों पर असहमत हो सकता हूं लेकिन आपके ट्वीट को पढ़कर हुई निराशा या गुस्से को जाहिर करने के लिए जिस लहजे और शब्दों का मैंने उपयोग किया, उन्हें सही नहीं ठहरा सकता। मुझे पता है कि मुझमें इससे कहीं ज्यादा विनम्रता है। उन्होंने लिखा, अगर किसी मजाक को समझाने की जरूरत पड़े तो इसका मतलब है कि वह एक मजाक नहीं था। इस मजाक के लिए खेद है, जो ठीक तरह से पेश नहीं हुआ। स्वयं को महिलाओं का समर्थक बताते हुए 42 वर्षीय अभिनेता ने लिखा कि वह कभी किसी महिला से दुर्भावनापूर्ण इरादे से कुछ नहीं कहेंगे।

सिद्धार्थ ने उम्मीद जताई कि बैडमिंटन खिलाड़ी उनकी माफी स्वीकार कर लेंगी। हालांकि, मेरे इस हास्य का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं था, जिसके लिए हर वर्गों के लोगों ने मुझे जिम्मेदार ठहराया। मैं धुर नारीवादी सहयोगी हूं और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मेरे ट्वीट में कोई लिंग विरोधी भावनाएं निहित नहीं थीं और निश्चित रूप से एक महिला के रूप में आप पर हमला करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम इस बात को भुला सकते हैं और आप मेरे इस पत्र को स्वीकार करेंगी। आप हमेशा मेरे लिए चैंपियन रहेंगी। ईमानदारी से, सिद्धार्थ। इससे पहले, नेहवाल ने कहा था कि उन्हें नहीं पता कि अभिनेता की टिप्पणी का क्या मतलब है, लेकिन नेहवाल ने अभिनेता के ट्वीट पर नाराजगी व्यक्त की।

नेहवाल ने कहा, मैं उन्हें एक अभिनेता के रूप में पसंद करती थी, लेकिन यह ठीक नहीं है। वह खुद को बेहतर शब्दों के साथ व्यक्त कर सकते हैं लेकिन मुझे लगता है कि यह ट्विटर है और आप इस तरह के शब्दों और टिप्पणियों पर ध्यान दे सकते हैं। अगर भारत के प्रधानमंत्री की सुरक्षा एक मुद्दा बन जाती है तो मैं मुझे नहीं लगता कि देश में क्या सुरक्षित है।



अगरतला में मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर एक घर के बाहर पेन्टिंग बनाता कलाकार।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 जनवरी 2022



# सेंसेक्स 533 अंक चढ़कर फिर 61,000 अंक के पार

**शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी**

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 500 अंक से अधिक उछलकर 61,000 अंक के स्तर को फिर पार कर गया। कंपनियों के तीसरी तिमाही में बेहतर वित्तीय नतीजों की उम्मीद में बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 533.15 अंक यानी 0.88 प्रतिशत चढ़कर 61,150.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 61,218.19 अंक तक चला गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 156.60 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 18,212.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील प्रमुख रूप से 4.68 प्रतिशत तक लाभ में रहे। दूसरी तरफ टीसीएस, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, विप्रो और नेस्ले 1.50 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, यह तेजी बाजार में तेजड़ियों के पूर्ण नियंत्रण को दर्शाती है। निवेशक तीन प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों...विप्रो, इन्फोसिस और टीसीएस...के बेहतर परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं। इसका सकारात्मक असर पड़ा है।

प्रमुख बैंकों के वित्तीय परिणाम शनिवार से आने शुरू हो जाएंगे। फंसे कर्ज के एवज में प्रावधान कम होने और शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़ने से परिणाम अच्छे रहने की उम्मीद है।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कोविड संक्रमण के मामलों के वृद्धि के बावजूद रियल्टी, वाहन, ऊर्जा और बैंक शेयरों की अगुवाई में मानक सूचकांकों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही। अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले वैश्विक धारणा सकारात्मक रही। फेडरल रिजर्व प्रमुख के बयान से मुद्रास्फीति को लेकर चिंता कुछ दूर हुई है। उन्होंने कहा, बेहतर कारोबार और अच्छे परिदृश्य की वजह से रियल्टी शेयरों में तेजी बनी हुई है। आईटी कंपनियों के परिणाम आने वाले दिनों में बाजार को दिशा देंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बृहस्पतिवार का दिन महत्वपूर्ण होगा क्योंकि निवेशक आईटी कंपनियों...इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो के नतीजों के साथ वृहत आर्थिक आंकड़ों (आईआईपी और खुदरा मुद्रस्फीति) के आधार पर कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा, अभी भी कई क्षेत्रों में अवसर है। निवेशकों को सोच-विचार कर क्षेत्र का चयन करना चाहिए और उसके हिसाब से निवेश करने चाहिए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने संसद सदस्यों के समक्ष कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक इस साल नीतिगत दर बढ़ाने की तैयारी में है लेकिन इसमें कई महीने लगेंगे। एशिया के अन्य बाजारों में ज्यादातर में तेजी का रुख रहा। यूरोप के प्रमुख बाजार भी दोपहर कारोबार में बढ़त में थे। इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर एक पैसे की बढ़त के साथ 73.93 पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 111.91 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।







## खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 5.59 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2021 में बढ़कर 5.59 प्रतिशत हो गई। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर, 2021 में 4.91 प्रतिशत और दिसंबर, 2020 में 4.59 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 4.05 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.87 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर गौर करता है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि आधार प्रभाव प्रतिकूल होने की वजह से वित्त वर्ष की बची अवधि में मुद्रास्फीति का आंकड़ा ऊंचा रहेगा। रिजर्व बैंक के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सकल मुद्रास्फीति अपने उच्चस्तर पर होगी।

## क्विक न्यूज

### औद्योगिक उत्पादन नवंबर में 1.4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** देश के औद्योगिक उत्पादन में नवंबर, 2021 में 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ो के अनुसार, नवंबर, 2020 में औद्योगिक उत्पादन 1.6 प्रतिशत घटा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा। आलोच्य महीने में खनिज उत्पादन पांच प्रतिशत और बिजली उत्पादन 2.1 प्रतिशत बढ़ा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान औद्योगिक उत्पादन 17.4 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में इसमें 15.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी।मार्च, 2020 से शुरू हुई कोरोना वायरस महामारी के कारण औद्योगिक उत्पादन प्रभावित हुआ। उस समय इसमें 18.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन से अप्रैल, 2020 में इसमें 57.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई थी।

### चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 16.6 करोड़ या 7.1% रहेगा: इक्रा

**मुंबई।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2021-22 में सरकार का राजकोषीय घाटा 16.6 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान जताया है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 7.1 फीसदी होगा। इक्रा रेटिंग्स ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष में राज्यों का राजकोषीय घाटा 3.3 फीसदी के अपेक्षाकृत कम स्तर पर रहने का अनुमान है। इस तरह केंद्र एवं राज्यों का सामान्य राजकोषीय घाटा जीडीपी के करीब 10.4 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार का राजकोषीय घाटा थोड़ा कम होकर 15.2 लाख करोड़ रुपए रह सकता है, जो जीडीपी का 5.8 प्रतिशत होगा। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कर संग्रह में तेजी आने से सरकार की सकल कर प्राप्तियां वर्ष 2021-22 में बजट अनुमान से 2.5 लाख करोड़ रुपए तक अधिक रह सकती है। हालांकि, जून 2022 के बाद जीएसटी क्षतिपूर्ति की व्यवस्था खत्म होने से राज्य सरकारों का राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

### नोकिया और टेक महिंद्रा के बीच उद्यमों को 5जी आधारित समाधान देने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** फिनलैंड की मोबाइल निर्माता कंपनी नोकिया और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा ने कारोबारी संगठनों को 5जी प्रौद्योगिकी पर आधारित समाधान उपलब्ध करवाने के लिए साझेदारी की है। दोनों कंपनियों की ओर से जारी साझा बयान के मुताबिक, इस साझेदारी के तहत टेक महिंद्रा उद्योगों में ग्राहकों के लिए नोकिया के निजी वायरलैस डीएसी (डिजिटल ऑटोमेशन क्लाउड) समाधान का लाभ उठाएगी और क्लाउड कंप्यूटिंग प्रणाली पर 5जी निजी वायरलैस नेटवर्क प्रबंधन के स्वचालन में मदद देगी। टेक महिंद्रा के 5जी एवं नेटवर्क सेवा कारोबार प्रमुख मनीष मंगल ने एक बयान में कहा, अगले स्तर के स्वचालन और डिजिटल रूपांतरण के लिए उद्योगों द्वारा 5जी को अपनाना महत्वपूर्ण हो गया है। इससे उत्पादन क्षमता बहुत बढ़ेगी और परिचालन में आने वाली जटिलताएं एवं लागत भी कम होगी।

### इन्फोसिस का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 11.8 प्रतिशत बढ़कर 5,809 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 11.8 प्रतिशत बढ़कर 5,809 करोड़ रुपए पर पंहुच गया। बेंगलुरु की कंपनी ने बुधवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसने 5,197 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में बताया कि उसने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपने राजस्व वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 19.5-20 प्रतिशत कर दिया है। इन्फोसिस की 31 दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही में आय 22.9 प्रतिशत बढ़कर 31,867 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 25,927 करोड़ रुपए थी। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि मजबूत प्रदर्शन और बाजार हिस्सेदारी हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि हमारे ग्राहकों को उनके डिजिटल कायाकल्प में मदद करने के लिए हम पर कितना भरोसा है। वहीं कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी नीलांजन रॉय ने कहा कि मुख्य रूप से आपूर्ति संबंधी चुनौतियों से लागत बढ़ने के बावजूद कंपनी ने आलोच्य तिमाही के दौरान मजबूत प्रदर्शन किया है। इंफोसिस का शेयर बुधवार को बीएसई पर 1.16 प्रतिशत की बढ़त लेकर।,877.60 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### कर्मचारी यूनियन के अदालत में जाने के बाद सरकार ने सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स के निजीकरण की योजना टाली

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी यूनियन के अदालत का रुख करने के बाद सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि. (सीईएल) को एक कम चर्चित कंपनी को बेचने की योजना टाल दी है। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि नंदल फाइनेंस एंड लीजिंग द्वारा लगाई गई 210 करोड़ रुपए की सबसे ऊंची बोली में कम मूल्यांकन के आरोप की जांच की जा रही है। दीपम ही सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की प्रक्रिया को देखता है। पांडेय ने बताया कि सीईएल में सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के लिए नंदल फाइनेंस एंड लीजिंग को अभी आशय पत्र जारी नही किया गया है और कम मूल्यांकन के आरोपों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि सरकार ने नवंबर में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के तहत नंदल फाइनेंस एंड लीजिंग को 210 करोड़ रुपए में सीईएल को बिक्री की मंजूरी दी थी। निजीकरण के इस लेनदेन को मार्च, 2022 तक पूरा किया जाना था।

### श्रीलंका ने वस्तुओं के आयात के लिए भारत से एक अरब डॉलर का कर्ज मांगा

**कोलोंबो।** श्रीलंका ने लगभग सभी आवश्यक वस्तुओं का संकट पैदा हो गया है। ऐसे में द्वीपीय देश ने भारत से वस्तुओं के आयात के लिए एक अरब डॉलर का कर्ज मांगा है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के गवर्नर अजित निवार्ड कैब्राल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि श्रीलंका अपने ऋण भुगतान के पुनर्गठन के प्रयास के तहत चीन से एक और कर्ज के लिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, कर्ज की राशि अभी तय नही की गई है। उन्होने कहा कि श्रीलंका सामान आयात करने के लिए भारत के साथ एक अरब डॉलर के ऋण को लेकर बातचीत कर रहा है। इससे श्रीलंका को अपने ऋण भुगतान में मदद मिलने के साथ दोनों देशों के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। श्रीलंका आयात के भुगतान के लिए डॉलर के संकट के चलते फिलहाल सभी आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहा है।

## विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 8.3 फीसदी पर स्थिर रखा

**भाषा।** नई दिल्ली

विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 8.3 फीसदी पर बरकरार रखते हुए कहा है कि आर्थिक पुनरुद्धार का व्यापक फलक हासिल करना अभी बाकी है। विश्व बैंक ने वर्ष 2021-22 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.3 फीसदी रहने का पूर्वानुमान जताते हुए मंगलवार को कहा कि उसका यह आकलन पुनरुद्धार के व्यापक स्तर पर प्रसारित होने की संभावना पर आधारित है। गत जून में भी विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर 8.3 फीसदी रहने का ही अनुमान जताया था। विश्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक संभावनाओं पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अर्थव्यवस्था को संपर्क-बहुल सेवाओं की बहाली से लाभ होना चाहिए। इसके अलावा मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतिगत समर्थन से भी इसे मदद मिलेगी।पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने वर्ष 2021-22 के लिए पहले अग्रिम अनुमान में आर्थिक वृद्धि 9.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। उसने कोविड से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद कृषि, खनन एवं विनिर्माण क्षेत्रों के सुधरे प्रदर्शन के दम पर वृद्धि को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई है।विश्व बैंक की रिपोर्ट में वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए क्रमशः 8.7 फीसदी और 6.8 फीसदी वृद्धि का पूर्वानुमान जताया गया है। यह उसके पिछले अनुमान से अधिक है। निजी निवेश के माहौल में सुधार, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना और ढांचागत निवेश में वृद्धि इसकी वजह है।

## दिसंबर में भारत का पाम तेल आयात 29 प्रतिशत घटकर 5.44 लाख टन पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**खाद्य तेल** निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बुधवार को कहा कि भारत का पाम तेल आयात दिसंबर, 2021 में 29.15 प्रतिशत घटकर 5.44 लाख टन रह गया, लेकिन इसके साथ ही आरबीडी पामोलिन का आयात बढ़ने से घरेलू रिफाइनरियों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है।

दुनिया के प्रमुख वनस्पति तेल खरीदार देश भारत ने दिसंबर 2020 में 7,68,392 टन पाम तेल का आयात किया था। दिसंबर, 2021 में पाम तेल का आयात घटकर 5,44,343 टन रह गया। दिसंबर, 2021 में देश का कुल वनस्पति तेल आयात 10 प्रतिशत घटकर 12.26 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 13.56 लाख टन था। देश के कुल वनस्पति तेल आयात में पाम तेल का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक है।

एसईए के अनुसार, आरबीडी पामोलिन के आयात में वृद्धि हुई है जिससे घरेलू रिफाइनर प्रभावित होंगे। आारबीडी पामोलीन पर आयात शुल्क में कमी के बाद आरबीडी पामोलिन और कच्चे पाम तेल (सीपीओ) की कीमतों में भारी असमानता है। एसईए ने कहा कि सीपीओ पर आयात शुल्क में एक साथ कमी किए बिना (रिफाइंड) पामोलिन पर प्रभावी आयात शुल्क को 19.25 प्रतिशत से घटाकर 13.75 प्रतिशत करने से सीपीओ के बजाय रिफाइंड पामोलिन के आयात में वृद्धि होने की संभावना है। घरेलू रिफाइनर के लिए सीपीजो कच्चा माल है। एसईए ने कहा कि चूंकि मार्च, 2022 तक आरबीडी पामोलिन को कम शुल्क पर स्वतंत्र रूप से आयात करने की अनुमति दी गई है, इसलिए जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान लगभग 10 से 12 लाख टन आरबीडी पामोलिन का आयात होने की उम्मीद है जिससे सीपीओ का आयात प्रभावित होगा। सीपीओ के प्रसंस्करण में 6,000 से 8,000 रुपए प्रति टन का खर्च आता है। इस स्थिति के कारण प्रस्करणकर्ता कंपनियों को अपनी रिफाइनरियां बंद करनी पड़ सकती हैं। एसईए के आंकड़ों से पता चलता है कि पाम तेल उत्पादों में, सीपीओ का आयात दिसंबर, 2021 में 29.59 प्रतिशत घटकर 5.28 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की अवधि में 7.48 लाख टन था। क्रूड पाम कर्नेल ऑयल (सीपीकेओ) का आयात भी एक साल पहले की समान अवधि के 19,486 टन से गिरकर 13,800 टन रह गया। हालांकि, दिसंबर 2021 में आरबीडी पामोलिन का आयात बढ़कर 24,000 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 900 टन था। हल्के तेलों में सोयाबीन तेल का आयात पिछले साल दिसंबर में 21.57 प्रतिशत बढ़कर 3.92 लाख टन हो गया, जो दिसंबर, 2020 में 3.22 लाख टन था। इसी तरह दिसंबर, 2021 में सूरजमुखी तेल का आयात 10 प्रतिशत बढ़कर 2.58 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2.34 लाख टन था। एसईए के अनुसार, एक जनवरी तक खाद्य तेलों का स्टॉक 5.80 लाख टन अनुमानित था और लगभग 11.40 लाख टन पाइपलाइन में था। भारत मुख्य रूप से इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है।


हैदराबाद में मकर संक्रांति के आगमन के अवसर पर सूखे रंग बेचती महिला दुकानदार

## अपार्टमेंट की तुलना में रिहायशी जमीन में निवेश पर मिलता है ऊंचा रिटर्न: रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**निवेश** के लिहाज से रिहायशी भूखंड अब भी अपार्टमेंट खरीदने से बेहतर है। यह बात देश के आठ बड़े शहरों में वर्ष 2015 से आवासीय भूखंड की कीमतों में वृद्धि से पता चलती है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। मकान, जमीन आदि के बारे में जानकारी देने वाली हाउसिंग डॉटकॉम के अनुसार, रिहायशी भूखंडों की कीमतों में 2015 से सालाना औसतन सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जबकि इस अवधि के दौरान अपार्टमेंट में सालाना दो प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। आरईए इंडिया के स्वामित्व वाली इकाई हाउसिंग डॉटकॉम ने एक बयान में कहा, देश में रिहायशी भूखंड अपार्टमेंट खरीदने से बेहतर है। भूखंडों से रिटर्न 2015 से अपार्टमेंट के मुकाबले अधिक है। इसमें जिन आठ शहरों को शामिल किया गया है, वे हैं ...राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद। हाउसिंग डॉटकॉम, मकान डॉटकॉम एवं प्रॉपटाइगर डॉटकॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, रिहायशी भूखंड से निवेश पर ज्यादा रिटर्न मिला है। इसका एक कारण बड़े शहरों में बड़े भूखंडों की कमी से जमीन की सीमित आपूर्ति हो सकती है। उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान जमीन और स्वतंत्र मंजिल (इंडिपेंडेंट फ्लोर) पर बने मकानों की मांग में जोरदार इजाफा हुआ है। कंपनियां बड़े शहरों के बाहरी क्षेत्रों में इस तरह की परियोजनाओं को शुरू कर इस मांग में आई वृद्धि को पूरा करने की कोशिश कर रही हैं। हाउसिंग डॉटकॉम ने यह भी कहा कि उक्त आठ शहरों में लोग भूखंड के बजाय अपार्टमेंट खरीदने को तरजीह दे रहे हैं। फ्लैट पसंद करने के पीछे सुरक्षा और वैकल्पिक बिजली की बेहतर व्यवस्था, कार पार्किंग, क्लब, जिम, स्विमिंग पूल तथा गार्डन एरिया सहित अन्य सुविधाएं प्रमुख कारण हैं। हाउसिंग डॉटकॉम की शोध प्रमुख अंकिता सूद ने कहा, गुरुग्राम के प्रमुख इलाकों और दक्षिण भारत के प्रमुख बड़े शहरों हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में विशेष रूप से 2018 के बाद आवासीय जमीन की कीमतों में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।

# पेज एक का शेष

### चरम नहीं...

जिलों में कोरोना वायरस के लिए नमूनों की जांच में साप्ताहिक संक्रमण दर 5 प्रतिशत से ज्यादा है। सरकार ने लोगों से कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमीक्रोन से होने वाले संक्रमण को सामान्य सर्दी-खांसी नहीं मानने और टीका लगवाने की अपील भी की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है कि ओमीक्रोन को सामान्य सर्दी जुकाम मानने की भूल न करें और एहतियात बरतें। केंद्र सरकार ने कहा कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, केरल और गुजरात कोविड के मामलों में वृद्धि को देखते हुए चिंता वाले राज्यों के रूप में उभर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि भारत में कोविड-19 संक्रमण में तेजी से इजाफा हो रहा है और नमूनों की जांच में संक्रमण की दर 30 दिसंबर को 1.1 प्रतिशत से बढ़कर बुधवार को 11.05 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में कोविड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और पूरी दुनिया में एक दिन में अब तक के सर्वाधिक मामले 10 जनवरी को आए जिनकी संख्या 31.59 लाख थी। अधिकारी ने कहा कि इस समय भारत में 300 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर 5 प्रतिशत से अधिक है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि ओमीक्रोन सामान्य सर्दी-खांसी नहीं है, इसे हल्के में नहीं ले सकते। हमें सतर्कता बरतने तथा टीका लगवाने की जरूरत हैं, वहीं कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाते रहना होगा। हमारे कोविड बचाव कार्यक्रम में टीकाकरण एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि रैपिड एंटीजन जांच और घर पर की गई एंटीजन जांच समेत लेटरल फ्लो जांच के द्वारा, वायरस से संक्रमित होने के तीसरे दिन से आठवें दिन तक कोविड का पता चल सकता है जबकि आरटी पीसीआर जांच से 20 दिन तक संक्रमण का पता चल सकता है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चाहे किसी भी प्रकार की जांच करवाई जाए, संक्रमण के पहले दिन उसका नतीजा निगेटिव आएगा। भार्गव ने कहा, वायरस को आपके शरीर में बढ़ने में समय लगता है और इसे लेटेंट पीरियड कहा जाता है।

### उत्पत्ति के...

के प्रमुख प्रोफेसर जोनाथन रीड ने कहा कि हवादार जगहों पर इसका कम प्रभाव पड़ने की संभावना है, लेकिन हवा में वायरस नहीं फैला है मैं यह नहीं कह रहा हूं कि लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि जब आप किसी के करीब होते हैं तो सबसे अधिक जोखिम के करीब होते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप और दूर जाते हैं तो न केवल एरोसोल का असर कम होता जाता है, बल्कि संक्रामक वायरस भी समय के साथ अपनी संक्रामकता खो दी है। अध्ययन करने वाले ब्रिस्टल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा उपकरण विकसित किया है जो उन्हें किसी भी संख्या में छोटे, वायरस युक्त कणों को उत्पन्न करने की अनुमति देता है और तापमान को नियंत्रित करते हुए, पांच सेकंड से 20 मिनट के बीच दो बिजली के छल्ले के बीच उन्हें धीरे-धीरे ले जाता है। रिपोर्ट में उनके परिवेश की आर्द्रता और यूवी प्रकाश की तीव्रता के बारे में पता लगाया गया है। उन्होंने पाया कि वायरल कण तेजी से नमी खोने लगते हैं और फेफड़ों की अपेक्षाकृत नम और कार्बन डाइऑक्साइड युक्त स्थितियों से बाहर निकलने पर सूख जाते हैं।

### सामान्य टीके...

ही टिकाऊ है और न ही अच्छी रणनीति। हालांकि, डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों टीम ने नए टीकों बनाने पर बल दिया है ताकि कोविड की गंभीरता को कम किया जा सके और ऑमीक्रोन जैसे उभरते वायरस पर काबू जाया जा सके। सलाहकार टीम ने यह भी कहा कि मौजूदा कोविड-19 टीके गंभीर संक्रमण को रोकने आज भी प्रभावी है लेकिन मृत्यु दर कम करने के लिए अभी वैक्सीन को और भी अधिक विकसित किया जाना चाहिए। दुनिया भर में बढ़ते संक्रमण को लेकर डब्लूएचओ ने वायरस से प्रसार को रोकने के लिए स्वास्थ्य ढांचे पर जोर और सामाजिक उपायों अपनाने की जरूरत बताया। उन्होनें यह भी सुझाव दिया है कि ऐसे टीके बनाने पर बल दिया जाए जिसमें बूस्टर डोज की आवश्यकता को कम हो और लोगों की जन्द प्रतिरक्षा जल्द मिल सके। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में 331 वैक्सीन पर काम किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने अब तक आठ अलग-अलग टीकों को अपनी मंजूरी दे दी है।

### यूपी में...

दिलाई थी। चौहान को ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष भी बनाया गया। 2017 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उन्हें योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया। जबकि यूपी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के एक और वरिष्ठ नेता व मौजूदा विधायक ने पार्टी छोड़ दी है। वरिष्ठ नेता अवतार सिंह भड़ाना रालोद में शामिल हो गए हैं। बुधवार को खुद रालोद के मुखिया जयंत चौधरी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। अवतार सिंह भड़ाना मुजफ्फरनगर के मीरपुर से विधायक हैं। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के विधायक हरिओम यादव, कांग्रेस विधायक नरेश सैनी और पूर्व सपा विधायक धर्मपाल यादव ने बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डा दिनेश शर्मा और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। स्वतंत्र देव सिंह ने नव आगंतुक नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि मोदी-योगी सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया है। इनके पार्टी में शामिल होने से पार्टी के चुनाव अभियान को और मजबूती मिलेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में ये लोग काम करेगें और पार्टी को मजबूती प्रदान करेगें। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बीजेपी में शामिल विधायकों ने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास की नयी कहानी लिखी है। डबल इंजन की सरकार में ही उत्तर प्रदेश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि हम नि:स्वार्थ भाव से पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

### अयोध्या से...

फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) में लिया जाएगा। ज्ञात हो कि सीईसी उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस समिति के सदस्य हैं। सूत्रों के मुताबिक पहले व दूसरे चरण के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए शीघ्र ही सीईसी की बैठक होगी। दूसरे चरण में 14 फरवरी को राज्य की 55 सीटों पर मतदान होगा। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यदि योगी आदित्यनाथ को चुनाव लड़ाने का फैसला करता है तो अयोध्या के अलावा मथुरा और गोरखपुर दो ऐसी सीटें हैं जहां से मुख्यमंत्री को चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। गोरखपुर को योगी आदित्यनाथ का गढ़ माना जाता है। वह वहां से कई बार सांसद भी चुने जा चुके हैं। साथ ही वह गोरखनाथ मंदिर के प्रमुख महंत भी हैं। सूत्रों ने बताया कि यदि पार्टी उन्हें अयोध्या से चुनाव मैदान में उतारती है तो इसका बड़ा संदेश जाएगा। क्योंकि वहां राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है और योगी आदित्यनाथ पार्टी के प्रमुख हिन्दुत्वादी चेहरे हैं। सूत्रों का मानना है कि अयोध्या चूंकि अवध क्षेत्र में पड़ता है और यहां पारंपरिक रूप से समाजवादी पार्टी मजबूत रही है, लिहाजा यदि पार्टी यहां से योगी आदित्यनाथ को उतारती है कि उसे इसका लाभ मिल सकता है।

### जांच की...

गया था, जिसके बाद वह एक रैली सहित किसी भी कार्यक्रम में शामिल हुए बिना पंजाब से लौट आए थे। शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन लॉयर्स वॉयस की याचिका पर यह आदेश दिया। वकील संदीप सिंह के माध्यम से दायर याचिका में अनुरोध किया गया है कि देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा और आवाजाही के संबंध में प्रतिवादी संख्या 1, 2 और 3 (राज्य सरकार, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की ओर से गंभीर और जानबूझकर की गई चूक का संज्ञान लिया जाए। याचिका में जिला न्यायाधीश, बठिंडा को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह यात्रा के संबंध में पंजाब पुलिस की गतिविधियों और तैनाती से संबंधित सभी संभावित स्रोतों से सभी आधिकारिक दस्तावेज और सामग्री जल्द से जल्द एकत्र करें और उन्हें शीर्ष अदालत के सामने पेश करें। इसके अलावा, याचिका में केंद्रीय गृह मंत्रालय को राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की तीन सदस्ईय पीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिरीक्षक, चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और पंजाब के अतिरिक्त डीजीपी (सुरक्षा) को न्यायमूर्ति मल्होत्रा समिति का सदस्य नियुक्त किया। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि वह पंजाब सरकार द्वारा प्रधानमंत्री के पांच जनवरी के दौरे के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित सभी जब्त दस्तावेज समिति प्रमुख को तुरंत उपलब्ध कराएं।

### नफरती भाषणों...

विपरीत हैं। याचिका में विशेष तौर पर 17 और 19 दिसंबर 2021 को हरिद्वार और दिल्ली में दिए गए कथित रूप से नफरत पैदा करने वाले भाषणों का उल्लेख किया गया है और इस प्रकार के भाषणों से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि एक कार्यक्रम हरिद्वार में यति नरसिंहानंद की तरफ से और दूसरा कार्यक्रम दिल्ली में हिंदू युवा वाहिनी की तरफ से आयोजित किया गया था और इन कार्यक्रमों में एक विशेष समुदाय के सदस्यों के नरसंहार का कथित तौर पर आह्वान किया गया था। मामले की सुनवाई की शुरुआत में सिब्बल ने धर्म संसद में कही गई बातों के एक पृष्ठ के प्रतिलेख का उल्लेख किया और कहा कि वह इस सामग्री को पढ़कर मामले को सनसनीखेज नहीं बनाना चाहते। पीठ ने कहा कि वह राज्यों को नोटिस जारी करेगा। इस पर सिब्बल ने अनुरोध किया कि केंद्र को भी नोटिस जारी किया जाए, क्योंकि शीर्ष अदालत के पहले के आदेशानुसार उन्हें इस प्रकार की चीजें रोकने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी की ओर से एक हस्तक्षेप अर्जी का उल्लेख किया।

### मंत्री, भाजपा...

थी, जहां सैकड़ों लोगों ने घंटों तक रास्ता बाधित किया था। जिससे ट्रेन सेवा प्रभावित हुई थी। अभियोजन पक्ष ने सुनवाई के दौरान विशेष अदालत के समक्ष तत्कालीन जिलाधिकारी समेत 24 गवाह पेश किए लेकिन आरोपियों का दोष साबित नहीं कर सके। उप्र में 2017 में भाजपा की सरकार बनी तो भूपेंद्र सिंह चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया।

# 'यूएनएससी में भारत का दूसरा साल प्राथमिकताओं के सुदृढ़ीकरण का समय होगा'

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थाई सदस्य के तौर पर भारत का दूसरा साल समेकन और प्राथमिकताओं के सुदृढ़ीकरण का समय होगा तथा भारत दिसंबर में परिषद की अध्यक्षता के साथ अपने कार्यकाल का समापन शानदार तरीके से करेगा। तिरुमूर्ति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दो साल के अपने कार्यकाल के पहले साल में भारत ने अफगानिस्तान और म्यांमा समेत कई मामलों पर दृढ़ लेकिन रचनात्मक रुख अपनाया।

उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद के निर्वाचित सदस्य के रूप में हमारा आठवां कार्यकाल आधा बीत चुका है। पिछले एक साल में हमने विशेषकर समुद्री सुरक्षा, संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा, शांतिरक्षकों की सुरक्षा और हर प्रकार के आतंकवाद से निपटने के क्षेत्र में अपनी प्राथमिकताओं पर परिषद का फिर से ध्यान केंद्रित किया। तिरुमूर्ति ने कहा, हम जब परिषद में दूसरे साल के लिए भारत की योजनाओं की बात करते हैं, तो मेरा मानना है कि यह समेकन और हमारी प्राथमिकताओं के सुदृढ़ीकरण का समय होगा। हम परिषद के भीतर विविध हितों के बीच पुल की एक भूमिका निभाना जारी रखेंगे। भारत 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है और इसका दो साल का कार्यकाल 13 दिसंबर, 2022 को समाप्त होगा। भारत इस साल दिसंबर में अपने इस कार्यकाल के दौरान दूसरी बार परिषद की अध्यक्षता भी करेगा। इससे पहले भारत ने अगस्त 2021 में परिषद की अध्यक्षता की थी। तिरुमूर्ति ने कहा, भारत इस साल दिसंबर में सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष भी होगा। हमें अपनी अवधि के शानदार तरीके से समापन होने की उम्मीद है। अगस्त में अपनी अध्यक्षता में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ, समुद्री सुरक्षा और शांतिरक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन



किया था तिरुमूर्ति तालिबान प्रतिबंध समिति और लीबिया प्रतिबंध समिति दोनों के अध्यक्ष होने के अलावा वर्ष 2022 के लिए आतंकवाद-रोधी समिति के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि परिषद भारत से इन मामलों पर अपने अनुभव का लाभ मुहैया कराने की अपेक्षा करती है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के अधिकार पत्र का इस वर्ष 17 मार्च को नवीनीकरण किया जाएगा।यह पूछे जाने पर कि संयुक्त राष्ट्र के संदर्भ में अफगानिस्तान के लिए भारत क्या चाहता है, तिरुमूर्ति ने कहा कि हमारे लिए अफगानिस्तान के मामले पर अहम चीज यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय एकजुट रहे और एक आवाज में बात करे।उन्होंने कहा कि 15 अगस्त, 2021 को काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान के संबंध में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सामूहिक अपेक्षाएं अगस्त में भारत की अध्यक्षता के दौरान अपनाए गए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2593 में स्पष्ट शब्दों में पेश की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई संबंधी आवश्यकताओं का जिक्र किया गया है। तिरुमूर्ति ने कहा कि प्रस्ताव में अफगानिस्तान की महिलाओं, अल्पसंख्यकों और विविध राजनीतिक-जातीय समूहों की पूर्ण, समान और सार्थक भागीदारी के साथ समावेशी और वार्ता के जरिए राजनीतिक समाधान की अपेक्षाओं का भी उल्लेख किया गया है। तिरुमूर्ति ने कहा कि इसमें महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों समेत लोगों के अधिकारों को बरकरार रखने की महत्ता और अफगानिस्तान के लोगों के लिए मानवीय सहायता मुहैया कराए जाने की आवश्यकता को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय और विकास मोर्चे पर लंबे समय से मदद मुहैया कराता रहा है और इसी को आगे बढ़ाते हुए भारत ने अफगानिस्तान को तत्काल आवश्यक चिकित्सकीय आपूर्ति और टीके मुहैया कराए हैं और खाद्य सहायता भी भेजी जा रही है। तिरुमूर्ति ने कहा, इस संदर्भ में देश के भीतर संयुक्त राष्ट्र की मजबूत मौजूदगी इस अहम समय में मददगार होगी। हम परिषद के अन्य सदस्यों के साथ इस विशेष खाके पर काम करेंगे, जिसके तहत अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन काम कर सकता है। इसके साथ ही हम अफगानिस्तान के लोगों और संकट के इस समय में साथ खड़े को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उनकी अपेक्षा पर भी ध्यान केंद्रित रखेंगे।

## आतंकवाद रोधी समिति के अध्यक्ष तिरुमूर्ति ने 2022 के लिए प्राथमिकताओं पर चर्चा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आतंकवाद रोधी समिति के अध्यक्ष के तौर पर मौजूदा वर्ष के लिए समिति की प्राथमिकताओं पर चर्चा की और आतंकवाद रोधी पर भारत के केन्द्रीकरण के बिंदुओं और परिप्रेक्ष्य को साझा किया। आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) को 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में हुए आतंकवादी हमले के बाद गठित किया गया था। यूएनएससी प्रस्ताव 1373 (2001) के तहत सीटीसी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सहायक संस्था के तौर पर स्थापित किया गया था। तिरुमूर्ति ने मंगलवार को ट्वीट किया कि सीटीसी के अध्यक्ष के तौर पर संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक से बातचीत करके अच्छा लगा और उनकी टीम के साथ 2022 के लिए सीटीसी की प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा आतंकवाद रोधी पर भारत की तवज्जो और परिप्रेक्ष्य को साझा किया। सीटीसी ने एक ट्वीट में कहा कि तिरुमूर्ति ने उभरते खतरों और चुनौतियों से निपटने में 2022 में किए जाने वाली प्राथमिकताओं को रेखांकित किया।

## इंडोनेशिया में आम जनता के लिए कोविड-19 बूस्टर अभियान शुरू

**जकार्ता।** इंडोनेशिया ने जनता को कोविड-19 रोधी टीकों की बूस्टर खुराक देनी शुरू कर दी है। अभियान के तहत फिलहाल बुजुर्गों तथा किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार को जनवरी में उन 2.1 करोड़ लोगों को बूस्टर खुराक देने की उम्मीद है, जिन्होंने कम से कम छह महीने पहले अपनी दूसरी खुराक ली थी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने कहा, यह देखते हुए कि कोरोना वायरस बदलता रहता है, समाज की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए यह प्रयास महत्वपूर्ण है।


PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Namrata B Rajput D/o. B.M. Rajput, Cont. 8888841007, Email: jkitinternational@gmail.com, R/o. M.E.-48, Magh Sec Bhujbal Farm Road, Nasik-422009, Maharashtra, Allottee of Flat No. 107, 1st Floor, LIG Flat, Block-F-9, Sector-D-6, Vasant Kunj, New Delhi-110070 has applied for the of aforesaid property. The original documents Possession Letter, Possession Slip, NOC For Water & Electricity issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 12/01/2021. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- The Assistant Director (LIG), DDA, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

सार्वजनिक सूचना

[illegible] जा चुकी है। कि हमारा मुवक्किल उपरि संदर्भित सम्पत्ति एसबीआई की कुंडली, हरियाणा स्थित शाखा में बंधक रखने का आशय रखता है। कोई भी व्यक्ति, बैंक/वित्तीय संस्था इत्यादि, उपरोक्त गुम बिक्री हेतु अनुबंध तथा जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दोनों दिनांकित 06-09-1984/किसी अन्य पंजीकृत अथवा अपंजीकृत दस्तावेज के आधार पर सम्पत्ति संख्या 160, वैशाली, दिल्ली में किसी अधिकार, स्वामित्व अथवा हित का दावेदार है, उसको उसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को आज से 7 दिन के भीतर देनी होगी। 7 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद, इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अधिवक्ता योगिता (सम्पर्क हेतु नंबर 9911456298)


## गुमशुदा महिला की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका **नाम:** कुन्ती, **पत्नी:** स्व. रामजी लाल **पता:** मकान नं. ई-57/ए-374, सुन्दर नगरी, दिल्ली, **उम्र:** लगभग 32 साल, **कद:** 5 फुट, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** साधारण, **पहनावा:** आसमानी नीले रंग का सूट-सलवार व चप्पल पहने हुए, दिनांक 07.12.2021 को अपने घर से लापता हो गयी है।

इस संदर्भ में DD No. 48-A, दिनांक 17.12.2021, थाना नन्द नगरी, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना नन्द नगरी, दिल्ली
फोन: 011-22585985, 8750870733
DP/1258/NE/2021

## क्विक न्यूज

### कोविड-19: ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में एक दिन में रिकॉर्ड संख्या में लोगों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले शहर न्यू साउथ वेल्स में बुधवार को कोरोना वायरस के कारण 21 और लोगों की मौत हुई, जो संक्रमण के कारण अब तक की सर्वाधिक दैनिक मृतक संख्या है। इससे पहले, सर्वाधिक दैनिक मृतक संख्या सोमवार को दर्ज की गई थी। सोमवार को 18 लोगों की मौत संक्रमण के कारण हुई थी। राज्य में संक्रमण के 34,759 नए मामले सामने आए है और 2,242 लोग अस्पताल में भर्ती है। न्यू साउथ वेल्स में रैपिड एंटीजन जांच की जानकारी मुहैया कराना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य के प्रीमियर डोमिनिकट पेरोटेट ने कहा कि जो लोग रैपिड एंटीजन जांच में संक्रमित पाए जाने के बाद इस संबंध में जानकारी मुहैया नहीं कराएंगे, उन्हें अगले सप्ताह से एक हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जुर्माना भरना होगा। इस बीच, विक्टोरिया में बुधवार को संक्रमण के 40,127 नए मामले सामने आए तथा 21 और लोगों की मौत हुई।

### ऑस्कर पुरस्कार समारोह में फिर से होगा एक मेजबान : एबीसी

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** ऑस्कर पुरस्कार के 2022 में होने वाले समारोह में इस बार एक मेज़बान होगा। यह तीन साल के अंतराल के बाद हो रहा है। यह जानकारी प्रसारक एबीसी ने दी है। हुलु ऑरिजिनल्स एंड एबीसी एंटरटेमेंट के प्रमुख क्रेग एरविच ने मंगलवार को टेलीविज़न क्रिटिक्स एसोसिएशन के शीतकालीन प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 2022 के ऑस्कर समारोह को एक औपचारिक मेजबान प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा, आपको पहली बार यहां इसकी जानकारी दी गई है। मै इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि इस साल ऑस्कर में एक मेज़बान होगा। पूछा गया कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की मेज़बानी कौन करेगा तो उन्होंने कहा, शायद मै करूंगा। वर्ष 2019 में अभिनेता केविन हार्ट के समलैंगिकों के प्रति भय को लेकर किए गए पुराने ट्वीट से विवाद हो गया था जिसके बाद समारोह की मेजबानी उनसे ले ली गई थी। उसके बाद के संस्करणों में बिना किसी आधिकारिक मेजबान के समारोह आयोजित हुए। वर्ष 2022 का ऑस्कर समारोह 27 मार्च को होगा।

### दक्षेस बंदी आदान-प्रदान समझौते के तहत भारतीय बंदियों को छोड़ेगा श्रीलंका

**कोलंबो।** दक्षेस बंदी आदान-प्रदान समझौते के तहत श्रीलंका उम्रकैद की सजा काट रहे दो भारतीय कैदियों को बुधवार और बृहस्पतिवार को उनके देश वापस भेजेगा। जेल विभाग के प्रवक्ता चंदाना एकनायके ने पीटीआई को बताया कि विधि मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव ने कारागार विभाग के महाआयुक्त को दो भारतीय नागरिकों को रिहा करने को कहा है। दोनों भारतीय बंदियों की निजता की रक्षा करने के लिहाज से उनके नामों का खुलासा नहीं करते हुए एकनायके ने बताया, आज और कल (बुधवार और बृहस्पतिवार) उन्हें कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय पुलिस अधिकारियों को सौपा जाएगा। उन्होंने बताया कि कैदियों में से एक को जहर, अफीम और खतरनाक मादक पदार्थ (संशोधन) कानून के तहत मादक पदार्थों के आयात और उसे रखने के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी और वह 12 साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। दूसरा कैदी खतरनाक मादक पदार्थ कानून के तहत पिछले छह साल से जेल में बंद है। भारत-श्रीलंका के बीच सजायाफ्ता कैदियों के स्थानांतरण संबंधी द्विपक्षीय समझौता जून, 2010 में हुआ था।

### अमेरिकाः यौन उत्पीड़न के पीड़ित के बच्चों ने मृत पिता की ओर से नए कानून के तहत मुकदमा किया दायर

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** बचपन में एक पादरी द्वारा उत्पीड़ित किए जाने के कारण दशकों तक मानसिक आघात से जूझने के बाद जिम बार्टको ने दो साल पहले रोमन कैथोलिक गिरजाघर के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, लेकिन सार्वजनिक रूप से आरोप लगाने के चार दिन बाद ही बार्टको की मौत हो गई और मुकदमा खारिज कर दिया गया। अब एक नए कानून के तहत उनके बच्चों को मुकदमा दायर करने और उस हर्जाने की मांग का अधिकार मिला है, जिसकी मांग बार्टको जिंदा होने पर कर सकते थे। बार्टको के बच्चों के वकीलों ने पिछले सप्ताह अल्मेडा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में ओकलैंड डायोसीज के खिलाफ पादरी स्टीफन किज़ल द्वारा दुर्व्यवहार को रोकने में कथित रूप से विफल रहने को लेकर मुकदमा दायर किया। यह घटना 1972 से 1975 के बीच सेंट पीटर्सबर्ग की है।वकील रिक सिमोंस ने कहा, एक बार किज़ल ने कहा था कि ऐसा एक भी बच्चा नहीं है, जिसका उन्होंने उत्पीड़न ना किया हो।

### हैती में हमारे वाणिज्यदूत को धमकियां दी गईः कोलंबिया सरकार

**बोगोटा।** कोलंबिया की विदेश मंत्री मार्टा लूसिया रामिरेज़ ने कहा कि हैती के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या में संलिप्तता के आरोप में पिछले साल गिरफ्तार किए गए कोलंबिया के 18 पूर्व सैनिकों को मानवीय सहायता मुहैया कराने की कोशिश कराने के बाद कोलंबियाई वाणिज्यदूत को धमकियां मिली है। विदेश मंत्री रामिरेज़ ने मंगलवार को यह जानकारी दी, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कोलंबियाई वाणिज्यदूत जूलियो सीज़र सांता मार्टिनेज़ को किस प्रकार की धमकियां मिली है या ए धमकियां किसने दी हैं। हैती में कोलंबिया का दूतावास नहीं है और 2016 से सांता मार्टिनेज़ वहां मानद वाणिज्य दूत के रूप में देश के एकमात्र प्रतिनिधि रहे है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वाणिज्यदूत हिरासत में बंद पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए पिछले साल कई बार उनसे मिलने गए थे और उन्होंने इन लोगों को कोलंबिया में उनके रिश्तेदारों द्वारा भेजे गए प्रसाधन और अन्य सामान भी उपलब्ध कराए। कोलंबिया ने मोइसे की हत्या के मामले की जांच में हैती प्राधिकारियों की मदद करने का प्रस्ताव भी दिया है। हैती के अधिकारियों का आरोप है कि यह हमला एक निजी सुरक्षा कंपनी में कार्यरत पूर्व कोलंबियाई सैनिकों के एक समूह ने किया था। वहीं, कोलंबिया सरकार का आरोप है कि पूर्व सैनिकों के साथ हैती के कारागारों में दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

### पाकिस्तान की नई सुरक्षा नीति में भारत के साथ शांति पर बल : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अपनी पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत भारत सहित अन्य निकटतम पड़ोसियों के साथ शांति स्थापित करना चाहता है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, नई सुरक्षा नीति के तहत कश्मीर मुद्दे के समाधान के बिना भी भारत के साथ व्यापार के रास्ते खोलने पर जोर दिया गया है बशर्ते दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता आगे बढे। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति और कैबिनेट द्वारा पिछले महीने अलग-अलग मंजूर राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को प्रधानमंत्री इमरान खान शुक्रवार को औपचारिक रूप से सार्वजनिक करेंगे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में मंगलवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, पाकिस्तान की नई सुरक्षा नीति में मुख्य ध्यान निकटतम पड़ोसियों के साथ शांति और आर्थिक कूटनीति बहाल करना है। पाकिस्तान सरकार ने 2022-26 के लिए यह नीति बनाई है। देश में यह अपनी तरह की पहली नीति है जो राष्ट्रीय सुरक्षा पर दृष्टिकोण और उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दिशा-निर्देशों के बारे में बात करती है। अखबार ने एक अधिकारी के हवाले से लिखा है कि 100 पन्नों की यह नीति कश्मीर मुद्दे के समाधान के बिना भी भारत के साथ व्यापार-व्यवसाय का रास्ता खुला रखती है, अगर दोनों पड़ोसियों के बीच बातचीत में कुछ प्रगति हो। अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर कहा, हम अगले 100 साल तक भारत के साथ कोई उठा-पटक नहीं चाहते है। नई नीति निकटतम पड़ोसियों के साथ शांति चाहती है।

# मोगादिशु हवाई अड्डे के बाहर भीषण विस्फोट, कम से कम आठ की मौत



एपी। मोगादिशु

**सोमालिया की** राजधानी मोगादिशु में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बुधवार को हुए भीषण विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए।मदीना अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर अब्दुलकादिर आदम ने हताहतों की संख्या के संबंध में जानकारी दी।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वहां से गुजर रहे संयुक्त राष्ट्र के काफिले को निशाना बनाया गया है। विस्फोट बेहद कड़ी सुरक्षा वाले हवाई अड्डे की ओर जाने के रास्ते की जांच चौकी पर हुआ।अमीन एम्बुलेंस सेवा के संस्थापक अब्दुलकादिर अदान ने ट्वीट किया है कि मोगादिशु में लोगों के हताहत होने से वह बहुत दुखी हैं। उन्होंने मौके पर क्षतिग्रस्त हुए वाहनों की तस्वीर भी साझा की है। अल कायदा से जुड़ा आतंकवादी संगठन अल शबाब जिसका सोमालिया के कई हिस्सों पर नियंत्रण है, अकसर राजधानी के महत्वपूर्ण इलाकों में धमाकों को अंजाम देता है।

# जॉनसन ने लॉकडाउन में पार्टी में शामिल होने को लेकर माफी मांगी

भाषा। लंदन

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री** बोरिस जॉनसन ने 2020 में देश में कोरोना वायरस के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान एक गार्डन पार्टी में शामिल होने के लिए माफी मांगी है और कहा कि कुछ चीजों को उनकी सरकार ने सही से नहीं लिया। लॉकडाउन के दौरान प्रधानमंत्री के डाउनिंग स्ट्रीट आवास के गार्डन में पार्टी कर जॉनसन और उनके कर्मियों द्वारा महामारी संबंधी पाबंदियों की अवहेलना किए जाने के दावों को लेकर उन्हें (जॉनसन को) जनता और नेताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

जॉनसन ने बुधवार को पहली बार स्वीकार किया कि वह मई 2020 में हुई गार्डन पार्टी में थे। हालांकि जॉनसन ने कहा कि उन्होंने इसे



कामकाज से जुड़ा आयोजन माना था। उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों से कहा, मैं माफी मांगना चाहता हूं। यह दूरंदेशी नहीं थी, मुझे पार्टी में मौजूद सभी लोगों को वापस भेज देना चाहिए था। इस विवाद के उठने के बाद आज हाउस ऑफ कॉमन्स में साप्ताहिक प्रश्न सत्र के दौरान यह जॉनसन की पहली सार्वजनिक उपस्थिति रही। खबरों के अनुसार जॉनसन ने अपनी पत्नी कैरी के साथ गार्डन पार्टी में भाग लेकर देश के कोविड-19 संबंधी लॉकडाउन के नियमों की अवज्ञा की थी। पार्टी के लिए करीब 100 लोगों को ईमेल से निमंत्रण भेजे जाने की बात सामने आई है। कथित तौर पर जॉनसन के प्रधान निजी सचिव मार्टिन रेनॉल्ड्स की ओर से कई लोगों को मेल भेजा गया था। हालांकि उस समय देश में कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए लोगों को केवल अपने घरों में आयोजन करने या किसी दूसरे घर से एक व्यक्ति से मिलने का नियम था। जिस दिन पार्टी हुई, उस दिन 10 डाउनिंग स्ट्रीट की कोरोना वायरस संबंधी ब्रीफिंग के दौरान ब्रिटेन की सरकार ने घोषणा की थी कि आप बाहर, सार्वजनिक स्थान पर अपने घर से बाहर के किसी एक व्यक्ति से मिल सकते हैं, बशर्ते आपके बीच दो मीटर की दूरी हो।

# दुनिया भर में कोरोना वायरस के मामलों में 50 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि, मौत स्थिरः डब्ल्यूएचओ

एपी। जिनेवा

**विश्व स्वास्थ्य** संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने महामारी की अपनी ताज़ा रिपोर्ट में कहा है कि दुनियाभर में पिछले हफ्ते कोरोना वायरस के मामलों में करीब 55 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि मौत के मामले स्थिर हैं। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने मंगलवार रात जारी अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले हफ्ते कोविड-19 के करीब डेढ़ करोड़ नए मामले आए और 43000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। उसने कहा कि अफ्रीका को छोड़कर दुनिया के हर में कोविड के मामलों में इजाफा हुआ है लेकिन अफ्रीका में 11 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले हफ्ते संगठन ने एक सप्ताह में 95 लाख मामले दर्ज किए थे और कहा था कि यह महामारी की सुनामी है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि वायरस का बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप दुनिया भर में फैल रहा है और यह वायरस के डेल्टा स्वरूप को बाहर कर रहा है। ओमीक्रोन स्वरूप का सबसे पहले पता नवंबर के अंत में दक्षिण अफ्रीका में चला था और संगठन के मुताबिक साझा किए सभी सीक्वेंस में ओमीक्रोन की हिस्सेदारी करीब 59 फीसदी है। संगठन ने कहा कि ओमीक्रोन ने मामलों के दोगुने होने का समय कम किया है और इस बात के सबूत हैं कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता से बच सकता है। कई अध्ययनों में यह सामने आया है कि यह वायरस के पहले के स्वरूपों की तुलना में कम घातक है।

## उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का दावा किया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने कहा है कि देश के नेता किम जोंग उन ने एक हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का निरीक्षण किया। किम जोंग उन का दावा है कि इससे देश के परमाणु युद्ध से बचाव की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया द्वारा दी गई बुधवार की खबर से एक दिन पहले अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं ने कहा था कि उन्हें पूर्वी समुद्र में उत्तर कोरिया द्वारा एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किए जाने का पता चला है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि मंगलवार के प्रक्षेपण में एक हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल शामिल था, जिसने रॉकेट बूस्टर से छोड़े जाने के बाद 1000 किलोमीटर दूर समुद्र में एक लक्ष्य को मार गिराने से पहले ग्लाइड जंप फ्लाइट और कॉर्कस्क्रू करतब का प्रदर्शन किया।


भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोहन पाल/ सुरेश कुमार गुप्ता LBNOD00002379759 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 50, तीसरी मंजिल, सेक्टर जी-8, पॉकेट- 3, ब्लॉक-एफ 7, नरेला, दिल्ली 07/01/2022 | नवम्बर 30, 2019 ₹.11,59,324.00/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 13, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार/दया नंद/ LBDEL00001893519 | फ्लैट नंबर-37-डी, तीसरी मंजिल, टाइप-4, फेज-1, पॉकेट-सी, सेक्टर-3, द्वारका, दिल्ली/ जनवरी 07, 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 6,18,160/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | बलराज गौतम/ देवी राम/ LBDEL00004895715 | डीडीए-एलआईजी, फ्लैट नंबर-570, पॉकेट-6-आय, दूसरी मंजिल, सेक्टर-2, प्रकार_X0002_C, रोहिणी, दिल्ली/ 07 जनवरी, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 23,45,164/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सर्वपल्ली करुणा/ सर्वपल्ली सुब्बा राव/ एस श्रीनिवास बाबू/ राव ट्रेवल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड/ पुष्पलता राव सुर्वेपल्ली/ LBDEL00005197390 | यूनिट नंबर 51, पहली मंजिल, सीएससी, सेक्टर 10, पॉकेट ए, द्वारका, दिल्ली/ जनवरी 07, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 22,52,064/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | चंचल कुमार गर्ग/ दीपिका गर्ग/ कृष्णा गर्ग/ LBDEL00001912148 | 109, 108, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल, पीकेटी-3, सेक्टर- 24 रोहिणी दिल्ली/ जूवरी 07, 2022 | सितंबर 28, 2021 ₹ 41,30,148/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | चंचल कुमार गर्ग/ दीपिका गर्ग/ कृष्णा गर्ग/ LBDEL00002127950 | प्लॉट नंबर- 108 और 109, तीसरी मंजिल, पॉकेट-3, सेक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली/ 07 जनवरी, 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 17,23,062/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 13, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,

चल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/ प्रभारित निम्नवर्णित चल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | रविंदर कुमार (कर्जदार), LAROH00035177651 | मारुति उद्योग लिमिटेड वैगन आर एलएक्सआई निर्माण वर्ष 2016 पंजीकरण सं. एचआर46ई5117 | रू. 7,34,507/- (जनवरी 03, 2022 तक) | रू. 80,000/- रू. 25,000/- | जनवरी 17, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | जनवरी 28, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | दिनेश (कर्जदार), LAROH00034435594 | हुंडई मोटर्स लिमिटेड एक्सेंट, निर्माण वर्ष 2016 पंजीकरण सं. एचआर46डी0050 | रू. 6,43,630/- (जनवरी 03, 2022 तक) | रू. 80,000/- रू. 25,000/- | जनवरी 17, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | जनवरी 28, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी कार देखो की वेबसाइट **(URL Link-https://auctions.cardekho.com)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेशिती दिनांक **जनवरी 27, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अन्तिम

अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्तिं/या की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को उनके प्रस्ताव उपरोक्त धरोहर जमा राशि (कॉलम 'ङ' में वर्णितअनुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में 'सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रस्ताव'', शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट, **कार देखों, कॉमेट इमार डिजिटल ग्रीन्स 11 वां माला टावर-बी सैक्टर-61 (सोहना रोड) बहरानपुर नया गुड़गांव -122102** स्थित कार्यालय में दिनांक **जनवरी 27, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक संचालक के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/ पीओ राष्ट्रीयकृत अनुसूचित बैंक से

**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड'** के पक्ष में एवं **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन एवं शर्तों या निविदा जमा कराने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8584874809/7304914763** या कार देखें मोबाइल नम्बर **7412066541** पर सम्पर्क करें।

निविदाएं केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता। पदाधिकारी द्वारा अन्तिम तिथि एवं कट-ऑफ समय से पूर्व, पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त एवं पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेत मान्य होगी। प्राधिकृत अधिकारी बगैर कोई कारण बताए किसी भी बोली या समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया **www.icicibank.com/n4p4s** सम्पर्क करें।

तिथि : जनवरी 13, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# जीवन में एक बार

## खुशबू कीर्ति के साथ एक स्पष्ट बातचीत में ताहिर राज भसीन फिल्म 83 में इतिहास को फिर से रचने और अपनी अन्य आमागी परियोजनाओं की चर्चा कर रहे हैं



बॉलीवुड स्टार ताहिर राज भसीन के लिए यह साल की शानदार शुरुआत है। अभिनेता ने हाल ही में रिलीज फिल्म 83 में न केवल अपने अभिनय कौशल को दिखाया, बल्कि फिल्मों और शो का एक आशाजनक सिलसिला भी दिखाया।

लिटिल मास्टर के रूप में अपनी भूमिका के लिए भसीन को बहुत सराहना मिली है। मर्दानी और फोर्स 2 में खलनायक की भूमिका निभाने से, उन्होंने अब अपनी आगामी मुख्य भूमिकाओं के साथ एक रोमांटिक यात्रा शुरू की है।

पढ़ें, 83 और अन्य परियोजनाओं में उनके अनुभव को लेकर किए गए साक्षात्कार के अंश:

● **83 को दर्शकों ने काफी सराहा है। इसलिए और भी, क्योंकि यह भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक महान घटना की याद दिलाता है। क्या आप इतिहास के प्रति आकर्षित महसूस करते हैं?**

हां, सौ फीसदी। मेरा मतलब है, 83 करने का निर्णय भावनात्मक था। यह किसी अभिनेता का निर्णय नहीं था। केवल रूमानी महत्व के कारण। और जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। और मेरे मन में यह विचार था कि यह वो भावना है जो दर्शकों के साथ जाने वाली है। क्या मैं उस टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो दर्शकों को यह एहसास दिलाए? बेशक।

जब उन्होंने कहा कि आप सुनील गावस्कर बनने जा रहे हैं, तो यह कोई सोचने वाली बात नहीं थी। मैं निश्चित रूप से पुरानी यादों से जुड़ता हूं, वो अच्छी भावना जिसमें फिल्म आपको छोड़ जाती है। और तथ्य यह है कि, आप जानते हैं, मैं 83 में पैदा नहीं हुआ था, लेकिन मुझे ऐसा लगा कि मैं अपने इतिहास के एक हिस्से के रूप में इसके साथ बड़ा हुआ हूं। तो एक पूरी नई पीढ़ी के लिए इसका प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने का जीवन में केवल एक बार अवसर था।

● **एक पीरीयड पीस में अभिनय का अनुभव कैसा रहा?**

जब आप किसी पीरियड पीस के साथ काम कर रहे होते हैं तो सबसे पहली चीज जिसकी आपको आदत डालनी होती है, वह है भाषा। कुछ ऐसे शब्द हैं जिनका आप उपयोग नहीं करते हैं, कुछ ऐसे तरीके हैं जो बहुत आधुनिक हैं। अब, हम कैसे जुड़ते हैं, इस पर तकनीक का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है, इसलिए आप कोशिश करें और उनसे बचें। और चुनौती वास्तव में, बहुत गहरी थी, यह न केवल एक पीरियड फिल्म है, बल्कि आप इतिहास को फिर से बना रहे हैं।

तो, आप जानते हैं कि यह देश दो चीजों का दीवाना है- एक है फिल्म और दूसरी है क्रिकेट। और जब आप उन दोनों को मिलाने की कोशिश करते हैं, तो जो होने जा रहा है, आप जानते हैं, वहां निर्णय लें। वहां तुलना होने जा रही है। और चुनौती है उनसे पार पाना।

● **यह दूसरी बार है जब आप काई पो चे के बाद किसी क्रिकेटर की भूमिका निभा रहे हैं। क्या आपका खेल के प्रति लगाव है और क्या आप खेलते हैं?**

नहीं, आप जानते हैं, यह सिर्फ एक विडंबनापूर्ण संयोग है। मैं क्रिकेट बैकग्राउंड से नहीं हूं। काईपोचे में, यह सिर्फ एक शॉट था। सो वह एक दिन के शूट की तरह ही था।

लेकिन यह मजेदार है कि कैसे जीवन का चक्र पूरा हो गया, क्योंकि उस फिल्म में मैं तब भारतीय टीम के लिए ओपनर था। और सुनील गावस्कर 83 रन बनाकर ओपनिंग कर रहे थे (हंसते हुए)।

● **आपने लिटिल मास्टर की भूमिका निभाई। आपकी पसंदीदा भूमिका के कुछ हिस्से क्या थे और वो कुछ चुनौतियां क्या रहीं, जिनका आपने सामना किया?**

मुझे यकीन है कि चुनौती वास्तव में यह थी कि उनकी तरह क्रिकेट कैसे खेलें (मुस्कुराते हुए) और अपनी शारीरिक प्रस्तुति को कैसे उनके जैसा बनाएं। आपको यह जानना होता है कि मैदान पर कैसे चलना है, कैसे दस्ताने पहनना है, कैसे मुस्कुराना है, यह सब। इसमें बहुत सारे संग्रहीत फुटेज देखना शामिल है, यह इंगित करने की कोशिश करना कि कौन से तरीके उन्हें तोड़ रहे हैं, उन्हें धीमी गति में देख रहे हैं।

और जहां तक क्रिकेट की बात है, हमारे पास बलविंदर सिंह संधू थे, जो 1983 में मूल क्रिकेट टीम का हिस्सा थे, जो हमारे कोच के रूप में हमारे साथ थे और उनके साथ उनके क्रिकेट सहयोगी राजीव मेहरा थे।

मैंने वास्तव में जो किया वो यह कि एक स्पोर्ट्स कोरियोग्राफी की तरह स्ट्रोक्स को तोड़ा था। एक क्रिकेट स्ट्रोक को चार या पांच चालों में विभाजित किया गया था और मैं उसे सप्ताह, सप्ताह दर, सप्ताह अभ्यास करता था क्योंकि मैं क्रिकेट पृष्ठभूमि से नहीं था। और फिर अंत में, एक कोरियोग्राफी की तरह, सभी डांस मूव्स को ,क्रिकेट स्ट्रोक्स और वॉक और ग्लव्स और, अन्य सबकुछ को एक साथ ठीक से रखते हैं।

और, नाटकीय चुनौती यह थी कि सुनील गावस्कर टीम में सबसे अनुभवी और सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी थे, लेकिन वास्तविक जीवन में, सभी कलाकार एक ही उम्र के थे। इसलिए, एक ऐसे व्यक्तित्व को सामने लाना जो थोड़ा अधिक परिपक्व हो, थोड़ा ज्यादा रिजर्व रहता हो, थोड़ा अधिक अनुभवी हो, विशेष रूप से पार्टी के साथ टकराव के दृश्य में, चुनौतीपूर्ण था। मैं बहुत खुशनसीब था कि मेरे चारों तरफ मशहूर अभिनेता थे चाहे वह रणवीर हों या पंकज सर। यह केवल एक अभिनेता के रूप में आप में सर्वश्रेष्ठ सामने लाता है।

सबसे बड़ा इनाम या मान्यता तब मिली जब प्रीमियर पर सुनील सर ने खुद फिल्म देखी। जब मैंने उन्हें गले लगाया, तो उन्होंने मुझसे कहा कि मैंने जो भूमिका निभाई है, उसमें उन्होंने खुद को देखा। और उसके बाद, कोई अन्य प्रतिक्रिया वास्तव में मायने नहीं रखती थी।

● **फिल्म देखना बहुत मजेदार था। टीम एक दूसरे के साथ मजाक करती होगी। कैसी रही शूटिंग?**

यह अविश्वसनीय मजा था! इस तरह की फिल्म करने की सबसे अच्छी बात यह है कि आप साझा यादों के साथ वापस आते हैं। आपने जीवन के लिए एक जुड़ाव बनाया है।

मेरा मतलब है, यह कल्पना नहीं है। यह वास्तव में वैसा था जो '83 में टीम के लिए हुआ था। कि, कोई फर्क नहीं पड़ता कि गतिशास्त्र क्या था, चाहे वे जीत रहे हों या हार रहे हों, मगर जब वे मैदान पर थे, वे सभी एक टीम का हिस्सा थे, और वे भारत के लिए खेल रहे थे।

● **यह सब कितना वास्तविक था?**

मैं कहूंगा, सब कुछ! फिल्म का एकमात्र नाटकीय पहलू था, आप जानते हैं, जब आपके पास संगीत आ रहा है, और जब आप नाटकीय धीमी गति वाले शॉट्स डालते हैं। लेकिन यह सब, यहां तक कि सैनिकों के साथ का दृश्य, देश के कुछ हिस्सों में दंगे हो रहे थे, यह सब वास्तविक है। और मुझे लगता है, कबीर खान जैसा निर्देशक होने के बारे में यह बहुत अच्छी बात है क्योंकि उन्होंने विषय पर बहुत अच्छी तरह से शोध किया है और इतनी बड़ी स्टार कास्ट भी है और हर कोई अपने-अपने क्षेत्र में एक स्थापित स्टार है, प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक को देने के लिए पहनावे में इसका नियत समय वास्तव में प्रतिभाशाली का कार्य है।

● **हमें अपने नए शोज, वूट सिलेक्ट पर रंजीश ही सही और नेटफ्लिक्स पर ये काली काली आंखें, दोनों जनवरी में रिलीज होने वाले हैं, के बारे में बताएं।**

यह भी एक पीरियड ड्रामा है, जो 70 के दशक पर आधारित है। इसे महेश भट्ट द्वारा बनाया गया था और हर बार भट्ट की एक प्रेम कहानी होती है, जो - क्या सामाजिक रूप से स्वीकार्य नहीं है और क्या स्वीकार्य नहीं है - के बीच की रेखाओं को धुंधला कर देती है। यह उस दौर के निर्देशक शंकर और एक लड़की के बीच का एक प्रेम त्रिकोण है।

दर्शकों की ये काली काली आंखें के टीजर को लेकर जो प्रतिक्रिया मिली, उससे मैं भी हैरान हूं। सीरीज एक रोमांटिक नाटक के रूप में शुरू होती है लेकिन एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर में आगे बढ़ती है। मेरे किरदार का नाम विक्रांत है।

लव स्पेस में एंट्री करना काफी रोमांचक होता है। यह उपरोक्त दोनों के साथ रोमांस के लिए एक हैट्रिक है और लूप लपेटा इसी वर्ष में थोड़ी देर बाद।

● **ओटीटी शो/ फिल्मों व थिएटर के लिए काम करने में आपने क्या अंतर महसूस किया है?**

ओटीटी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह आपको फीचर फिल्म से ज्यादा कहानी में चरित्र का पता लगाने की लंबाई देता है। ये काली काली आंखें -जो शिल्प के लिए अविश्वसनीय है, और उस तरह की शैलियों को कूदने में सक्षम होने के लिए।

# रियलिटी शो के बादशाह



## शरद चौधरी द्वारा निर्देशित प्रिंस नरूला की नवीनतम वेब सीरीज, एक्सट्रीम सर्वाइवर्स, सर्वत्र चर्चा में है

नए रियलिटी शोज, कार्यक्रम और वेब सीरीज का सीजन एक रोष बन गया है, खासकर इन दौर में, जहां लोग अपने घरों की सीमा में अपनी सुविधानुसार शोज और वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। यह निश्चित रूप से नया चलन है, जिसने लगभग सब कुछ डिजिटल होने के बाद गति पकड़ी है। नए दौर में मीडिया और मनोरंजन समेत हर चीज के लिए नए समाधानों की आवश्यकता होती है, यही वजह है कि निर्माता और निर्देशक यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कि वे ऐसी सामग्री बनाएं, जो लोगों को इसे देखने और इसके साथ अत्यधिक जुड़ाव रखने के लिए मजबूर कर सके।

ऐसी ही एक वेब सीरीज एक्सट्रीम सर्वाइवर्स नाम से ऑनलाइन रिलीज की गई है, जिसमें टीवी पर्सनैलिटी प्रिंस नरूला होस्ट, रेसलर अनुज चौधरी और रोडीज फेम कशिश ठाकुर हैं। वेब सीरीज का निर्देशन और निर्माण शरद चौधरी ने किया है, जो एक कास्टिंग डायरेक्टर और एंटरटेनमेंट एंटरप्रेन्योर भी हैं।

एक्सट्रीम सर्वाइवर्स सभी उचित कारणों से चर्चा में है, यह उस तरह के मनोरंजन के लिए दर्शकों से वादा करता है जो

रोमांच और हाई-ऑक्टेन स्टंट और कार्यों को पसंद करते हैं। चौधरी को लगता है कि दर्शकों को कुछ ताजा और नया पेश करने का समय आ गया है, और इसी तरह के रियलिटी शो के विचार के साथ वे आगे आए। वीआईपी एंटरटेनमेंट एंड प्रोडक्शन ने वही पेश किया है। नरूला को सह-मेजबान के रूप में ऋतू जी के साथ, मेजबान और संरक्षक की टोपी का प्रबंधन करने के लिए चुना गया था।

**(एक्सट्रीम सर्वाइवर्स सीजन 1 वीआईएस एंटरटेनमेंट नाम के टीवी और मूवी ऐप के साथ ऑनलाइन उपलब्ध है।)**

# भविष्य के डेटिंग रुझान

## जैसा कि हम मोनोगेमी और खुले संबंधों के उभार के बारे में जानते हैं, मोनोगेमी यानी एक विवाह की प्रथा के समाप्ति के बारे में चर्चा करती है टीम वीवा



पिछले वर्ष में हमने अपने समुदाय के भीतर एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है। एक विवाहेतर डेटिंग ऐप होने के नाते, ग्लीडेन का उपयोग ज्यादातर ऐसे व्यक्ति करते हैं जो शादीशुदा हैं या लंबे समय से अपने प्रेम जीवन में कुछ रस जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह या तो एक वास्तविक जीवन का मामला है या सिर्फ एक वर्चुअल इश्कबाजी है। और भले ही अधिकांश उपयोगकर्ता इस प्रोफाइल प्रारूप से संबंधित हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे अपने भागीदारों की सहमति के बिना ऐसा कर रहे हों। हमारे एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार, 55 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं का मानना है कि एक विवाह प्रथा एक सामाजिक निर्माण है और उनमें से 47 प्रतिशत से अधिक ने अपने पार्टनर की सहमति से खोला है। इसका मतलब यह है कि दंपति ने एक-दूसरे को (एक साथ या अलग से) भटकने की संभावना देने का फैसला किया है। ये रोमांच अल्पकालिक होने वाले हैं न कि मौजूदा संबंधों को कमजोर करने के लिए।

**एक लक्जरी वस्तु के रूप में गोपनीयता:** एक और प्रवृत्ति जो हम उपयोगकर्ताओं के भीतर देख रहे हैं, वह है विवाहेतर डेटिंग ऐप्स का उपयोग करने वाले एकल व्यक्तियों की वृद्धि।

पिछले साल, एप्लिकेशन ने एकल उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि देखी। वे लोग जो कभी शादीशुदा थे या लंबे समय तक रिश्ते में थे, जिन्होंने अब अपनी वैवाहिक स्थिति को तलाकशुदा, अलग या अकेले में बदल दिया है और अपनी मंडलियों में हर किसी को इसके बारे में जाने बिना डेटिंग पर वापस जाना चाहते हैं।

परिवार के साथ महीनों तक बंद रहने के बाद, निजता एक विलासिता की वस्तु बन गई है जिसे लोग अब पहले से कहीं अधिक महत्व दे रहे हैं। जरूरी नहीं कि वे कुछ ऐसा कर रहे हैं जो समाज द्वारा निषिद्ध या तिरस्कृत है, बल्कि सिर्फ इसलिए कि एक ऐसे युग में जहां हर कोई सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे के मामलों में नाक-भौं सिकोड़ता है, कुछ करने और इसे निजी रखने की गोपनीयता अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, खासकर जब डेटिंग जैसी संवेदनशील और व्यक्तिगत चीज की बात आती है।

वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बीच किए गए लॉकडाउन से प्रेरित कई प्रतिबंधों व अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों ने निश्चित रूप से ऑनलाइन डेटिंग की दिशा में बदलाव को गति दी है। पहले, यह केवल भौतिक साधनों तक ही सीमित था, हालांकि, हाल के दिनों ने वर्चुअल स्तर पर डेटिंग के लिए रास्ता बना दिया है। रोमांटिक मोर्चे पर नए लोगों से अपने घरेलु आराम के साथ मिलने का अवसर प्राप्त करना, सकारात्मक रूप से, उस पीढ़ी के लिए एक स्वागत योग्य विकल्प है जो तत्काल संतुष्टि की ओर अधिक इच्छुक है।

क्वैक क्वैक द्वारा इस वर्ष के डेटिंग रुझानों के हालिया सर्वेक्षण से कुछ उल्लेखनीय निष्कर्ष यहां दिए गए हैं :

**अविवाहितों के लिए ऑनलाइन डेटिंग एक तनाव राहत :** महामारी की पहली लहर के दौरान लोगों ने अपने संभावित पार्टनरों की ओर भागने की बजाय उनसे मिलने की संभावना खो दी थी। नतीजतन, लोगों के जीवन में नुकसान और अकेलेपन ने, अधिक जुड़ने, तनाव दूर करने और एक साथ आने , भले ही स्क्रीन के पीछे ही क्यों न हो, जैसे तरीके खोजने की लालसा को हवा दी, इस प्रकार, ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स के उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि देखी जा सकती है। सर्वेक्षण के अनुसार, डेटिंग ऐप्स की मदद से अधिक तादात में लोग, विशेष रूप से एकल, प्रत्यक्ष रूप से चीजों को आगे बढ़ाने से पहले, किसी को करीब से जानने के अवसर का उपयोग कर रहे हैं। यह समय, ऊर्जा, संसाधनों को बचाने में मदद करता है और साथ ही तनाव के समय में उनके लिए एक वास्तविक तनाव राहत साबित होता है।

रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 73 प्रतिशत एकल उत्तरदाता हमेशा, वर्चुअल डेटिंग को पारंपरिक डेटिंग की तुलना में, किसी के प्रति प्यार के बीज बोने के कम दबाव वाले तरीके के रूप में देखेंगे। हालांकि 75 प्रतिशत का कहना है कि यह एक वास्तविक स्ट्रेसबस्टर हो सकता है, मगर लगभग 61 प्रतिशत का मानना है कि ऑनलाइन कनेक्शन बनाना बहुत आसान है, जिससे रिश्तों को बढ़ावा मिलता है। सामाजिक चिंता से पीड़ित या केवल अंतर्मुखी लोगों में डेटिंग ऐप्स का उपयोग बहुत अधिक है, लगभग 20 प्रतिशत। ऑनलाइन डेटिंग मूल रूप से अकेलेपन की समस्या को हल करती है जो कि कोविड -19 वायरस के घातक रूपों के कारण पहले से कहीं अधिक जटिल हो जाती है,विशेष रूप से अब । यह कहना गलत नहीं होगा कि संकट के समय में संबंध बनाने के लिए डेटिंग प्लेटफॉर्म महत्वपूर्ण उपकरण हैं।

**आभासी वह जगह है जहां हम रहते हैं:** कई बार, आश्चर्य की बात नहीं है, किसी को डेट पर जाने और फैंसी कॉकटेल पर पैसा उड़ाने का मन नहीं हो सकता है, भले ही इसका मतलब 'उस विशेष को' ढूंढना हो। लॉकडाउन की अवधि ने, निश्चित रूप से, ऑनलाइन डेटिंग की बाढ़ ला दी, और बड़ी संख्या में डेटर उन्हें महामारी उपरांत जीवन में भी लाना चाहते हैं, मुख्य रूप से इससे जुड़ी सुविधा के कारण। 51 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ताओं को लगता है कि वे सुरक्षित रूप से मिलने में सक्षम होने के बाद भी शायद वर्चुअल डेटिंग जारी रखेंगे, जो शायद पूरी तरह से समझ में आता है। ऑनलाइन डेटिंग व्यक्तियों को अपने आराम क्षेत्र को छोड़े बिना किसी रिश्ते को जीवंत बनाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। वे एक साधारण स्क्रीनिंग कर सकते हैं, यहां तक कि बहुत अधिक प्रयास और पैसे का निवेश किए बिना, जोकि एक पारंपरिक पहली डेट को अक्सर आवश्यकता होती है। जब एक नया संबंध बनाने की बात आती है, तो ऑनलाइन डेटिंग उपयोगकर्ताओं को ड्राइविंग सीट पर मजबूती से रखती है। वे तय करते हैं कि वे आगे संबंध बनाने के लिए किससे मिलना चाहते हैं। इसका एक लाभ यह है कि व्यक्ति वास्तविकता में उसके साथ बातचीत करने से पहले ही दूसरे व्यक्ति को बेहतर ढंग से समझ पाता है। इसलिए, बड़ी संख्या में, लगभग 73 प्रतिशत लोगों का मानना है कि ऑनलाइन डेटिंग का भविष्य आशाजनक है। वास्तव में, यहां आभासी बने रहना ही आज की नई वास्तविकता है।

**सुदूर मिलान का दौर बढ़ा:** अधिकांश लोग अब अपने गृहनगर से काम कर रहे हैं और लोग फैल रहे हैं, हम देख रहे हैं कि उपयोगकर्ता अपने मिलान मानदंड का विस्तार करते हैं और पूरे भारत में मिलान की खोज करते हैं। पांच में से तीन महिलाएं अन्य शहरों में भी अपने मिलान मानदंड का विस्तार कर रही हैं। किए गए एक सर्वेक्षण में, 60 प्रतिशत उपयोगकर्ता अन्य शहरों के मिलानों के साथ भी ठीक हैं।

**दोस्ती नई डेटिंग है:** महामारी ने आश्चर्यजनक रूप से डेटिंग ऐप्स को एक नया रूप दे दिया है। जहां ऐसे लोग हैं जो गंभीर और आकस्मिक डेटिंग की तलाश में हैं, अधिक लोग अब नए दोस्त खोजने और बनाने के लिए डेटिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं। दोस्ती आकस्मिक और गंभीर डेटिंग के बीच कहीं होती है और यह एकल को चैट करने, बातचीत करने और वास्तव में डेटिंग न करते हुए स्वस्थ संबंध बनाने का अपार अवसर देती है। सर्वेक्षण में शामिल 43 प्रतिशत महिलाओं और 35 प्रतिशत पुरुषों ने कहा कि वे ऐप में इसलिए शामिल हुए क्योंकि वे नए दोस्त बनाना चाहते थे। डेटिंग ऐप्स पर नए दोस्त बनाने का यह नया प्यार 2022 में कदम बढ़ाने के साथ ही बढ़ना तय है।

# विषाक्त सकारात्मकता का जाल

## कंचन राय का कहना हे कि कम अनुभव करते हुए भी जीवन के उज्ज्वल पक्ष को देखने की अत्यधिक आवश्यकता आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है



महामारी ने जहरीली सकारात्मकता की एक लहर को जन्म दिया है, किसी भी स्थिति में खुशी का अत्यधिक अति सामान्यीकरण जिसने आश्वस्तकारी व्यर्थता को लगभग अपरिहार्य बना दिया है। पिछले कुछ महीनों में, आंकड़े बताते हैं कि अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ चिंता और अवसाद ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। मिश्रण में जहरीली सकारात्मकता जोड़ने से हमारे आस-पास नकारात्मक भावनाओं के बढ़ते ज्वार को ही बढ़ाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर फेस-ट्यून्ड पिक्चर-परफेक्ट पोस्ट, सकारात्मक संदेश, रील, वीडियो और लाइव ब्रॉडकास्ट की अचानक जबरदस्त भरमार हर किसी को जीवन में उच्चतम या निम्नतम अनुभव के बावजूद हर समय खुश रहने की आवश्यकता महसूस करा रही है।

**सकारात्मक भावों का स्याह पक्ष:** सकारात्मकता का विचार हमारी संस्कृति में इतनी गहराई से निहित है कि वास्तविक मानवीय अनुभव हमेशा सकारात्मक रहने की अनुचित इच्छा से खामोश हो जाते हैं। दिमाग को इंजेक्शन देना - जो पहले से ही चिंता, भय और बहुत कुछ से निपट रहा है - सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मकता की अधिकता के साथ हमें यह विश्वास हो सकता है कि खुशी के अलावा कोई भी भावना बिल्कुल भी मान्य नहीं है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण समग्र मानसिक कल्याण के लिए अच्छा है। लेकिन खुशी के स्तर को बनाए रखने और किसी भी तरह की भावनाओं को महसूस न करने की आवश्यकता का विचार अत्यधिक विषैला है।

इसके अलावा, सच्चाई को नकारना एक भ्रामक दुनिया की ओर ले जाता है जो एक दिखावा है। इसका परिणाम खुद के साथ संबंध खोने के साथ-साथ दूसरों के लिए हमसे जुड़ना और संबंध बनाना कठिन बना देता है। सच्ची भावनाओं को छिपाना, किसी भावना को खारिज करना, अपनी भावनाओं के लिए दोषी महसूस करना, सकारात्मकता के अलावा और कुछ भी व्यक्त करने के लिए दूसरों को शर्मिंदा करना, जहरीली सकारात्मकता के संकेत हो सकते हैं। यह आशावाद के महत्व पर अकथनीय जोर देता है और मानवीय भावनाओं के किसी भी अंश से इनकार करता है जो खुश या सकारात्मक नहीं हैं।

**जहरीले जाल से बचना:** जहरीले जाल से बचने के लिए, यह जानना हमेशा महत्वपूर्ण होता है कि जब आप किसी की सोशल मीडिया खुराक का सेवन कर रहे होते हैं, तो आप केवल सिक्के का एक पहलू देख रहे होते हैं। सोशल मीडिया पर हम जो देखते हैं वह हमेशा पूरी तस्वीर नहीं होती है क्योंकि लोग वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। अगर किसी की पोस्ट आपके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है, तो उसे अनफॉलो करें। सकारात्मकता के विषाक्त होने के क्षण को पहचानना कठिन है। इस बात से अवगत रहें कि आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कितना समय बिता रहे हैं।




यदि आपने एक दिन में आनंद के बहुत अधिक फिल्टर किए गए चित्र देखे हैं, तो रुकें।

आप कैसा महसूस करते हैं, इसके बारे में लिखें। कागज पर चीजों को देखने से हमें अधिक तार्किक, तर्कसंगत दृष्टिकोण तक पहुंचने और एक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह माना जाता है कि जब विचारों का किसी भाषा में अनुवाद किया जाता है, तो यह आत्म-पराजित आवाजों को कम करने में मदद कर सकता है।

स्वस्थ सकारात्मकता नकारात्मक भावनाओं के लिए पर्याप्त जगह छोड़ने और उनके साथ सहज होने के बारे में है। नकारात्मक से बचने या उसे मौन करने और खुशी का पीछा करने का प्रयास एक से अधिक तरीकों से उलटा पड़ सकता है। कल्याणकारी उपचारों की तलाश करें। याद रखें, अपनी सच्ची भावनाओं को पहचानने के लिए साहस की आवश्यकता होती है। इसमें समय लग सकता है, लेकिन यह आपकी मांसपेशियों को लचीलापन और प्रामाणिकता का निर्माण करेगा और आपको सच्ची पहचान देगा।

**एक मजबूत भावनात्मक जीवन की ओर:** कई मनोवैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि दबी हुई भावनाएं बाद में चिंता, अवसाद और यहां तक कि शारीरिक बीमारी का कारण बन सकती हैं। अपनी भावनाओं की वास्तविकता को खुले तौर पर और ईमानदारी से स्वीकार करना महत्वपूर्ण है, चाहे वह अच्छा हो, बुरा हो या बदसूरत हो।

एक योग्य मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से संपर्क करें जो आपकी चुनौतियों की जांच करके आवेग के द्वार खोलने, सोचने और समाधान खोजने में आपकी सहायता कर सकता है। भावनाओं से निपटा जाना चाहिए न कि अपने आप में उसे दबाए रहना। अंत में, याद रखें, हर समय खुश रहने के मोनोक्रोमैटिक विचार पर जोर देकर, हम न केवल खुद को बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी चोट पहुंचा रहे हैं, जिनकी हम परवाह करते हैं।

**(लेखक लेट अस टॉक के संस्थापक हैं और एक मानसिक और भावनात्मक कल्याण प्रशिक्षक हैं।)**

# गेंदबाजों ने दिलायी भारत को मामूली बढ़त

## बुमराह ने पांच विकेट चटकाए, टीम इंडिया की दूसरी पारी में खराब शुरुआत

### ●दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 210 पर सिमटी

**भाषा**। केपटाउन

**जसप्रीत** बुमराह के पांच विकेट की मदद से भारत ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर समेटकर पहली पारी में बढ़त बना ली लेकिन दूसरी पारी में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट फिर जल्दी गंवा दिए। बुमराह ने 23.3 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिए और एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा उन्होंने सातवीं बार किया है। मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने भी दो दो विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में 223 रन बनाए थे जिससे उसे 13 रन की बढत मिल गई। दूसरी पारी में मयंक अग्रवाल (सात) और केएल राहुल (10) सस्ते में आउट हो गए। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 57 रन बना लिए थे। कप्तान विराट कोहली 14 और चेतेश्वर पुजारा नौ रन बनाकर खेल रहे हैं।

पिछले मैच में शॉर्ट पिच गेंदें डालने के लिए आलोचना झेलने वाले बुमराह ने अपने प्रदर्शन से आलोचकों को जवाब दिया। उन्होंने अपनी लैंग्थ में मामूली बदलाव करके आफ स्टम्प पर फुल लैंग्थ गेंदें डाली जिसका उन्हें फायदा भी मिला। ऐसी ही एक गेंद पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक 72 रन बनाने वाले कीगन पीटरसन को दूसरी स्लिप में चेतेश्वर पुजारा के हाथों लपकवाया।

कोहली ने दूसरे दिन गेंदबाजी में सटीक बदलाव किए और स्लिप में दो कैच लपकने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 100 कैच पूरे कर लिए। उमेश यादव की गेंद पर उन्होंने दूसरी स्लिप में रासी वान डेर डुसेन का कैच लपका। वैसे भारत को मैच में लौटाने का श्रेय मोहम्मद शमी को जाता है। शमी ने 56वें ओवर में तेम्बा बावुमा (28) और काइल वेरेन्ने (0) को आउट करके मेजबान टीम को लगातार दो झटके दिए। बावुमा का कैच कोहली ने लपका जबकि वेरेन्ने ने ऋषभ पंत को कैच थमाया। बुमराह ने चाय से ठीक पहले मार्को जेनसन को बोल्ड किया। पीटरसन को दो बार जीवनदान मिला जब शारदुल ठाकुर की गेंद पर पहली स्लिप में कोहली ने उनका कैच छोड़ा चूंकि गेंद उनके सामने आकर गिरी थी। इसके बाद कोहली ने दूसरी स्लिप में पहली स्लिप से कुछ कदम आगे आकर खड़े होने का फैसला किया क्योंकि गेंद सामने टप्पा खा रही थी। न्यूलैंड्स की पिच पर सेंचुरियन या वांडरर्स जैसा उछाल नहीं है। ऐसे में सुबह बुमराह ने शानदार गेंद पर मार्कराम का आफ स्टम्प उखाड़ा चूंकि बल्लेबाज को लगा कि गेंद सीधी आएगी और वह चकमा खा गए। महाराज को उमेश ने आउटस्विंगर पर बोल्ड किया।


रासी वान डेर डुसेन का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते उमेश यादव


अर्धशतक पूरा करने के बाद कीगन पीटरसन

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी** : 223 रन

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी** : डीन एल्गर का पुजारा बो बुमराह 3, एडेन मार्कराम बो बुमराह 8, केशव महाराज बो यादव 25, कीगन पीटरसन का पुजारा बो बुमराह 72, रासी वान डेर डुसेन का कोहली बो यादव 21, तेम्बा बावुमा का कोहली बो शमी 28, काइल वेरेन्ने का पंत बो शमी 0, मार्को जेनसन बो बुमराह 7, कैगिसो रबाडा का बुमराह बो ठाकुर 15, डुआने ओलिवियर नाबाद 10, लुंगी एंगिडि का अश्विन बो बुमराह 3

अतिरिक्त : 18 रन

कुल योग : 76 . 3 ओवर में 210 रन

विकेट पतन : 1-10, 2-17, 3-45, 4-112, 5-159, 6-159, 7-176, 8-179, 9-200

गेंदबाजी : बुमराह 23.3-8-42-5, यादव 16-3-64-2, शमी 16-4-39-2, ठाकुर 12-2-37-1, अश्विन 9-3-15-0

भारत दूसरी पारी : राहुल का मार्कराम बो जेनसन 10, मयंक अग्रवाल का एल्गर बो रबाडा 7, चेतेश्वर पुजारा नाबाद 9, विराट कोहली नाबाद 14

अतिरिक्त : 17 रन

कुल योग : 17 ओवर में दो विकेट पर 57 रन

विकेट पतन : 1-20, 2-24

गेंदबाजी : रबाडा 6-1-25-1, ओलिवियर 2-0-13-0, जेनसन 5-3-7-1, एनगिडि 3-3-0-0, महाराज 1-1-0-0

# स्टेन ने टेस्ट क्रिकेट में फ्री हिट शुरू करने का सुझाव दिया



**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने टेस्ट क्रिकेट में फ्री हिट नियम को शुरू करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे पुछल्ले बल्लेबाजों को लंबे ओवरों में बचने से मदद मिलेगी जिसमें गेंदबाज नो बॉल फेंकते हैं। सीमित ओवर के क्रिकेट में अगर गेंदबाज पैर की गलती से नो बॉल डालता है तो बल्लेबाजी कर रही टीम को फ्री हिट दिया जाता है। स्टेन ने बुधवार को ट्वीट किया, टेस्ट क्रिकेट में नो बॉल के लिए फ्री हिट, आप क्या सोचते हो? इससे निश्चित रूप से गेंदबाजों को बल्लेबाजी करते हुए उन सात-आठ गेंद तक हुए और कभी कभी नौ गेंद के ओवर में बचे रहने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए शीर्ष स्तरीय खतरनाक तेज गेंदबाज की छह गेंद का सामना करना ही काफी होता है। स्टेन की यह प्रतिक्रिया भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अंतिम टेस्ट के दौरान आई। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंसा की जिन्होंने 42 रन देकर पांच विकेट झटके। स्टेन ने कहा कि इस पर चर्चा करना दिलचस्प होगा। यहां गंभीर टेस्ट मैच हो रहा है।

# सुंदर की जगह जयंत को मिला मौका

### ●अफ्रीका दौरे के लिए वनडे टीम का ऐलान

**भाषा**। मुंबई



**आफ** स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को कोरोना संक्रमण के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है जिनकी जगह जयंत यादव को शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को भी मोहम्मद सिराज के विकल्प के तौर पर रखा गया है। सिराज हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि टीम इंडिया के आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी एक दिवसीय श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया है। इसमें कहा गया कि सुंदर को बुधवार को वनडे टीम के बाकी सदस्यों के साथ केपटाउन जाना था जहां वह 19 जनवरी से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला के लिए बाकी टीम से जुड़ते। पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय चयन समिति ने सुंदर की जगह जयंत को चुना। सिराज हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे हैं जो उन्हें जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान लगी थी। वनडे श्रृंखला का पहला मैच 19 जनवरी को पार्ल में, दूसरा 21 जनवरी को पार्ल में ही और तीसरा केपटाउन में खेला जाएगा।

**टीम** : केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शारदुल ठाकुर, सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

# रोहित और कोहली की टेस्ट रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं

**भाषा**। दुबई



**चोट** के कारण टीम से बाहर चल रहे रोहित शर्मा और कप्तान विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा विश्व रैंकिंग में क्रमश: पांचवें और नौवें स्थान पर बने हुए हैं। रोहित के 781 रेटिंग अंक हैं जबकि कोहली 740 अंक लेकर शीर्ष 10 में बने हुए हैं।

बल्लेबाजी सूची में आस्ट्रेलिया के मार्नश लाबुशेन शीर्ष पर हैं। उनके 924 अंक है। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट (881) और आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (871) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (862) हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल एक पायदान नीचे 13वें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों की सूची में भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 861 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हैं। उनके अलावा कोई भी अन्य भारतीय गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिन्स शीर्ष पर हैं। उनके बाद अश्विन और न्यूजीलैंड काइल जैमीसन का नंबर आता है। जैमीसन छह पायदान ऊपर चढ़े हैं। अश्विन टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी दूसरे स्थान पर कायम हैं। इस सूची में वेस्टइंडीज के जैसन होल्डर शीर्ष पर हैं। अन्य खिलाड़ियों में चौथे एशेज टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले उस्मान ख्वाजा ने 26वें स्थान पर पहुंचकर बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया।

# भारत ने अंडर-19 विश्व कप अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया को हराया

**भाषा**। प्रोविडेन्स **( गयाना )**

**सलामी** बल्लेबाज हनूर सिंह के नाबाद 100 रन की मदद से भारत ने अंडर-19 विश्व कप से पहले अभ्यास क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद कप्तान कूपर कोनोली के 117 रन की मदद से 49.2 ओवर में 268 रन बनाए। कोनोली ने अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के लगाए।

हनूर ने 16 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। उन्हें शेख राशिद का अच्छा सहयोग मिला जिन्होंने 72 रन की पारी खेली। दोनों खिलाड़ी रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे और तब कप्तान यश दुल (नाबाद 50) ने टीम को 15 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य तक पहुंचाया। टूर्नामेंट शुक्रवार को शुरू होगा जिसमें भारत का पहला मुकाबला शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा। अन्य मैचों में बांग्लादेश, इंग्लैंड और पाकिस्तान ने भी प्रभावशाली जीत दर्ज की।

# पीएसजी ने कतर, सऊदी अरब का दौरा रद्द किया

**भाषा**। पेरिस

**पेरिस** सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने कोरोना वायरस से जुड़ी चिंताओं के कारण बुधवार को खाड़ी क्षेत्र की अपनी आगामी यात्रा रद्द कर दी। फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग की तालिका में पहले स्थान पर काबिज इस टीम को रविवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए कतर जाना था और फिर 19 जनवरी को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में एक मैत्री मैच के लिए मैदान पर उतरना था।

पीएसजी ने कहा कि फ्रांस में स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए, पेरिस सेंट-जर्मेन ने अपने कर्मचारियों और खिलाड़ियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कतर विंटर टूर 2022 को स्थगित करने का फैसला किया है। इस क्लब का स्वामित्व कतर के शाही परिवार के पास है। पीएसजी के कई खिलाड़ी भी पिछले दिनों कोरोना वायरस के चपेट में आ चुके है।

# एशियन गेम्स में भारतीय टीम के चीफ डे मिशन होंगे भूपिन्दर सिंह

**संवाददाता**। मेरठ



**भारतीय** वुशू संघ के अध्यक्ष मेरठ निवासी भूपिन्दर सिंह बाजवा को 19वें एशियन गेम्स में भाग लेने वाली भारतीय टीम का चीफ डे मिशन बनाया गया है। चीन के हांगजोउ शहर में 10 से 25 सितम्बर, 2022 में होने जा रहे 19वें एशियन गेम्स में भाग लेने वाले भारतीय दल के चीफ के रूप में बाजवा की नियुक्ति भारतीय ओलंपिक संघ ने की है।

भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिन्दर बत्रा ने गत सोमवार को इस बाबत पत्र जारी कर दिया है। भूपिन्दर सिंह बाजवा भारतीय वुशू संघ के पिछले कई वर्षों से अध्यक्ष हैं। उनके कार्यकाल में भारतीय वुशू टीम ने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तमाम मेडल अर्जित करके देश का नाम रोशन किया है। श्री बाजवा इससे पहले भी भूपिन्दर बाजवा दक्षिण कोरिया के इंचियोन शहर में हुए 18वें एशियन गेम्स में बतौर डिप्टी चीफ डे मिशन की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। भारतीय वुशू संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह बाजवा, विशेष कार्याधिकारी सुहेल अहमद समित मेरठ के तमाम खेल संघों के पदाधिकारियों ने भूपिन्दर बाजवा को भारतीय दल का चीफ नामित करने पर शुभकामनाएं दी हैं।

**बीएफआई ने पूर्व महासचिव जय कोवली निलंबित किया**

**नई दिल्ली**। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने अपनी अनुशासनात्मक समिति के फैसले के बाद अपने पूर्व महासचिव और महाराष्ट्र राज्य संघ के अध्यक्ष जय कोवली को निलंबित कर दिया। समिति ने कहा कि वह मौजूदा भूमिका में अपने कर्तव्यों का पालन करने में असफल रहे।

कोवली एक रेफरी और जज भी हैं। महासंघ के एक शीर्ष सूत्र ने कहा कि उन्हें कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के लिए भारत और विदेश में सभी मुक्केबाजी संबंधित गतिविधियों से रोक दिया गया है।

# आईपीएल नीलामी में मेरा नाम निश्चित रूप से होगा : स्टार्क

**होबार्ट**। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क लंबे समय तक दूर रहने के बाद व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी पर विचार कर रहे हैं। व्यस्त कार्यक्रम में उप महाद्वीप का दौरा और इस साल के अंत में टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव शामिल है।

स्टार्क अंतिम बार आईपीएल में 2015 में खेले थे। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने अभी तक फैसला नहीं किया है लेकिन लीग की नीलामी में उनका नाम जरूर शामिल होगा जिसके लिए नामांकन शुक्रवार को बंद हो जाएगा।

स्टार्क ने 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 9.4 करोड़ रूपए का अनुबंध हासिल किया था लेकिन चोटिल होने के कारण उन्हें रिलीज करना पड़ा था।

आगामी सत्र के लिए मेगा नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरू में होगी।

# ऑस्ट्रेलिया में मिली सफलता, भारत के महानतम प्रदर्शन में से एक : गावस्कर

### ●भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए सीरीज 2-1 से जीती थी

**भाषा**। मुंबई

**पिछले** साल ऑस्ट्रेलिया में चोटों से जूझने के बावजूद भारत की अविश्वसनीय टेस्ट जीत को याद करते हुए महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि यह प्रदर्शन टीम की अब तक की सबसे बड़ी सफलता में से एक है और इसे देश के क्रिकेट इतिहास का स्वर्णिम अध्याय माना जा सकता है।

श्रृंखला के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में अपने सबसे कम स्कोर महज 36 रन पर आउट होने और करारी शिकस्त झेलने के बाद भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम ने मेलबर्न में जीत दर्ज की और फिर सिडनी में मुश्किल परिस्थियों में रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी के संघर्ष ने मैच को ड्रा करवाया। ऑस्ट्रेलिया का अभेद्य किला माना जाने वाला गाबा (ब्रिसबेन) मैदान पर खेले गए निर्णायक मैच में भारत ने आखिरी दिन ऋषभ पंत की शानदार बल्लेबाजी से यादगार जीत दर्ज की।

गावस्कर ने कहा कि पिछले साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में भारत की जीत भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी सफलता में से एक मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि अपने सबसे कम टेस्ट स्कोर 36 रन पर आउट होने के बाद मनोबल को उठाना और फिर एक बड़ी टीम को उसकी घरेलू सरजमीं पर हराना खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प के अलावा कप्तान, कोच रवि शास्त्री और उनके समर्थन समूह द्वारा निभाई गई नेतृत्व भूमिकाओं को दर्शाता हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि मुझे इस दौरान वहां मौजूद रहने और भारतीय क्रिकेट के इतिहास के एक सुनहरा अध्याय को देखने का सौभाग्य मिला। भारत की जीत की एक साल पूरा होने के जश्न को मनाने के लिए डाउन अंडरडॉग्स - इंडियाज ग्रेटेस्ट कमबैक नामक एक विशेष डॉक्यूमेंट्री-श्रृंखला का निर्माण किया गया है, जिसका प्रीमियर (प्रसारण) 14 जनवरी को होगा और इसमें 72 साल के गावस्कर की टिप्पणी भी है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क उस दौरे पर मनोबल तोड़ने वाली शुरुआती हार के बाद जिस तरह से भारत ने संघर्ष किया उसके लिए वह हर तरह के श्रेय का हकदार है। क्लार्क ने कहा कि भारत ने एक ऐसा गेंदबाजी आक्रमण चुना, जो काम कर गया। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि अलग-अलग गेंदबाज, क्योंकि हर कोई एक जैसी गेंदबाजी नहीं करता है।

# कोविड संक्रमण का पता चलने के बाद भी पृथकवास पर नहीं जाना गलती थी

**एपी**। मेलबर्न



**दुनिया** के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि उन्होंने कोरोना संक्रमण का पता चलने के बाद भी पिछले महीने सर्बिया में एक अखबार के साक्षात्कार और फोटो शूट में भाग लेने की गलती की जबकि उन्हें ऐसा करने की बजाय पृथकवास पर चले जाना चाहिए था।

नोवाक जोकोविच ने यह स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि पिछले सप्ताह मेलबर्न आगमन पर उनके आव्रजन दस्तावेजों में कैसे गलतियां हुई। कोविड-19 टीकाकरण मामले में जोकोविच का वीजा पहले रद्द और फिर बहाल कर दिया लेकिन इस कारण उनकी आस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने को लेकर संशय की स्थिति बन गई। यह बयान जोकोविच के सोशल मीडिया अकाउंट पर बुधवार को पोस्ट किया गया जबकि पुरुष वर्ग में विश्व का नंबर एक खिलाड़ी रॉड लावेर एरेना में आस्ट्रेलिया के 20 वर्षीय खिलाड़ी ट्रिस्टिन स्कूलकेट के साथ अभ्यास कर रहा था।

आस्ट्रेलियाई ओपन में नौ बार के और मौजूदा चैंपियन का अगले सोमवार से शुरू होने वाले साल के पहले ग्रैंडस्लैम में भाग लेने को लेकर अब भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। जोकोविच को अदालत ने देश में रहने की अनुमति दे रखी है लेकिन उन्होंने कोविड-19 के लिए टीकाकरण नहीं किया है और उन्हें अब भी निर्वासित किया जा सकता है। उन्होंने संक्रमित होने के बावजूद पिछले महीने अपने देश सर्बिया में कार्यक्रमों में भाग लिया था तथा उन्होंने आस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए आव्रजन फॉर्म में गलतियां की थी।

# प्रजनेश हार के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर्स से बाहर

**एपी**। मेलबर्न

**भारत** के प्रजनेश गुणेश्वरन बुधवार को यहां दूसरे दौर में जर्मनी के मैक्सिमिलन मार्टरर से सीधे सेटों में हारकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफायर्स से बाहर हो गए। प्रजनेश ने रैंकिंग में अपने से सात स्थान नीचे मार्टरर को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे 26 मिनट तक चले मैच में 2-6, 6-7(8) से हार का सामना करना पड़ा।

प्रजनेश की हार से अब भारत का दारोमदार युकी भांबरी पर टिका है। रामकुमार रामनाथन और अंकिता रैना पहले ही क्वालीफायर्स से बाहर हो गए हैं। प्रजनेश एक समय 2-6, 2-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन वह दूसरे सेट को टाईब्रेकर तक खींचने में सफल रहे। उनके पास एक बार सेट जीतने का भी मौका था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए।

# साइना नेहवाल, प्रणय व सेन दूसरे दौर में

### इंडिया ओपन बैडमिंटन

**भाषा**। नई दिल्ली




**पूर्व** चैम्पियन साइना नेहवाल, विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने बुधवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर इंडिया ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी पुरूष युगल में जीत से शुरूआत की। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना अपनी प्रतिद्वंद्वी चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा के पीठ में चोट के कारण मैच के बीच में रिटायर होने के कारण दूसरे दौर में पहुंच गईं। टेरेजा शुरूआती दौर के मैच में 20-220-1 से पिछड़ रही थीं। चौथी वरीय साइना का सामना अब हमवतन मालविका बंसोड़ से होगा जिन्होंने साथी भारतीय सामिया इमाद फारूखी को एक अन्य महिला एकल मैच में 21-18, 21-9 से हराया। वापसी की कोशिश में जुटे आठवें वरीय प्रणय ने पुरुष एकल में स्पेन के पाब्लो अबियान को 21-14, 21-7 से पराजित किया और अब उनका सामना मिथुन मंजूनाथ से होगा जिन्होंने फ्रांस के अर्नाड मर्कल पर कड़े मुकाबले में 21-16, 15-21, 21-10 से जीत दर्ज की। पिछले महीने पदार्पण में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक जीतने वाले तीसरे वरीय सेन ने मिस्र के एधम हातेम एगामाल को 21-15 21-7 से हराया। सात्विक और चिराग की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने चिराग अरोड़ा और रवि की हमवतन जोड़ी को 21-14 21-10 से हराकर केडी जाधव इंडोर हॉल में बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की दूसरी वरीय जोड़ी ने भी हमवतन जनानी अनंतकुमार और दिव्या आर बालासुब्रमण्यम पर 21-7, 19-21 21-13 की जीत से दूसरे दौर में स्थान सुनिश्चित कर लिया। अन्य भारतीयों में आकर्षी कश्यप ने हमवतन अनुरा प्रभुदेसाई को 21-14, 21-14 से हराया जबकि राहुल यादव चिट्टाबोइना को स्पेन के लुईस एनरिक पेनालवर के हटने से वॉकओवर मिला। आकर्षी का सामना केयुरा मोपाटी से होगा जिन्होंने स्मित तोशनीवाल को 15-21 21-19 21-8 से हराया।

राहुल आयरलैंड के एनहट एनगुएन के सामने होंगे जिन्होंने एक अन्य पुरूष एकल मुकाबले में अजय जयराम को 19-21, 21-7, 21-14 से हराकर बाहर किया। तान्या हेमंत ने एक अन्य महिला एकल मैच में साई उत्तेजिता राव चुक्का को 9-21 21-12 21-19 से हराया। प्रियांशु राजावत शुरूआती बाधा में फ्रांस के लुकास क्लेरबाउट से हार गए।